सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 42.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या: SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-340 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 22 मई 2024

13 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी


हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com



■ काशी में पीएम का नारी शक्ति संवाद, महिलाओं को वोटिंग बढ़ाने का फार्मूला बताया

# इंडी गठबंधन ही महिला विरोधी : मोदी

### मांगा आर्शीवाद

- हमारी सरकार ने महिलाओं की चिंता की
- वाराणसी के लोग यूपी-बिहार दोनों के जंगलराज से परिचित हैं
- अब मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नारी शक्ति संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहली बार है जब मैंने काशी का नामांकन अपनी मां के बिना किया है, मां गंगा ही मेरी मां हैं। मैंने इसलिए कहा था कि मां गंगा ने मुझे पहले काशी बुलाया था अब मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया। उत्तर प्रदेश के वाराणसी में नारी शक्ति संवाद ने एक गाने का हवाला देते हुए कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि महँगाई दयान खाए जात है। इंडिया गठबंधन वाले महिलाओं को आरक्षण का विरोध करते हैं। जहां इनकी सरकार आती है वहां महिलाओं का जीना दुभर हो जाता है। वाराणसी के लोग उत्तर प्रदेश-बिहार दोनों के जंगलराज से परिचित हैं। बेटियों को सुरक्षा के डर से पढ़ाई छोड़कर घर बैठना पड़ता था और सपा वाले बेशर्मी से कहते थे लड़के हैं, लड़कों से तो गलती हो जाती है। आज सपा के लड़के गलती करें, योगी आदित्यनाथ की सरकार उनका वह हाल करेगी जो उन्होंने सोचा भी नहीं होगा। पीएम मोदी ने कहा कि देश में पहली बार सरकार की नीतियों से लेकर निर्णय तक माताएं, बहनें, महिलाएं केंद्र में आई हैं। आप बताइए जब घर आपके बिना नहीं चलता तो देश आपके बिना कैसे चलता, यह बात 60 वर्षों तक सरकारों को समझ नहीं आई।

#### जन औषधी केंद्रों पर 80 प्रतिशत डिस्काउंट

कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के माध्यम से हर सरकारी अस्पतालों में उच्च गुणवत्ता की जैनरिक दवाइयां दी जाती हैं। पांच-पांच सौ की दवाइयां 70 से 80 रुपये मे मिल रही हैं। इससे मरीज अपनी बीमारियों का इलाज तन-मन से कर रहे हैं। धन के बारे में उन्हें नहीं सोचना पड़ रहा है।

#### सरकार ने पीएम आवास बनावाया

पीएम मोदी ने चार करोड़ से ज्यादा पीएम आवास बनवाए गए, ताकी महिलाएं भी घर की मालकिन बन सकें। योजना के माध्यम से नारीशक्ति को आत्मविश्वास मिला। यही मेरा मिशन और मेरी सोच थी। आने वाले दिनों में और सरकारी आवास मिलेंगे। महिलाओं को लाभ मिलेगा।

# मनीष सिसोदिया को हाईकोर्ट से झटका

### घोटाला

- सीबीआई और ईडी दोनों मामलों में जमानत अर्जी खारिज



**नई दिल्ली।** शराब नीति केस से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को मंगलवार 21 मई को हाईकोर्ट और राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। दिल्ली हाईकोर्ट ने उनकी जमानत को खारिज कर दिया। वे राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे थे। निचली अदालत ने 30 अप्रैल को उन्हें जमानत नहीं दी थी।

उधर, सुबह राउज एवेन्यू कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी। आज उनकी न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, इसलिए उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जेल से कोर्ट में पेश किया गया। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा, सिसोदिया प्रभावशाली व्यक्ति हैं। कई लोगों ने उनके खिलाफ स्टेटमेंट दिया है। इसलिए इस संभावना को नहीं नकारा जा सकता है कि वे जमानत पर बाहर आकर इन लोगों को बयान बदलने के लिए कह सकते हैं। अदालत ने हफ्ते में एक दिन बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दे दी। सिसोदिया करीब 15 महीने से तिहाड़ में बंद हैं। उन्हें सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था। वहीं, ईडी ने 9 मार्च 2023 को सीबीआई की एफआईआर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। 28 फरवरी 2023 को सिसोदिया ने दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। हाईकोर्ट ने कहा, यह केस सत्ता के दुरुपयोग का है। इनका मकसद था, ऐसी पॉलिसी बनाना जो कुछ लोगों के लिए फायदेमंद रहे और जिससे इन्हें कुछ मुनाफा मिलता रहे। याचिकाकर्ता के ऐसी पॉलिसी डिजाइन करने की इच्छा करते ही भ्रष्टाचार शुरू हो गया था। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में जो सबूत सामने आए हैं, उससे पता चलता है कि सिसोदिया ने अपने मुताबिक नतीजे दिखाने के लिए पब्लिक फीडबैक में छेड़छाड़ की।

# भारत पहुंचा कोरोना के केपी-1 और केपी 2 वैरिएंट का संक्रमण

### मुसीबत

- सिंगापुर के बाद भारत में कोरोना के नए वैरिएंट की दस्तक
- चपेट में 300 से ज्यादा लोग मिले



**सिंगापुर।** सिंगापुर में कोरोना की नई लहर से दुनियाभर के देश चिंतित हैं। अब पता चला है कि सिंगापुर में कोरोना के जिस वैरिएंट ने तबाही मचाई हुई है, उसके मामले भारत में भी मिले हैं।

भारत में कोरोना के मामलों पर निगरानी रखने वाले इंडियन सार्स कोव-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम के डाटा से इस बात का खुलासा हुआ है। डाटा के अनुसार, भारत में कोरोना वैरिएंट केपी1 के 34 और केपी2 के 290 मामले सामने आए हैं। डाटा के अनुसार, देश के सात राज्यों में केपी1 के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा पश्चिम बंगाल में 23 मामले मिले हैं। वहीं गोवा (1), गुजरात (2), हरियाणा (1), महाराष्ट्र (4), राजस्थान (2), उत्तराखंड (1) केपी1 संक्रमित मरीज मिले हैं। वहीं केपी2 से संक्रमित मरीजों की संख्या देश में 290 है, जिनमें से सबसे ज्यादा मरीज महाराष्ट्र में (148) पाए गए हैं। साथ ही दिल्ली (1), गोवा (12), गुजरात में (23), हरियाणा (3), कर्नाटक (4), मध्य प्रदेश (1), ओडिशा (17), राजस्थान (21), उत्तर प्रदेश (8), उत्तराखंड में (16) और पश्चिम बंगाल में 36 मरीजों का पता चला है।

## मेरे पास बेगुनाही के सबूत : बृजभूषण सिंह

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय कर दिए। अदालत ने अभियोजन पक्ष को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट से बाहर आने पर बृजभूषण ने कहा कि मैं पहले ही अपनी बेगुनाही का सबूत दे चुका हूं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष पेश आरोपियों ने पूछने पर अपना अपराध स्वीकार करने से इनकार करते हुए स्वयं को बेकसूर बताते हुए मुकदमे का सामना करने का तर्क रखा। सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप भी तय किया गया है।

# ओडिशा में भी हर जगह कमल खिलेगा: शाह

## पांच चरणों के मतदान में भाजपा ने पार किया 310 सीटों का आंकड़ा

### पलटवार

- अब छठा और सातवां चरण सुनिश्चित करेगा 400 पार का लक्ष्य
- तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का है चुनाव

शाह ने कहा कि देश भर के मतदाताओं के लिए सिर्फ 400 पार का लक्ष्य है। मगर मेरे ओडिया भाइयों को इसके साथ-साथ विधानसभा में भी 75 से ज्यादा सीटों पर कमल खिलाना है। इस बार ओडिशा में हर जगह कमल खिलेगा। चुनाव के पांच चरण ख़त्म हो चुके हैं और मोदी जी 310 पार कर चुके हैं! अब छठा और सातवां चरण सुनिश्चित करेगा 400 पार। उन्होंने कहा कि ये चुनाव देश को समृद्ध, सुरक्षित और मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। वहीं दूसरी ओर ओडिशा को समृद्ध करने और ओडिया भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के सम्मान को फिर से प्रस्थापित करने का चुनाव है।



**भुवनेश्वर।** गृह मंत्री अमित शाह ने ओडिशा में चुनावी प्रचार के दौरान दावा किया कि भाजपा ने चुनाव के पांच चरणों के मतदान में 310 सीटों का आंकड़ा पार कर लिया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश भर में 5 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं। इन 5 चरणों में मोदी जी 310 पार कर गए हैं, अब छठे और सातवें चरण में आपको मोदी जी को 400 पार कराना है। हम ऐसा ओडिशा बनाना चाहते हैं, जिसमें किसी युवा को अपना परिवार छोड़कर किसी अन्य राज्य में मजदूरी करने न जाना पड़े। उसे अपने प्रदेश में ही काम मिल जाए। आप भाजपा की सरकार बना दीजिए, हम मेहनत करने वाला युवा और जोशीला मुख्यमंत्री देकर ओडिशा को समृद्ध बनाएंगे।

## अनुप्रिया पटेल के खिलाफ मिर्जापुर में प्रचार करेंगे राजा भैया

**लखनऊ।** केंद्रीय मंत्री और अपना दल (एस) की प्रमुख अनुप्रिया पटेल का बयान वायरल होने के बाद चुनाव में अब नया मोड़ आ गया है। राजा भैया की टीम ने अब मिर्जापुर में अनुप्रिया पटेल के खिलाफ चुनाव प्रचार करने का एलान किया है। चर्चा यह भी है कि स्वयं रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया भी प्रचार में आ सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो क्षत्रिय वोटों का बंटवारा हो सकता है। इससे भाजपा अपना दल गठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। अनुप्रिया का बयान कि रानी के पेट से राजा पैदा नहीं होते, लोकतंत्र में ईवीएम के बटन से राजा बनते हैं चर्चा में है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल है। अनुप्रिया का यह बयान राजा भैया के समर्थकों को नागवार गुजरा और उन्होंने मिर्जापुर आकर भाजपा गठबंधन के खिलाफ चुनाव प्रचार करने की घोषणा की है।

# भारत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता: श्रीलंका

### सुरक्षा

- भारत को खतरे में डालकर चीन से रिश्ते नहीं बनाएंगे
- अच्छे पड़ोसी की तरह रक्षा करेंगे



**कोलंबो।** श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है।

एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे। श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे।

अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे। साबरी ने कहा कि हाल ही में चीन भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर बनकर सामने आया है। इसी तरह श्रीलंका भी भारत के साथ मिलकर काम करना चाहता है, लेकिन हम तीसरे पक्ष को कभी भी खतरे में नहीं डालेंगे। भारत ने पिछले साल श्रीलंकाई द्वीप पर चीनी जहाज के रुकने को लेकर चिंता जताई थी। तब भारत ने कहा था कि चीन अपने रिसर्च वैसल्स के जरिए भारत की जासूसी करने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद श्रीलंका ने सितंबर 2023 में चीन के जहाजों को अपने देश में रुकने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। श्रीलंकाई विदेश मंत्री साबरी ने कहा था कि भारत की चिंता हमारे लिए बेहद अहम है। हमने इसके लिए अब एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनाया है और इसे बनाते वक्त भारत सहित दूसरे दोस्तों से सलाह भी ली थी।

**संबोधन** — भाजपा सरकार में दुनिया में बढ़ा है सम्मान

# भाजपा ने किया है सभी का विकास : योगी

इरशाद सिद्दीकी

- सपा और कांग्रेस के नेताओं के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुसी है
- आतंकवाद व नक्सलवाद का हुआ है सफाया



**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को भाजपा द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज प्रांगण में लोकसभा प्रत्याशी जगदंबिका पाल के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संबोधित किया। वह जनसभा में हेलीकॉप्टर से तय समय से पहले ही पहुंचे और हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक कार पर सवार होकर पहुंचे।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि इंडी गठबंधन जनता को जाति और धर्म में बांटकर देश को लूटना चाहता है। उन्होंने बताया कि भारत का नागरिक दुनिया में कही भी जाए तो उसका सम्मान होता है, भाजपा की सरकार में दुनिया में सम्मान बढ़ा है, सीमाएं सुरक्षित है, आतंकवाद और नक्सलवाद का सफाया हुआ है, अब तो पटाखा भी जोर से फटेगा तो पाकिस्तान पहले सफाई देता हैं मेरा हाथ नही है, क्योंकि पाकिस्तान को पता है ये नया हिंदुस्तान है, ये नया भारत है, पहले छेड़ेगा नही, लेकिन अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेगा भी नही। इसी लिए अब वह भारत के अंदर कोई गतिविधि करते हुए भयभीत होता है क्योंकि वह जानता है कि भारत के जवान एयर स्टाइक व सर्जिकल स्टाइक के लिए तैयार बैठे हैं। मुख्यमंत्री योगी ने बताया की अयोध्या में हमे अवसर मिला तो प्रभु श्री राम को मंदिर में विराजमान करवा दिया गया, और उनकी सरकार में राम भक्तो पर गोली चलवाई जाती थी। उन्होंने बताया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुसी है।

अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आई तो यह लोग विरासत टैक्स के रूप में औरंगजेब का जजिया कर वसूलेंगे। इससे आपको सावधान रहना होगा। देश में एक बार फिर मोदी सरकार बनाकर विरोधियों को जवाब भी देना होगा। सभी लोग एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करें। हम भेदभाव नहीं करते बल्कि सबका साथ, सबका विकास के भाव के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, इंडी गठबंधन जनता को जाति और धर्म में बांटकर देश को लूटना चाहता है, जिसे हम होने नहीं देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा, जनता भी उनके मंसूबों को जान गयी है इसलिए वह एक स्वर में कह रही है कि एक बार फिर मोदी सरकार और अब की बार 400 पार। जनता इन्हें जवाब दे रही है कि जो राम को लाए हैं हम उन्हें लाएंगे।

(पूरी खबर पेज-3 पर)




## डीसीएम ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, किशोर की मौत

**सहारनपुर।** थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत एक डीसीएम की चपेट में आने से साइकिल सवार किशोर की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेते हुए डीसीएम चालक की तलाश शुरू कर दी है।

थाना नागल क्षेत्रान्तर्गत गांव बोहडूपुर निवासी सेठपाल बाल्मीकि कोटा स्थित एक चिकित्सक के यहां सफाई का कार्य करता है। जानकारी के अनुसार सेठपाल पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहा है, जिसके चलते सेठपाल का 16 वर्षीय पुत्र रोहित आज सुबह करीब 7 बजे चिकित्सक की दुकान से साफ सफाई कर साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह राजकीय महिला महाविद्यालय के मार्ग के समीप पहुंचा, तभी सिडकी से कोटा की ओर जा रहे एक डीसीएम ने अपनी चपेट में ले लिया।

# कम खरीद करने वाले केन्द्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने कहा कि 31 मई तक प्रत्येक केन्द्र पर 400 कुंतल की खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होने सभी केन्द्र प्रभारियों, जिला प्रबन्धकों, मण्डी सचिवों को कृषकों से व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क करके गेहूँ क्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही सहकारिता विभाग के केन्द्र प्रभारी संगाठेड़ा की खरीद अत्यन्त कम होने के कारण इनको कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में रबी विपणन वर्ष 2024-25 में कृषकों से की जा रही गेहूँ खरीद की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने जनपद में गेहूँ के बड़े व्यापारी, कमीशन एजेण्ट, थोक विक्रेता, फ्लोर मिल मालिक, विलेज व्यापारियों द्वारा गेहूँ के अवैध क्रय, संचरण व भण्डारण पर पैनी निगाह रखने तथा हरियाणा सीमा पर गेहूँ के



अवैध संचरण पर रोक लगाये जाने हेतु गठित कमेटी द्वारा उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होने जनपद में सबसे कम गेहूँ खरीद करने वाले 25 क्रय केन्द्र प्रभारियों को त्वरित गति से खरीद में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किए जाने के कड़े निर्देश भी दिये।

बैठक में उपस्थित क्षेत्र प्रबन्धक भा0खा0नि0 तथा डिपो प्रबन्धक सी0डब्लू0सी से जिलाधिकारी महोदय द्वारा गेहूँ उतार के सम्बन्ध में वार्ता करते हुए तीव्र गति से गेहूँ का उतार किए जाने के निर्देश दिये गये ताकि गेहूँ खरीद प्रभावित न हो सके। बैठक में उपस्थित जिला खाद्य विपणन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में स्थापित 101 कय केन्द्रों पर निर्धारित कय लक्ष्य 116000 मी0टन के सापेक्ष 25723.149 मी0टन गेहूँ की खरीद 8018 कृषकों से की जा चुकी है, जोकि गतवर्ष गेहूँ खरीद 7443.82 मी0टन से लगभग 3.5 गुना है। डॉ.दिनेश चन्द्र ने खाद्य विभाग द्वारा जारी प्रदेश स्तर सूची में जनपद सहारनपुर दैनिक गेहूँ खरीद में पूरे प्रदेश में अव्वल आने पर बधाई दी एवं निरंतरता बनाए रखने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी जनपद में सर्वाधिक गेहूँ खरीद करने वाली केन्द्र प्रभारी सचिन गोयल को प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इनके साथ-साथ केन्द्र प्रभारी जीत सिंह, नरेन्द्र कुमार, श्रीमती अनुराधा, श्रीमती दीपशिखा, अरविन्द कुमार, नीरज कुमार एवं रजनीश कुमार को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान करते हुए शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया।

## कार सवार बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे युवक को रोककर कर बाइक और मोबाइल लूटा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गोला गोकर्णनाथ कोतवाली क्षेत्र में अलीगंज रोड पर कार सवार बदमाशों ने बाइक से घर लौट रहे युवक को रोककर कर बाइक और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गदियाना वसलीपुर निवासी अय्याज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह रात एक बजे अपने मित्र अनवार पुत्र मुन्?ने निवासी कुकरा की बाइक से घर लौट रहा था। तभी अलीगंज रोड पर किसान भट्ठा के निकट सफेद रंग की स्कार्पियो नें पीछे से पीड़ित को ओवरटेक कर रोक लिया, जिसमें दो बदमाश खाकी रंग के कपड़े पहने थे और एक बदमाश सादे कपड़ों में था। उन्होंने पीड़ित की पिटाई कर बाइक, मोबाइल और आधार कार्ड लूट लिया। बदमाशों के चले जाने पर रात मैं ही अयाज ने घर जाकर



परिवार वालों को घटना की जानकारी दी। बदमाशों की पिटाई से उसके कान का पर्दा फट गया है, जिससे सुनने की क्षमता चली गई है। पीड़ित ने तहरीर देकर घटना का खुलासा कर बाइक, मोबाइल, आधार कार्ड बरामदगी की मांग की है।

## नाले के किनारे पेशाब करने गए किसान पर मगरमच्छ ने किया हमला

**लखीमपुर खीरी।** मझगई क्षेत्र में खेत के पास बहते नाले के किनारे पेशाब करने गए किसान पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मगरमच्छ किसान को नाले में खींच ले गया। ग्रामीणों की मदद से वन विभाग की टीम किसान की तलाश में जुटी है। जानकारी के मुताबिक नया पुरवा निवासी चौधरी मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे चौरी गांव के पास खेत में गन्ना गुड़ाई करने गए थे। लघुशंका आने पर वह खेत के पास नजदीक बह रहे नाले के पास गए थे। वहां पहले से मौजूद मगरमच्छ ने किसान पर हमला कर दिया। उन्हें दबोच कर नाले में खींच ले गया। उनकी चीख सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी।

## तीनों युवकों ने छात्रा की हत्या की रची थी साजिश

**लखीमपुर खीरी।** शहर के देवकली रोड पर सोमवार की दोपहर रेलवे पटरी किनारे छात्रा काव्या का शव मिलने के मामले में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कोतवाली पुलिस की तफ्तीश में एक फुटेज सामने आया है, जिसमें छात्रा के आगे तीन युवक चल रहे हैं। यह फुटेज घटनास्थल से करीब आधा किलोमीटर पहले का है। पुलिस ने फुटेज के आधार पर दो युवकों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की तो बड़ा खुलासा हुआ है। तीनों युवकों ने छात्रा की हत्या की साजिश रची थी। एक युवक से छात्रा की दोस्ती थी। उसी ने छात्रा को बुलाया था। जहां शव मिला था। वहां तीनों युवक छात्रा से बात कर रहे थे। इसी दौरान तीनों ने छात्रा को ट्रेन के आगे फेंक दिया था। घटना के बाद तीनों युवक मौके से फरार हो गए। पुलिस तीसरे युवक को तलाश रही है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पूरा सच सामने आ जाएगा।

## दुष्कर्म आरोपी रमाकांत के विरुद्ध पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी में मुकदमा दर्ज

**लखीमपुर खीरी।** पसगंवा क्षेत्र के एक गांव में 12 मई की सुबह घर के पास पेड़ से 16 साल की किशोरी का शव लटका मिला था। पुलिस ने मौके पर पड़ताल कर शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस की छानबीन में परिजनों ने गांव के युवक रमाकांत पर किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी रमाकांत के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, एससी-एसटी में मुकदमा दर्ज कर लिया। इस बीच पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई कि किशोरी गर्भवती थी। आरोपी रमाकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। माना जा रहा है कि गर्भवती होने पर ही किशोरी ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करने के बाद मंगलवार को आरोपी रमाकांत को गिरफ्तार कर लिया। पसगवां थाना पुलिस के अनुसार रमाकांत कुछ माह पहले किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। तब भी उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। उसे कुछ माह जेल में भी रहना पड़ा। जेल से जमानत पर आने के बाद उसने फिर किशोरी को अपने जाल में फंसा लिया था।

## चिंतन शिविर में किसानों से भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत में आगामी 16 से 18 जून को हरिद्वार में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय चिंतन शिविर को सफल बनाने का आह्वान किया गया और भाकियू कार्यकर्ताओं से भारी संख्या में पहुंचने की अपील की गयी। कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित मासिक पंचायत मे बोलते हुए भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय सचिव चौ. विनय कुमार ने कहा कि आगामी 16,17,18 जून को हरिद्वार में राष्ट्रीय चिंतन शिविर आयोजित किया जायेगा, जिसमें जनपद के कार्यकताओं द्वारा भण्डारे का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने किसानों से चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या मे भागेदारी का आह्वान किया, ताकि चिंतन शिविर में संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ आंदोलन की रणनीति भी बनायी जा सकें। जिलाध्यक्ष चौ.राजपाल सिंह ने कहा कि जनपद की चीनी मिलों द्वारा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान नही करने से उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने किसानों का बकाया भुगतान जल्द से जल्द कराने की मांग की है। अन्यथा जनपद में एक बड़ा आंदोलन जिलाधिकारी कार्यालय पर करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि जनपद में आवारा पशुओं की संख्या बहुत अधिक बढ़ गयी है, जो किसानों के फसलों अत्यंत नुक्सान पहुंचा रहे है। उन्होंने आवारा पशुओं को पकड़कर जल्द से जल्द गौशाला में बंद कराये जाने की मांग की। मासिक पंचायत में रघुबीर सिंह, चौ.अशोक कुमार, उमेश त्यागी, नरेश स्वामी, अरविन्द कुमार, कालुराम प्रधान, अरुण राणा अनूप सिंह, चौ.देशपाल सिंह, सचित कुमार, अजनीश कुमार, पहल सिंह, प्रवीण कुमार, अमित गुजिया, विक्रम सिंह, नदीम अंसारी, पुनीत कुमार, बबली चौधरी, तहसीन, बलेन्द्र, श्यामबीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## श्री करूणा व्याहुला महोत्सव पर धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** श्री करुणा बिहारी जी के ब्याहुला महोत्सव के अंतिम दिन महानगर के विभिन्न स्थानों से भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी, जिसका श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा से जोरदार स्वागत किया। शोभा यात्रा में करूणा बिहारी की पालकी को 56 भोग अर्पण किये गये। नुमाइश कैम्प गोपाल नगर स्थित श्री करुणा बिहारी मंदिर के संस्थाक स्वामी मंगला नंद महाराज के सानिध्य में चल रहे श्री करुणा बिहारी के ब्याहुला महोत्सव के अंतिम दिन निकाली गयी शोभा यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना के साथ भगवाध्वज फहराकर किया गया। शोभा यात्रा गोपाल, केशव नगर, नुमाइश कैम्प के विभिन्न मार्गो से होती हुयी पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में करूणा बिहारी की पालकी की भक्तों ने पूजा वंदना कर 56 भोग के साथ अभिनन्दन किया। बीती रात्रि आयोजित भजन संध्या में यमुनानगर से आये प्रसिद्ध भजन गायक दास बसन्त द्वारा भक्तो को भक्ति भरे भजन सुनाकर झूमने के लिए मजबूर कर दिया। इस दौरान स्वामी मंगला नंद महाराज ने हरिद्वार से आये विश्व विख्यात सन्त स्वामी विवेकानंद महाराज व सन्त उपासना पूरी बाई जी दयाल मन्दिर व पूज्य बाई जी को अंग वस्त्र प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान निमिष काठपाल, महेश गांधी, सन्नी बजाज, राजू गुलाटी, अंकित सचदेवा, आशीष लाला, आशु भंडारी, राजेश, मयंक लूथरा, नमन, शिवम वर्मा, शिवम गुलाटी, राहुल आर्य, निशांत चौहान, ममता चानना, मेघा गांधी, गीता वधवा, पायल परुथी, आशा चौहान, तनीषा बजाज, मीनाक्षी गांधी, पूजा, कृष्ण देवी, रंजीता वर्मा, सोनिया चौहान, वर्षा अंटी, पूनम, श्वेता, महक वर्मा, महक पसरीचा, श्रुति आदि भक्तजन मौजूद रहे।

# योग प्रतियोगिता में देव, पीहू, देवांशी, अभिषेक व वंशिका रहे अव्वल

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** योग आधारित इंग्लिश मीडियम स्कूल नेशन बिल्डर्स एकेडमी में आयोजित योग प्रतियोगिता का समापन किया गया जिसमें देव, पीहू, देवांशी, अभिषेक, वंशिका, जीविका अपने-अपने वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बेरी बाग स्थित नेशन बिल्डर्स एकेडमी में आयोजित योग प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महापौर डा. अजय कुमार सिंह और समारोह अध्यक्ष रवींद्र मिगलानी ने संयुक्त रूप से किया तथा विभिन्न वर्गों आर्टिस्टिक सिंगल 9 से 14 आयु वर्ग पुरुष में प्रथम देव सैनी, द्वितीय शिवा पाल। 9 से 14 आयु वर्ग महिला में पीहू सैनी प्रथम, आरूषि द्वितीय व अवनि राव



ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 18 से 28 आयु वर्ग महिला वर्ग में शुभांशी ने पहला, आस्था ने दूसरा व दीक्षा यादव ने तीसरा स्थान हासिल किया। आर्टिस्टिक सिंगल के 14 से 28 आयु वर्ग पुरुष में अभिषेक प्रथम स्थान पर रहे। आर्टिस्टिक पेयर में 9 से 14 आयु वर्ग महिला में वंशिका जीविका ने प्रथम, 9 से 14 आयु वर्ग पुरुष में येशु पाल ने पहला, अक्षित ने दूसरा व धैर्य देवांश ने तीसरा तथा 14 से 18 आयु वर्ग पुरुष में सार्थक आरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिदमिक पेयर 9 से 14 आयु वर्ग पुरुष में शिवा व वंश ने प्रथम, अक्षित व येशु पाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सभी विजेता खिलाड़ी प्रदेशस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधितव करेंगे। इस अवसर पर महापौर डा. अजय कुमार सिंह व सीआईएस के अध्यक्ष रविंद्र मिगलानी ने विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि योग से उन्हें जीवन ऊर्जा मिलती रही है। उन्होंने योग से मिलने वाली एकाग्रता, सोच और स्वास्थ्य को ऐसा वरदान बताया जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाने वाली कुंजी है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर को वैश्विक पहचान दिलाने वाले योगगुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण के शहर सहारनपुरवासी युवाओं को तो नए मानदंड स्थापित करने चाहिए। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एन के शर्मा, महासचिव नवानीश शर्मा और कार्यक्रम संयोजक अनीता शर्मा ने पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके अभिनंदन किया।

## दरोगा की दबंग पत्नी ने पड़ौसी महिला का सिर फोड़ किया लहूलुहान

### घायल महिला ने दरोगा की पत्नी को डस्टबिन में कूड़ा डालने को कहा था



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली सदर बाजार क्षेत्रान्तर्गत साहब जी नगर में एक दरोगा की पत्नी ने अपनी पड़ौस में रहने वाली महिला के सिर लाठी, डंडों से हमला कर लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं बीच बचाव को आये क्षेत्रीय लोगों पर हमला बोलकर उनको चोटिल कर दिया। मामला डस्टबिन में कूड़ा डालने को लेकर बताया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल महिला के पति की तहरीर पर दरोगा की पत्नी के खिलाफ विभिन्न घाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

घटनाक्रम के मुताबिक साहब जी नगर निवासी दरोगा की पत्नी ने डस्टबिन में कूड़ा न फेंककर सड़क पर गिरा दिया, जब इसका पड़ौसी महिला ने विरोध किया, तो दरोगा की पत्नी रेखा बालियान ने दबंगई दिखाते हुए हथौड़े से मारकर डस्टबिन तोड़ डाला। इस दौरान वहां मौके पर एकत्र हुए आसपास के लोगों ने जब दरोगा की पत्नी की इस हरकत का विरोध किया, तो दरोगा की पत्नी ने अचानक पड़ौसी महिला पर लाठी, डंडों से हमला कर पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। बीच बचाव को आये लोगों को भी इस दौरान चोंटे लगी। घायल महिला के बेहोश होने पर अफरा तफरी मच गयी। सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद महिला के सिर में गहरी चोंटे होने के चलते सात टांके लगाये गये तथा एक्सरे में महिला राधिका के हाथ की हड्डी में फ्रैक्चर बताया। घायल महिला के पति राकेश कुमार ने आरोपी महिला के खिलाफ थाना सदर बाजार में तहरीर दी, जिस पर थाना प्रभारी के निर्देश पर तत्काल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ धारा 504, 506, 323 व 452 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। गौरतलब है कि आरोपी महिला इससे पूर्व भी कई बार साहब जी नगर में नालियों को बंद कर व सड़क पर गंदगी फैलाने का काम करती चली आ रही है। तत्कालीन नगरायुक्त गजल भारद्वाज ने भी स्वयं मौके पर पहुंचकर आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई भी की थी और चेतावनी भी दी थी कि आज के बाद नालियों को बंद किया और सड़कों पर गंदगी फेंकी तो कठोर कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। इसी मुहिम के तहत आरोपी महिला के घर के पास डस्टबिन लगवाकर उसमें गंदगी फेंकने के निर्देश दिये गये थे। बताया जाता है कि इसी से परेशान होकर आरोपी महिला ने आज मौका मिलते ही डस्टबिन को तोड़ डाला तथा विरोध करने पर पड़ौसियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया। उधर, नगर निगम के महापौर डॉ.अजय कुमार सिह ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए आरोपी महिला के खिलाफ डस्टबिन तोड़ने के आरोप में नोटिस जारी किया गया है तथा डस्टबिन के हुए नुक्सान की भरपाई करने के निर्देश दिये गये है। यदि महिला द्वारा नोटिस के बावजूद जुर्माना अदा नहीं किया गया, तो घर का सामान कब्जे में लेकर उससे क्षतिपूर्ति की जायेगी।

## रक्तदान करने से बचती है अनेकों जिंदगी: एसपी सिटी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नवप्रयाग जागृति उत्थान सेवा समिति एवं यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित रक्तदान शिविर में 30 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं और मुख्य अतिथियों को तुलसी के पौधे भी वितरित किये गये। माधव नगर स्थित निकट पीएनबी वाली गली में आयोजित शिविर का शुभारंभ नगर निगम के मेयर डा. अजय सिंह व एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने रिबन काटकर एवं मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर को संबोधित करते हुए नगर निगम के मेयर डॉ.अजय सिंह ने कहा कि नवप्रयास उत्थान सेवा समिति व पत्रकारों के संगठन उपजा ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत पुण्य का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि पुरातन काल में ऋषि दधिचि ने देवताओं के आह्वान पर दैत्यों से युद्ध जीतने की खातिर अपने शरीर की सभी हड्डियां दान कर दी थी। आज हम अपने शरीर का रक्तदान करके चार जिंदगियां बचा सकते है। रक्तदान सभी तरह के दान में उत्तम दान माना गया है। इसका दान करने वाले रक्तवीर सम्मान के पात्र हैं। एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने शिविर आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि नवप्रयास उत्थान सेवा समिति और उपजा संगठन ने मानव धर्म के लिए बहुत बड़ा पुण्य का काम किया है। ऐसे कार्यक्रमो से रक्तदान करने वाले लोगों में जागरूकता बढ़ती है। शिविर को उपजा जिलाध्यक्ष सुशील कपिल, संरक्षक सुषमा बजाज, कासिफ खान (महानगर अध्यक्ष) पुरुषोत्तम शर्मा, संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, अरविन्द धीमान, एडवोकेट वंदना, संदीप शर्मा, अश्वनी सुखीजा ने भी संबोधित किया। इस दौरान उपजा के पत्रकारों ने अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया और तुलसी के पौधे भेंट किये। इस अवसर पर समिति संरक्षक सुषमा बजाज एवं संस्थापक अध्यक्ष अर्चित अग्रवाल ने रक्तदान करने वालो को तुलसी के पौधे देकर सम्मानित किया।

## पंजाबी महासंगठन ने लगाया शीतल जल शिविर



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** राहगीरों को भीषण गर्मी में राहत पहुंचाये जाने के उद्देश्य से पंजाबी महासंगठन द्वारा शीतल जल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राहगीरों को ठंडा पेयजल पिलाते हुए धर्मलाभ कमाया गया। पंजाबी महा संगठन द्वारा रोडवेज बस स्टैण्ड पर आयोजित निशुल्क शीतल जल शिविर में श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान सरदार बलबीर सिंह धीर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सरदार दलजीत सिंह कोचर, महासचिव सरदार गुरविंद्र कालड़ा, बिल्डिंग इंचार्ज सरदार इंद्रपाल सिंह, डिस्टपेंसी इंचार्ज सरदार सीएस आनंद, गुरु नानक ब्वॉयज इंटर कालेज के प्रबंधक सरदार दीदार सिंह सेठी आदि सिख समाज के प्रबुद्ध लोगों ने पहुंचकर संगठन के पदाधिकारियों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान महासंगठन के पदाधिकारियों ने सिख समाज के प्रबुद्ध लोगों को पटका पहना स्वागत किया। इस अवसर पर संगठन अध्यक्ष योगेश दुआ, महामंत्री मदन लांबा, संयोजक राकेश नरुला, कोषाध्यक्ष मुकेश मनचंदा, राजकुमार नरूला, मुकेश गक्खड़, सरदार परविंदर सिंह मनचंदा, गुरदीप सिंह बत्रा, हरजीत नरूला, हरप्रीत भाटिया, केवल शर्मा,राजीव बाटला, दीपक जुनेजा, आशु गांधी, सुरेंद्र गाबा, रोमी आहूजा, जतिन दुआ, निखिल शर्मा, गोरांग अरोड़ा, सिमर बत्रा, अंशुल मोंगा, निखिल दुआ, आशीष चुग, पवनीत मनचंदा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## खेलो इण्डिया सेन्टर जूडो हेतु खिलाडियों का चयन होगा 25 मई को

**सहारनपुर।** खेलों इण्डिया सेन्टर योजनान्तर्गत जनपद सहारनपुर हेतु जूडो खेल का निर्धारण किया गया है, जिसके संचालन हेतु 15 वर्ष से कम आयु के 10 बालक व 05 बालिकाओं का चयन डॉ0 अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में 25 मई 2024 को प्रातः 11:00 बजे से किया जाएगा।

क्रीडा अधिकारी अनिमेष सक्सेना ने बताया कि चयनित खिलाडी खेल निदेशालय उ0प्र0 के दिशा निर्देश एवं भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा उन्हें प्रतिवर्ष खेल किट एवं खेल उपकरण उपलब्ध कराये जाएंगे। जूडो खेल से संबंधित 09 से 15 वर्ष तक के आयु वर्ग के इच्छुक बालक, बालिका खिलाडी अपना आधार कार्ड एवं जन्मतिथि हेतु सक्षम स्तर से निर्गत जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति, दो फोटो एवं अभिभावक द्वारा सहमति पत्र होना अनिवार्य है।

# नहाते समय राजबाहे में डूबकर किशोर की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मिर्जापुर क्षेत्रान्तर्गत राजबाहे में नहाते समय डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। ग्रामीणों ने घंटो की मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाल लिया। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

घटना मंगलवार दोपहर की है। थाना मिर्जापुर इलाके के गांव रजापुर नौगांवा निवासी अनिल का करीब 14 वर्षीय बेटा रिशु अपने दोस्तो के साथ गांव डाडल के पास पुलिया के निकट राजबाहे में नहाने गया था। नहाते समय वह अचानक डूबने लगा। शोर सुनकर दोस्तो ने बचाने का प्रयास किया लेकिन वह गहरे पानी में समा गया। दोस्तो ने किशोर के परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन व अन्य ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किशोर की तलाश शुरू की। घंटो की मशक्कत के बाद किशोर का शव बरामद हो गया। किशोर की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। उधर जब इस बारे में कार्यवाहक थाना प्रभारी मिर्जापुर मनोज चौधरी ने बताया उन्हे घटना की सूचना नही मिली है।

## न्यायिक अधिकारियों ने किया चैरिटेबिल होम का निरीक्षण

**सहारनपुर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीमती बबीता रानी के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव प्रबोध कुमार वर्मा ने आज चैरिटेबल होम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गई।

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती बबीता रानी के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव व अपर जिला जज प्रबोध कुमार वर्मा ने आज नवीन नगर स्थित मिशनरीज ऑफ चैरिटी शान्ति निवास का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 6 सिस्टर, 6 स्टाफ एवं 40 मंदबुद्धि महिला पायी गयी। सिस्टर मैरी विनिता एवं ऋचा डिंग द्वारा बताया गया कि जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा संस्तुति करने के पश्चात मंदबुद्धि का स्थानान्तरण नवीन नगर स्थित मिशनरीज ऑफ चौरिटी शान्ति निवास में किया जाता है। निरीक्षण के दौरान सिस्टर द्वारा बताया गया कि शेल्टर होम में 27 वर्ष से 82 वर्ष की महिला निवास करती है। सोने की व्यवस्था एवं साफ सफाई की व्यवस्था सही पाई गई। मेरे द्वारा पाठशाला का निरीक्षण किया गया जिसमें साफ-सफाई की व्यवस्था सही पाई गई। महिलाओं को खाना मेन्यू के अनुसार दिया जाता है।

# आसान नहीं होगा कुशीनगर में बीजेपी की राह, चतुष्कोणी लड़ाई के आसार

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** कुशीनगर लोकसभा सीट पर 1990 से कब्जा जमाए भारतीय जनता पार्टी की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। क्योंकि यहां चुनावी लड़ाई जातिगत होने के साथ ही चतुष्कोणी हो गई है। मुख्य लड़ाई बीजेपी, गठबंधन, बसपा एव आरएसएसपी के स्वामी प्रसाद मौर्य के बीच दिखाई दे रही है। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। राजनीतिक दलों ने इसको लेकर अपनी तैयारियां भी तेज कर दी है। यूपी की भी कई सीटें ऐसी हैं, जो कि लोकसभा चुनावों के दौरान लोगों की निगाह में रहने वाली है। बीजेपी के लिए इन सीटों में से एक सीट कुशीनगर की भी है, जो उत्तर प्रदेश की एक अहम लोकसभा सीट मानी जाती है, लेकिन इस बार लोकसभा सीट कुशीनगर बीजेपी प्रत्याशी विजय दुबे के लिए आसान न होगा क्योंकि अब तक बीजेपी को समर्थन करते आ रहे कुर्मी/सैंथवार, कुशवाहा, चौहान प्रत्याशियों के मैदान में कूदने से बीजेपी का सियासी समीकरण गड़बड़ा गया है।

**लोकसभा चुनाव 2019 के नतीजे-** लोकसभा चुनाव 2019 के चुनाव नतीजों की



बात करें तो बीजेपी को इस सीट पर करीब 57 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। बीजेपी नेता विजय कुमार दुबे आसानी से जीत हासिल की थी। उन्होंने सपा नेता एनपी कुशवाहा को हराया था। तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर आरपीएन सिंह रहे थे।

**1- बीजेपी विजय कुमार दुबे 597,039 जीत**
**2 -एसपी एनपी कुशवाहा 2,59,479 हार**
**3 - कांग्रेस आर पी एन सिंह 1,46,151 हार।**

**2014 में लोकसभा चुनाव के नतीजे-** 2014 के लोकसभा चुनावों की बात करें तो बीजेपी ने इस सीट से मोदी लहर में बड़ी जीत दर्ज की थी। पार्टी ने ब्राह्मण प्रत्याशी राजेश पांडेय को टिकट दिया था और उन्होंने 38

### कुशीनगर सीट का ये है सियासी सफर

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर अलग-अलग राजनीतिक दलों ने इस सीट के लिए अपनी खास तैयारियां की हैं। बीजेपी ने इस सीट से विजय कुमार दुबे को दुबारा अपना प्रत्याशी बनाया है तो सपा-कांग्रेस गठबंधन देवरिया सदर से पूर्व विधायक जन्मेजय सिंह के पुत्र अजय प्रताप पिंटू सैंथवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। वही बसपा ने सेना से सेवानिवृत शुभनारायण चौहान पर दाव लगाया है तो आरएसएसपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य के मैदान में आने के बाद मुकाबला और ही रोचक हो गया है।

**तीन मंत्रियों का प्रतिष्ठा दाव पर, जद्दोजहद में प्रत्याशी, एक एक वोट सहेजने में छूट रहा पसीना**

प्रतिशत वोट हासिल किए थे। कांग्रेस नेता आरपीएन सिंह तीसरे नंबर पर रहे थे। बसपा प्रत्याशी डॉक्टर संगम मिश्रा तीसरे नंबर पर रहे थे। जिसमे बीजेपी में राजेश पांडेय 370,051 वोट पाकर जीत हासिल किए थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के रतनजीत प्रताप नारायण सिंह 2,84,511 मत पाकर हार गए थे वहीं तीसरे स्थान पर तीसरे नंबर पर बीएसपी के डॉ संगम मिश्रा को 1,32,881 मत मिला था।

**2009 के लोकसभा चुनाव नतीजे-** 2009 के लोकसभा चुनाव नतीजे की चर्चा करें तो इस सीट पर यूपीए सरकार के दौरान आरपीएन सिंह कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज किए थे। उन्होंने 30 प्रतिशत वोट मिला था। दूसरे नंबर पर बसपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और बीजेपी नेता विजय कुमार दुबे तीसरे नंबर पर रहे थे। 2009 में कांग्रेस के आरपीएन सिंह 223,954 वुड प्रकार जीत दर्ज किए थे जबकि दूसरे नंबर पर बीएसपी के स्वामी प्रसाद मौर्य 2,02,860 वोट पाकर हार गए थे जब कि वही बीजेपी के विजय कुमार दुबे को कुल 1,62,189 वोट मिले थे जो चुनाव हार गए थे।

**यह है कुशीनगर का जातीय समीकरण**

कुशीनगर लोकसभा में सियासी समीकरण का जिक्र करें तो यहां 5 विधानसभा सीट हैं। जो कि पडरौना, कसया, खड्डा, रामकोला और हाटा। पांच विधान सभा में से 4 पर बीजेपी का कब्जा है तो वही एक सीट पर बीजेपी की सहयोगी पार्टी निषाद पार्टी के कब्जे में है। कुशीनगर लोकसभा में 17,61,564 लाख मतदाता हैं, इनमें पुरुष मतदाता- 8,07,695 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या- 9,53,729 है। यहां के जातीय समीकरण की बात करें तो यह क्षेत्र यादव, मुस्लिम, कुशवाहा, कुर्मी सैंथवार, चौहान, ब्राह्मण, वैश्य बहुल माना जाता है। अगर 2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो कुशीनगर का चुनावी समीकरण पूरी तरह से जातिगत हो गया है, जिसमें जातिगत समीकरणों के हिसाब से पीडीए समर्पित प्रत्याशी की स्थिति अन्य के मुकाबले काफी मजबूत स्थिति में दिखाई दे रहा है। तीन मंत्री आरपीएन सिंह, स्वामी प्रसाद मौर्य और सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह की भी इज्जत दांव पर लगी हुई है। एक तरफ राज्यसभा सांसद आरपीएन सिंह बीजेपी के विजय दुबे को जीताने के लिए स्टार प्रचारक के रूप में काम कर रहे हैं, तो वहीं सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह गठबंधन प्रत्याशी पिंटू सिंह सैंथवार को जीताने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। बसपा सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य के स्वयं की पार्टी राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से चुनाव मैदान में ताल ठोकने से मुकाबला काफी रोचक हो गया है।

## संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने दिया कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सोमवार को शहर के एक होटल में भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रबंधन की कोर टीम की बैठक आयोजित की गई जिसमे मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को चुनावी मंत्र दिया। उन्होंने अब तक के चुनावी रणनीति पर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि 2024 का यह चुनाव विकसित भारत का निर्माण करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है ऐसे में आप सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं। जनता के बीच हमारे सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो का प्रभाव कैसा है और किस प्रकार से हम और बेहतर कार्य कर सकते हैं इन चीजों का पता लगाएं और घर घर जाकर लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करें। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने कहा कि लोकसभा चुनाव का अब सिर्फ दो चरण रह गया है और हमे अब पूरी ताकत के साथ गांव गांव और घर घर जाकर राष्ट्रहित में लोगों से मतदान करने की अपील करना होगा, बूथ समितियों के कार्यकर्ताओं और पन्ना प्रमुखों को और तेज करना होगा। इस दौरान किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, कलस्टर प्रभारी जयप्रकाश निषाद, जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, जिला प्रभारी संतराज यादव, एमएलसी डा रतनपाल सिंह, सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, विधायक सुरेंद्र चौरसिया, तमकुही विधायक असीम राय, फाजिलनगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवीन उर्फ बच्चा पांडे, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, संयोजक सी पी सिंह, सह संयोजक अखिलेश त्रिपाठी, सहित पांचों विधानसभाओं के प्रभारी, संयोजक, सभी मंडलों के प्रभारी, अध्यक्ष उपस्थित रहे।

## सुल्तानपुर के बाहुबली पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू सपा में शामिल, मेनका के खिलाफ लड़ा था चुनाव

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मंगलवार को सुल्तानपुर के बाहुबली पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने भेंट कर उनके नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताते हुए पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। बता दें कि चंद्रभद्र सिंह इसौली से विधायक रह चुके है। उनके पिता इंद्रभद्र सिंह भी विधायक थे। सोनू सिंह ने वर्ष 2019 में सुल्तानपुर से बसपा के टिकट पर भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी के खिलाफ चुनाव भी लड़ा था।



हालांकि करीब छह माह बाद ही बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोनू सिंह और उनके भाई मोनू सिंह को पार्टी से बर्खास्त कर दिया था। सपा के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र चौधरी ने कहा कि चंद्रभद्र सिंह सोनू के आने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। दरअसल, आगामी 25 मई को सुल्तानपुर में मतदान होना है। इससे पहले सोनू सिंह के सपा में शामिल होने के बाद माना जा रहा है कि इससे सपा प्रत्याशी को मदद मिलेगी। बता दें कि सोनू सिंह के खिलाफ वर्ष 1995 से 2022 तक सुल्तानपुर में 30 मुकदमे दर्ज रहे हैं।

## चुनाव में कांटे की टक्कर का मतदाताओं द्वारा लगाया जा रहा अनुमान

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** पांचवें चरण के चुनाव संपन्न होने पर अब किस प्रत्याशी को कितना वोट मिला, कौन-कौन से प्रत्याशी की कांटे की टक्कर है यह सब चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग चौराहों तथा चौपाल लगा कर कयास लगाने लगे हैं। मतदान प्रक्रिया समाप्त होते हैं अब प्रत्याशियों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशियों के जीतने का दावा कर रहे हैं। जालौन गरौठा भोगनी पुर लोकसभा चुनाव प्रशासन की कड़ी निगरानी के चलते संपन्न हुआ। जालौन संसदीय क्षेत्र के कुछ गांव ऐसे रहे जिन्होंने मतदान का बहिष्कार कर अपना प्रत्याशी के खिलाफ विरोध जताया। जहां जहां मतदान का बहिष्कार हुआ है वहां की जनता को भारतीय जनता पार्टी से कोई नाराज़गी नहीं थी।उनके नियम कानून सभी की सराहना कर रहे थे लेकिन भारतीय जनता पार्टी द्वारा जो प्रत्याशी घोषित किया गया था उसे नाराजगी देखी गई प्रत्याशी की नाराजगी के चलते लोगों ने मतदान से बहिष्कार कर दिया ग्रामीणों का आरोप था कि जो प्रत्याशी घोषित किया गया है उसने क्षेत्र में कोई विकास नहीं कराए। विधानसभा के चुनाव में भी गांव में सड़क डलवाये जाने का नेताओं द्वारा वादा किया गया था लेकिन आज तक उनके गांव में रोड नहीं डल सका। इस लिये इस प्रशासन के लाख प्रयास किये जाने तथा भाजपा के कई कद्दावर नेताओं के मौके पर पहुंच कर लोगों समझाने के बाद भी ग्रामीण मतदान करने के लिये तैयार नहीं हुए।मतदान से बहिष्कार कर उन्होंने प्रत्याशी से अपना गुस्सा जताया मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब चौराहों पर तथा गांव के लोग चौपाल लगाकर अनुमान लगा रहे हैं कि किस प्रत्याशी को कितना प्रतिशत वोट मिला और कौन-कौन से वर्ग ने किस किस प्रत्याशी का समर्थन किया है इस प्रकार के प्रयास लगने शुरू हो गए हैं तो वहीं जिस प्रत्याशी का जो समर्थक है वह अपने-अपने प्रत्याशियों का जीतने का दावा कर रहे हैं कोई कांटे की टक्कर होने की बात कर रहा है।फिलहाल जालौन गरौठा भोगनीपुर संसदीय क्षेत्र से आधा दर्जन प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिसमें भारतीय जनता पार्टी से भानू प्रताप वर्मा, इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी के नारायण दास अहिरवार के अलावा तीन निर्दलीय प्रत्याशी अपना अपना भाग्य आजमा रहे थे?

## सपा और कांग्रेस के नेता झूठ के नमक की नाव पर सवार हैं : स्वतंत्र देव सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जल शक्ति मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह ने मंगलवार को इंडी गठबंधन पर बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस के नेता झूठ के नमक की नाव पर सवार हैं और उनकी चाहत चुनावी वैतरणी पार करने की है। मज़े की बात है कि हर चरण के साथ उनकी नमक की नाव गलती जाती है और उनके झूठ का पर्दाफ़ाश होता जाता है। उन्होंने कहा कि मित्रों, सातवाँ चरण आते आते सपा-कांग्रेस के नेता अपने ही झूठ के दलदल में डूब जाएँगे। श्री स्वतंत्र देव



सिंह ने मंगलवार को जौनपुर लोकसभा में पार्टी प्रत्याशी श्री कृपाशंकर सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। श्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मोदी जी पर अटूट विश्वास और भाजपा के बूथ की ताक़त की बदौलत देश की जनता ने पांचवे चरण में भाजपा को बहुमत के पार पहुँच दिया है। अब छठे और सातवें चरण में रिकॉर्डतोड़ मतदान करवा कर जीत के अंतर को ऐतिहासिक बना देना है। श्री सिंह ने कहा कि कमल के निशान के पीछे मोदी जी कि दस सालों में किए गए काम हैं, श्री राम का गगनचुंबी मंदिर है, आवास है, राशन है, गैस सिलेंडर, मुफ़्त बिजली कनेक्शन, किसान निधि है, महिलाओं को बराबरी का दर्जा है। वहीं सपा-कांग्रेस के पास झूठ और फ़रेब की नाव जो चुनाव में गोते लगा रही है। जलशक्ति मंत्री ने कहा कि कांग्रेस इंदिरा गांधी जी के समय से ग़रीबी हटाओ का नारा दे रही है। इनका नारा 2024 में भी जारी है लेकिन जनता नारों पर नहीं काम पर भरोसा करती है।

## संविधान बचाने को आगे आये जनता : डॉ. सुरेन्द्र

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी भारतीय जनता पार्टी से नाराज हैं। उनके परिवारों में भी विरोध दिखाई दे रहा है। ऐसे में कर्मचारी अब इंडिया गठबंधन की ओर बड़ी उम्मीद से देख रहा है। इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो पुरानी पेंशन लागू होगी। समाजवादी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने यह बातें प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहीं।

उन्होने कहा जितनी नाराजगी लोगों में पुरानी पेंशन को लेकर है उतनी ही अग्निवीर योजना को लेकर। इंडिया गठबंधन का साफ कहना है कि सरकार बनी तो अग्निवीर योजना हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगी। इसी तरह अनेक ऐसी गारण्टियां सरकार बनने पर लागू होंगी जो न्याय पत्र में



साफ साफ लिखी हुई हैं। डा. सुरेन्द्र ने कहा भाजपा सकार ने बेवजह की बातों में जनता को 10 सालों तक उलझाकर रखा, नतीजा ये हुआ कि चन्द पूंजीपतियों के हाथों में पूरा देश चला गया और गरीब लगातार और गरीब होता चला गया। जनता अपने अपमान का बदला अपने मताधिकार से ले रही है। समाजवादी नेता ने कहा केजी से पीजी तक छात्राओं की मुफ्त शिक्षा, युवाओं की पहली नौकरी पक्की, महिलाओं को नौकरियों में 50

**संविधान बंचेगा तब हमारे अधिकार बचेंगे: डा. सुरेन्द्र**

**इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण**

प्रतिशत आरक्षण, केन्द्र सरकार के अधीन 30 लाख भर्तियां, कृषि उपकरणों को जीएसटी मुक्त करने तथा किसानों को एमएसपी की लीगल गारण्टी, कृषि तथा एजुकेशन लोन की माफी सहित अनेक योजनायें हैं जो एक नये भारत का निर्माण करेगीं। समाजवादी नेता ने कहा भारत के संविधान को भाजपा से खतरा है। हमारा लोकतंत्र और हमारे अधिकार तभी सुरक्षित रहेंगे जब हमारा संविधान बंचेगा। उन्होने अपील किया कि मजबूत लोकतंत्र के लिये इंडिया गठबंधन को मजबूत करना होगा।

## शिक्षा कर्मी का बबूल के पेड़ पर फांसी से लटकता हुआ शव मिला

**उरई (जालौन)।** खेतों में बबूल के पर फांसी से फंदे पर लटकता हुआ शिक्षाकर्मी का शव मिला है। रेंढ़र थाना अंतर्गत ग्राम धन्जा एवं कुदारी के बीच खेतों में बबूल के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता कुशलपाल उम्र 32 वर्ष पुत्र बालकराम कुशवाहा निवासी बंगरा थाना माधौगढ़ का शव मिला है । रेंढर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह वैस को सूचना मिली कि ग्राम धन्जा एवं कुदारी के बीच खेतों में बबूल के पेड़ पर फांसी के फंदे के सहारे एक युवक का शव लटका है । सूचना पाकर थानाध्यक्ष रेंढ़र मय हमराही तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे एवं शव को पेड़ से उतरवा कर घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दी। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ शैलेंद्र कुमार बाजपेई तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए ग्रामीणों ने मृतक की शिनाख्त कुशलपाल कुशवाहा के रूप करते हुए बताया कि वह ग्राम बंगरा का रहने वाला है एवं ग्राम भंगा के कंपोजिट विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है ।

## मतदान से 72 घन्टे पूर्व की अवधि से कानून व्यवस्था का प्रवर्तन आदि के संबध में सामान्य प्रेक्षक अध्यक्षता में हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान से 72 घन्टे पूर्व की अवधि से कानून व्यवस्था का प्रवर्तन आदि के संबंध में सामान्य प्रेक्षक श्रीमती नीमा अरोड़ा की अध्यक्षता एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी/ प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कमान्डेन्ट एसएसबी आरके डोगरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बार्डर के किनारे गांव में जन सुरक्षा समिति के साथ बैठक एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है। विभिन्न चेक प्वाइंट पर चेकिंग बढ़ा दी गयी है। जहां सीमाएं खुली है वहां पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिया कि बूथो पर समस्त व्यवस्थाये रहेगी। बूथो



पर सिर्फ ड्यूटी में लगे मतदान कार्मिक ही मोबाइल फोन ले जा सकेगे। किसी भी प्रत्याशी द्वारा मतदाताओं को अपनी गाड़ी से बूथ पर लाता है तो उसके विरूद्ध कार्यवायी की जायेगी। बूथ के अन्दर प्रत्याशी या एजेन्ट की प्रवेश करेगे। मतदान दिवस के दिन मतदान समाप्त होने के समय से 72 घण्टे पहले के लिए विधिवत दिशा-निर्देश भी जारी किए गए हैं। किसी अपराध के होने के सदेह के मामले में. फ्लाइंग स्क्वैड के प्रभारी पुलिस अधिकारी नकदी या रिश्वत की वस्तुओं या अन्य ऐसी वस्तुओं को जब्त करेंगे, और गवाहों और उन व्यक्तियों के साक्ष्य और रिकॉर्ड बयान एकत्र करेंगे जिनसे आइटम जब्त किए गए है और उस व्यक्ति को सीआरपीसी के प्रावधानों के अनुसार जब्ती के लिए उचित पंचनामा जारी करेंगे जिससे ऐसी वस्तुए जब्त की गई है। कोई भी व्यक्ति यदि 50 हजार रुपये से अधिक नकदी ले जा रहा है तो उसे सभी सहायक दस्तावेज भी अपने साथ रखने चाहिए। मतदाताओं को रिश्वत देना या डराने-धमकाने के मामले न केवल चुनावी अपराध है, बल्कि भारतीय दंड संहिता के तहत दंडनीय भी है और इसलिए सभी को ऐसी गतिविधियों से बचना चाहिए और ऐसी किसी भी घटना की जानकारी होने पर तुरंत सूचना दी जानी चाहिए। आयोग ने निर्देशानुसार कारों/वाहनों को, किसी भी परिस्थिति में, सुरक्षा वाहनों को छोड़कर, दस से अधिक वाहनों के काफिले में चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जहां भी आवश्यक हो, दो काफिलों के बीच 100 मीटर की दूरी के साथ 10 या उससे कम वाहनों के काफिले को तोड़ा जा सकता है। मतदाता का नाम मतदाता सूची में होने पर यदि कोई मतदाता सूचना पर्ची नहीं लाता है, तो उसे मतदान से वंचित नहीं किया जायेगा। मतदाता सूचना पर्ची मतदाता के पहचान वैध दस्तावेज की श्रेणी में नहीं आता है।

आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत गैरकानूनी सभाओं पर प्रतिबंध और मतदान समाप्ति के लिए निर्धारित घंटे के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि (23 मई, 2024 शाम 6 बजे से) के दौरान सभा, रैली व सार्वजनिक बैठकें आयोजित करने पर रोक है। 5 से अधिक व्यक्तियों को एक साथ इकट्ठा होने/आने-जाने की अनुमति नहीं है।

## व्यय प्रेक्षक की उपस्थिति में प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर का हुआ प्रथम जांच

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु निर्वाचन में प्रतिभाग कर रहे समस्त प्रत्याशियों के व्यय रजिस्टर की जांच हेतु कलेक्ट्रेट स्थित कोषागार कार्यालय में प्रथम निरीक्षण मंगलवार को व्यय प्रेक्षक आसवा मनोज राजगोपाल द्वारा प्रत्येक अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर/बैंक रजिस्टर/नगद रजिस्टर का निरीक्षण किया गया। साथ में वरिष्ठ कोषाधिकारी परशुराम ओझा भी उपस्थित रहे। प्रत्येक अभ्यर्थी अथवा उसके अधिकृत निर्वाचन एजेंट के माध्यम से लेखा टीम/सहा. व्यय प्रेक्षक/व्यय प्रेक्षक के सामने अपने व्यय रजिस्टर एवं मूल बिल/वाउचर के साथ प्रस्तुत हुए।



व्यय रजिस्टर का जांच करते प्रेक्षक

निरीक्षण के प्रथम कुल 09 प्रत्याशियों में से 08 प्रत्याशी/अधिकृत एजेंट अपने व्यय विवरण की जांच हेतु उपस्थित हुए। एक निर्दलीय प्रत्याशी अमीय उपाध्याय उपस्थित नही हुए। उक्त के अतिरिक्त अपने आपराधिक पृष्ठभूमि से संबंधित विवरण 3 बार प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रकाशित कराने के निर्देश दिए गए। व्यय प्रेक्षक ने प्रत्याशियों/ अभिकर्ताओं को समझाया कि प्रतिदिन किए जाने वाले निर्वाचन खर्चों को दिए गए व्यय रजिस्टर में अंकित करना सुनिश्चित करें। खर्च किए गए विविध मदो को निर्धारित स्थल पर अंकित करें। द्वितीय 25 मई को तथा तृतीय 29 मई को व्यय रजिस्टर की जॉच कराने हेतु कोषागार कार्यालय में आकर निरीक्षण करा सकते हैं। व्यय प्रभारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बताया कि दिए गए रेट सूची के अनुसार प्रयोग किए जा रहे विभिन्न सामग्री/वस्तुओं का मूल्य व्यय रजिस्टर में अंकित करें ताकि प्रत्याशी द्वारा व्यय रजिस्टर व व्यय निर्वाचन टीम द्वारा बनाए गए शैडो रजिस्टर में खर्चों के मिलान में समानता दिखे और भारत निर्वाचन आयोग के लक्ष्यों प्रलोभन मुक्त निर्वाचन को सूचिता के साथ साकार किया जा सके।

### वेयर हाउस का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

**कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा वेयरहाउस में द्वितीय रेंडमाइजेशन के बाद एलॉटेड बूथ वार ईवीएम वीवीपीएटी मशीनों के वर्गीकरण के कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। सभी कार्यरत कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करने के निर्देश दिए। कहा की बुधवार सभी मशीनों में स्टीकर लगाकर उसका बूथ नंबर भी लिखे। इस अवसर पर सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मो. जफर, समस्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभावार रामकोला, पडरौना, तमकुहीराज, फाजिलनगर, हाटा, तहसीलदार कसया, आदि अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीमारी से परेशान होकर युवक ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दुबग्गा के आम्रपाली योजना में बीमारी से परेशान युवक ने मंगलवार सुबह पंखे से गमछे के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आम्रपाली योजना निवासी मोनू तिवारी (30) ने मंगलवार सुबह पंखे में गमछे के सहारे अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह माँ सुनीता ने कमरे में शव फंदे पर लटकता देखा। जिसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की माँ ने बताया कि वह कई सालों से बीमारी से परेशान रहता था और नशे का भी आदि था, जिससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली। मृतक के परिवार में पत्नी रोशनी दो बेटी नैना (9) और सुनैना (7) साल की है। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पेज एक का शेष

### भाजपा ने किया हैं सभी का विकास....

उन्होंने आरोप लगाया कि सपा और कांग्रेस गठबंधन के लोग राम विरोधी, देश विरोधी और गरीब विरोधी हैं और वे अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति के लोगों के हक पर सेंधमारी का प्रयास कर रहे हैं। यह गठबंधन देश से गरीबी हटाने के लिए हमारे पूर्वजों की संपत्ति का सर्वेक्षण कराने की बात कह रहा है। उन्होंने कहा, ऐसे में हमें इनसे सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि ये देश से गरीबी तो नहीं हटाएंगे बल्कि संपत्ति का सर्वेक्षण कराकर विरासत कर जरूर लगा देंगे। इनका यह विरासत कर औरंगजेब का जजिया कर है। उसने यह कर हिंदुओं के धर्मांतरण करने के लिए लगाया था। इसे हम कतई स्वीकार नहीं कर सकता. % उन्होंने बताया कि सपा का जो इंडिया गठबंधन है, ये खड्यंत्र कर लोगों को गुमराह करना प्रारंभ कर दिए है, इनके पास अफवाह और झूठ के सिवा कुछ नहीं है क्योंकि जनता जान चुकी है की समजवादी पार्टी व माफिया का चोली दामन का साथ हैं, प्रदेश का हर माफिया सपा से संबध रखता है और सपा को माफिया से संवेदना होती है। सपा की संवेदना गांव के लिए नही, गरीब के लिए नही, दलित के लिए नही है, समाज के किसी भी तबके के लिए नही है, बेटी और व्यापारी की सुरक्षा के लिए नही है, इनकी संवेदना केवल माफिया के प्रति है। इसी लिए माफिया के यहां मातम मनाने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि देश में भाजपा की सरकार ने पिछले 10 सालों में हाईवे, एक्सप्रेसवे एवं सड़कों और पुलों का जाल बिछाया है। हर घर में नल से शुद्ध जल पहुंचाया जा रहा है। 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है। 12 करोड़ घरों में इज्जत घर बनवाया गया है। 10 करोड़ गरीबों को उज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस दी गई। 80 करोड़ लोगों को राशन दिया जा रहा है। 4 करोड़ गरीबों को मकान दिया गया. जनसभा को कपिवस्तु विधायक श्यामधनी राही, शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा, बांसी विधायक जय प्रताप सिंह, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान आदि ने संबोधित किया। जनसभा के अंत में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों विधानसभा इटवा के पूर्व बसपा प्रत्याशी हरीशंकर सिंह ने भाजपा की सदस्यता ली।

# मलेरिया परजीवी विषय पर अवध विवि में व्याख्यान का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग में मंगलवार को मलेरिया परजीवी विषय पर एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डिपार्टमेंट ऑफ माइक्रोबायोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी, ब्लूमबर्ग स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ, जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी बाल्टीमोर के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ0 अभय कुमार त्रिपाठी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को मलेरिया इन्फेक्शन में कारगर दवा की विधि को बतलाते हुए कहा कि मलेरिया एक परजीवी से होने वाली बीमारी है। यह संक्रमित मच्छरों के काटने से मनुष्यों में फैलता है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों में मलेरिया के लक्षण होते है उनमें आमतौर पर तेज बुखार और कंपकंपी वाली ठंड लगती है। जबकि यह बीमारी समशीतोष्ण जलवायु में असामान्य मानी गई है। डॉ0 अभय ने बताया कि इन जलवायु में हर साल लगभग 290 मिलियन लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं जिनमे 400,000 से अधिक लोग इस बीमारी से मर जाते हैं। कार्यक्रम डॉ0 त्रिपाठी ने बताया कि मलेरिया संक्रमण को कम करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन कई ऐसे कार्यक्रम संचालित करता है। जिनमें लोगों को मच्छरों के काटने से बचाने के लिए निवारक दवाएँ और कीटनाशक व उपचारित मच्छरदानियाँ वितरित करते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक संख्या वाले देशों में रहने वाले बच्चों के लिए मलेरिया के टीके के इस्तेमाल की सिफारिश विश्व स्वास्थ्य संगठन ने की है। विद्यार्थियों को उन्होंने बताया कि मलेरिया लाल रक्त कोशिकाओं का संक्रमण है। इससे बुखार, ठंड लगना, पसीना, कभी-कभी दस्त, पेट दर्द, श्वसन संकट, भ्रम और सीजर्स होते हैं। अन्य मामले में देखा गया कि स्प्लीन का आकार बढ़ना, एनीमिया और कभी-कभी हृदय, मस्तिष्क, फेफड़े को नुकसान शामिल है। मलेरिया संक्रमण का चक्र तब शुरू होता है, जब एक मादा मच्छर मलेरिया वाले व्यक्ति को काटती है। उन्होंने बताया कि मलेरिया परजीवी की पांच प्रजातियां लोगों को संक्रमित कर सकती हैं।



# सेवानिवृत महिला चिकित्सक से अपर निदेशक कोषागार कार्यालय में वर्षो से जमा लिपिक लगवा रहा चक्कर

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला कोषागार कार्यालय में विगत 20 वर्षो से जमे लिपिक प्रदीप कुमार के ऊपर पेंशन धारकों से सुविधा शुल्क लेकर पेंशन रिवीजन करने नही करने का आरोप लगाते हुए उनके विरुद्ध जिलाधिकारी से कार्यवाही करने की मांग की है। बताते चले कि अयोध्या जनपद स्थित कार्यालय अपर निदेशक कोषागार विभाग में लेखाकार के पद पर तैनात प्रदीप कुमार को लेकर तमाम सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपनी पेंशन निकालने को लेकर लेखाकार के ऊपर घूस मंगाने का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी से कार्यवाही करने का आग्रह किया हैं। दिए गए पत्र के अनुसार चिकित्सा एवं सामुदायिक स्वास्थ सेवा संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. अनिल पांडेय ने वर्ष 2013 में तत्कालीन अपर निदेशक कोषागार अधिकारी से इसकी लिखित शिकायत कर कार्यावाही की मांग किया था। जिसमे उन्होंने अपने एक सेवानिवृत महिला चिकित्सक डॉ. रंजना गौड़ जो कि जनपद के मया सीएचसी अंतर्गत महाबूबगंज में वर्ष 2014 को सेवानिवृत हुई तब से उन्हें पेंशन तो मिली परंतु उनके पेंशन में रिवीजन नही किया गया। जिसका कारण उन्होंने अपर निदेशक कोषागार कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रदीप कुमार को बताया हैं। उन्होंने बताया की एक दिसंबर 2008 से द्वितीय वित्तीय स्वतरोन्नयन ग्रेड वेतन 7600 वेतन बैंड/315600/39100की स्वीकृत प्रदान की गई हैं। तद्नुपालन में डॉ. रंजना गौड़ का वेतन पुनरीशिक्षित/निर्धारित किया गया है। परिणाम स्वरूप डॉ. रंजना गौड़ की पेंशन दी जानी हैं। वहीं पत्र में यह भी दिया गया कि वर्णित स्थित में स्वीकृति आदेश/वेतन पुनरीशिक्षित आदेश की छाया प्रति, पेंशानादि की आगणनशित, संशोधित भाग/5अंतिम दे प्रमाणपत्र मूल सेवापुस्तिका के साथ आफलाइन यवम आनलाइन प्रेषित किया गया। जिसके बाद भी सेवानिवृत महिला चिकित्सक की पेंशन नहीं निकल रही हैं। वहीं मामले ने जब तुल पकड़ा तो मार्च 2023 को निर्मल पांडेय ने जिला निर्वाचन अधिकारी से आग्रह किया है। कि उक्त लेखाकार प्रदीप कुमार जो की एक ही पद पर करीब 20 वर्षो से जमे है जिस कारण वह अपनी मनमानी करते हुए सेवा निवृत हुए वृद्ध कर्मचारियों से सुविधा शुल्क की माग कर उन्हें परेशान करते हैं। और लिपिक का कहना है कि कहीं भी लिखा पढ़ी करो लो मेरा कुछ नही बिगड़ेगा। इससे साफ जाहिर हैं की उनके पीछे कई रसूखदार लोगों का हाथ इस वजह से उनका स्थानांतरण भी नही हो रहा और पिछले 20 वर्षो से इसी कार्यालय पर जमे हुए हैं।

## डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन का द्विवर्षीय अधिवेशन आज

**अयोध्या।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी एसोसिएशन उ.प्र. शासन अयोध्या शाखा का द्विवार्षिक अधिवेशन आगामी बुधवार को सीएमओ कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न किया जाएगा। शाखा अध्यक्ष कृपा शंकर चौधरी ने बताया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद. उ.प्र. से संबद्ध जनपद शाखा अयोध्या कैंप कार्यालय जिला चिकित्सालय, अयोध्या में हुई बैठक में तय हुआ कि डिप्लोमा फार्मासिस्ट राजपत्रित अधिकारी संघ शाखा अयोध्या के द्विवार्षिक अधिवेशन/चुनाव कराने का निर्णय लिया गया इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त चिकित्सा अधीक्षक को पत्र के माध्यम से अवगत कराते हुए संवर्ग के सभी सदस्यों को कार्यक्रम में भेजने का आग्रह किया गया हैं। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के माध्यम से भी जनपद के अब सरकारी अस्पतालों को भी अवगत कराया गया हैं।

## सरयू नदी में नहाने गए चार युवक डूबने से एक की मौत

**अयोध्या।** सरयू नदी का जलस्तर भले ही घट गया हो, लेकिन आए दिन डूबने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मंगलवार की सुबह 7.30 बजे नदी में स्नान करने गए चार युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जल पुलिस ने युवकों को बचाने की कोशिश की, जिसमें तीन युवक आकाश सिंह पुत्र राम सिंह, एस श्रीवास्तव पुत्र शिव प्रकाश श्रीवास्तव और राहुल पुत्र उत्तम चंद्र को बचा लिया गया, जबकि प्रिंस साहनी 19 पुत्र महेंद्र साहनी निवासी निरालानगर को बाहर नहीं निकाल पाए। जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश कर रही है। जानकारी मिलते ही परिजन भी सरयू घाट पर पहुंच गए। जल पुलिसकर्मी नित्यानंद ने बताया सुबह जल पुलिस गस्त कर रही थी कि अचानक गुहार मची। तीन युवक को बाहर निकाल लिया। इसके बाद पता चला कि अभी एक युवक लापता है।

## अधेड़ और पत्नी को आपत्तिजनक हालात में देखकर युवक ने किया था हमला

**महराजगंज।** निचलौल थानाक्षेत्र के बैठवलिया गांव में रविवार रात की रात में रॉड से हमला कर एक अधेड़ को मौत के घाट और पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर फरार युवक को पुलिस ने मंगलवार को दबोच लिया। युवक ने बताया कि अधेड़ और पत्नी को आपत्तिजनक हालात में देखकर किया था हमला। गिरफ्तार युवक ने पुलिस को बताया कि वह बीते 19 मई को रोजी रोटी के सिलसिले में चेन्नई जाने के लिए दोस्तों के साथ गोरखपुर रेलवे स्टेशन पहुंचा था। जहां पर काफी इंतजार के बाद ट्रेन नहीं मिला। फिर उसी दिन वह घर के लिए वापस लौट आया। रात करीब नौ बजे घर पहुंचा, तो घर के अंदर का मंजर देख वह सन्न हो गया। क्योंकि पत्नी गांव के ही रहने वाले एक बुजुर्ग के साथ आपत्ति जनक हालात में रंगरेलियां मनाने में मस्त थी। जिस दौरान वह आपा खोते हुए आक्रोशित हो उठा। फिर घर में रखे लोहे की रॉड से पत्नी और बुजुर्ग पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जिस दौरान बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। उसके बाद ग्रामीणों को मौके पर आते देख पत्नी को लहूलुहान अवस्था में छोड़कर डर के भाग निकला। थाना प्रभारी निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी युवक अमृत उर्फ ढन्नू को झुलनीपुर नहर मार्ग स्थित करमहिया गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी युवक को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह बहुआर चौकी प्रभारी मनीष पटेल उप निरीक्षक प्रशांत दुबे, विशाल सिंह, मृत्युंजय तिवारी, मनीष सिंह, अंकित यादव आदि लोग मौजूद रहे।



## स्व राजीव गांधी ने विश्व को कराया एहसास, भारत एक महान शक्तिः पुनिया

**बाराबंकी।** देश में पीढीगत बदलाव के अग्रदूत 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले स्व राजीव गांधी भारत के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे वह विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे आपने पूरे विश्व को एहसास करा दिया कि भारत एक महान शक्ति है जिसे दुनिया की कोई ताकत अनदेखी नही कर सकती अपने अल्प समय के राजनैतिक कार्यकाल में 18 वर्ष के नौजवान को मतदान का अधिकार, पंचायतीराज, तथा संचार क्रान्ति देकर देश को प्रगति के रास्ते पर चलाकर नई पहचान दी।

उक्त उद्गार कांग्रेस पार्टी के केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व0 राजीव गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर कांग्रेस प्रत्याशी के कैम्प कार्यालय ओबरी में बलिदान दिवस पर अयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इन्डिया गठबन्धन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने पूर्व प्रधानमंत्री के शहादत दिवस पर अयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने के पश्चात् कहा कि श्री राजीव गांधी उस राजनैतिक परिवार से सम्बन्धित थे जिसकी चार पीढियो ने स्वतंत्रता संग्राम के दौरान एवं उसके बाद देशकी सेवा की। राजीव गांधी ने अपनी मां भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इन्दिरा गांधी की निर्मम हत्या के बाद उसके शोक से उबरने के बाद देश में लोकसभा के चुनाव कराने का आदेश दिया और उसमें कांग्रेस पार्टी ने 508 में 401 रिकार्ड सीटो पर जीत हासिल की और प्रधानमंत्री बने। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मो0 मोहसिन ने शहादत दिवस के अवसर पर कहा कि विश्व के सबसे बडे प्रजातांत्रिक देश में सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बनने का गौरव हमारे नेता भारतरत्न स्व0 राजीव गांधी को है जिन्होने अपनी आधुनिक विचारधारा और युवा सोच के चलते देश को सशक्त बनाने में अपना अहमद योगदान दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पार्टी प्रवक्ता सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, विजयपाल गौतम, अजय रावत, सुरेन्द्र शर्मा टप्पू, रामहरख रावत, श्रीकान्त मिश्रा, जलालुद्दीन गुड्डू, महेन्द्र पाल वर्मा, वीरेन्द्र प्रताप यादव, राकेश यादव, आमिर अय्यूब किद्वाई ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हे श्रद्धांजलि दी।

## दहेज हत्या प्रकरण में पिता पुत्र को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कनविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

मॉनीटरिंग सेल में द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी व साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को प्रस्तुत कराकर न्यूनतम समय में अधिकतम सजा दिलाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना मसौली पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत प्रकरण से सम्बन्धित अभियुक्त बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला पुत्र केशव सरन निवासी जलुहामऊ थाना मसौली को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) कोर्ट संख्या-36 द्वारा दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व दस दस हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष के अनुसार 29 जून 2020 को वादी मुनेश्वर प्रसाद पुत्र स्व0 शत्रोहन लाल निवासी बहादुरपुर थाना जहांगीराबाद ने बृजेश कुमार शुक्ला पुत्र राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला, राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू शुक्ला पुत्र केशव सरन निवासी जलुहामऊ थाना मसौली के विरुद्ध वादी की पुत्री को दहेज की मांग के कारण हत्या करने के सम्बन्ध में सूचना दी गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना मसौली पर दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक अवधेश कुमार द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्तगण के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

# प्रो0 गोविन्द पाण्डेय विजुअल कल्चर वर्किंग ग्रुप के उपाध्यक्ष बने

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय केंद्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार और पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गोविंद पांडेय को जनसंचार अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय संघ के उपाध्यक्ष पद के चुनाव में 73 प्रतिशत वोट हासिल कर विजुआल कल्चर वर्किंग ग्रुप में उपाध्यक्ष चुने गए। प्रो0 पांडेय 2024 से 2028 की अवधि के लिए की विजुअल कल्चर वर्किंग ग्रुप के उपाध्यक्ष बने रहेंगे। बताते चले कि 2024 में शुरु हुई इस चुनाव की प्रक्रिया मे तकरीबन नब्बे देशों के शिक्षाविदों ने विभिन्न रिसर्च ग्रुप के चुनाव मे भाग लिया। जिनमें जनसंचार अनुसंधान के अंतर्राष्ट्रीय संघ के 11 वर्गों और कार्य समूहों की नेतृत्व टीमों के लिए चुनाव आयोजित किए गए थे। मतदान की अवधि 14 मई को समाप्त हुई और चुनाव परिणाम मंगलवार को घोषित किया। इसमें निर्वाचित अधिकारी क्राइस्टचर्च, न्यूजीलैंड में सम्मेलन के दौरान महासभा में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करेंगे। इस उपलब्धि पर प्रो0 पाण्डेय ने बताया कि मीडिया और संचार अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वव्यापी पेशेवर संगठन है।



चयन प्रकिया में 90 देशों के 2,800 से अधिक सक्रिय सदस्य एवं 80 से अधिक अनुभाग और कार्य समूह अध्यक्ष और प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि इन चार सालो में विजुअल कल्चर को भारत मे बढ़ावा देने के लिए कार्य करेंगे। इस कार्य के लिए स्थानीय सरकार का भी समर्थन लिया जाएगा जिससे कि भारत की विलुप्त होती विसुअल कल्चर को भी पुनर्स्थापित करे का प्रयास किया जाएगा। दूसरी ओर विभाग के शोध छात्रों ने बाबासाहेब भीम राव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता विभाग के लिए ये एक गौरव का क्षण बताया।

## विधवा महिला से अश्लील हरकत करने पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**बीकापुर- अयोध्या।** मजदूरी करके घर आ रही विधवा महिला के साथ रास्ते में अश्लील हरकत करने और मारने पीटने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध अश्लील हरकत करने गंभीर चोट पहुंचाने धमकी देने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित विधवा का आरोप है कि उसके पति की मौत हो चुकी है किसी तरह मेहनत मजदूरी करके अपने दो नाबालिक बच्चों का भरण पोषण कर रही। 14 मई को वह पड़ोसी गांव धेनुवावा गांव में मजदूरी करने गई थी देर शाम करीब 7 बजे मजदूरी करके पैदल घर वापस आ रही थी। रास्ते में तालाब के पास पहले से मौजूद ऊंचहा मलेथू कनक निवासी दीपू तिवारी ने उन्हें पकड़ लिया। और अश्लील हरकत करने लगा तथा कपड़े फाड़ दिए। विरोध करने पर बुरी तरह मारा पीटा जिसके चलते उनके शरीर में गंभीर चोटें आई हैं। हल्ला गुहार मचाने पर सड़क से गुजर रहे रहगीरो द्वारा मौके पर पहुंचकर बीच बचाव कराया गया। आरोपी धमकी देते हुए चला गया। हमले मे गंभीर चोट आने के चलते वह बेहोश हो गई गांव के लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस को फोन करके उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर पहुंचाया गया।

# परिवार के साथ मैं हमेशा खड़ा रहूँगाः विधायक अभय सिंह



*अवधनामा संवाददाता*

**गोशाईगंज-अयोध्या।** रविवार को गोशाईगंज कस्बे के तेलियागढ़ कादरिया मोहल्ला निवासी रेहान पुत्र मो0 क़ासिम को अगवा कर हत्या किये जाने की खबर सुन विधायक अभय सिंह मंगलवार दोपहर परिजनों के यहाँ पहुचे तथा उन्हें न्याय का भरोसा दिलाया !इस दौरान विधायक श्री सिंह ने कहा कि रेहान के परिवार के साथ मैं हमेशा खड़ा रहूँगा !जब भी उनको हमारी जरुरत होगी,मैं इनके साथ कंधे से कन्धा मिलाकर चलूँगा !इस दौरान गोशाईगंज नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन रमेश चंद्र कसौधन,सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷,पूर्व सभासद सर्वेश कुमार मोनू,पूर्व सभासद आसिम अंसारी, मो0 मोइज़ बंटी,मेराज अहमद,मनोज गुप्ता पारले,टीपू सहित कई लोग मौजूद थे।

# पंचतत्व में विलीन हुए पूर्व प्राचार्य सुधांशु मिश्र

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** बार एसोसिएशन जनपद अयोध्या के वरिष्ठ अधिवक्ता सौरव मिश्रा के पूज्य पिताजी राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता शिक्षक पूर्व प्राचार्य महाराज इंटर कॉलेज अयोध्या प्रसिद्ध समाजसेवी सुधांशु मिश्रा 82वर्ष के निधन की सूचना पाकर स्तब्ध शिक्षक अधिवक्ता व अन्य बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों द्वारा बलरामपुर हाउस स्थित उनके आवास तत्पश्चात जमथरा स्थित शमशान घाट पर पहुंचकर विनम्र भावभीनी श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की गई, मुखाग्नि उनके पुत्र अधिवक्ता सौरभ मिश्रा द्वारा दी गई,श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले प्रमुख लोगों में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बब्बन चौबे, वरिष्ठ पत्रकार रमाशरण अवस्थी, शिव गणेश सिंह अधिवक्ता उच्च न्यायालय, अधिवक्ता मनीष कुमार पांडेय, अधिवक्ता राजीव कुमार शुक्ला, अधिवक्ता अरविंद कौल, अधिवक्ता अशोक पांडेय, राजीव कुमार पांडेय, जितेंद्र श्रीवास्तव सुधीर शर्मा, हिमांशु त्रिपाठी, उपेंद्र कुमार मिश्रा, अधिवक्ता सुनील त्रिपाठी, विधायक अभय सिंह, शंभू नाथ सिंह दीपू, अरविंद सिंह, पवन मिश्रा, नवीन मिश्रा, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल,सहित शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस जनों ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।उक्त अवसर पर उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा भारत रत्न राजीव गांधी की स्मृति बनाए रखना सिर्फ रस्म अदायगी नहीं, बल्कि उस सपने का भी सम्मान होगा, जो उन्होंने नवीन, सक्षम और समृद्ध भारत के लिए देखा था। राजीव गांधी की स्मृति को संजोए रखना, उनके उस सपने का सम्मान होगा जो उन्होंने नए भारत के नव-निर्माण के लिए देखा था। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने स्वर्गीय राजीव गांधी को युवा, दूर दृष्टा तथा विकसित भारत का सपना देखने वाला प्रधानमंत्री बताया। जिला



कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा, ÷मतदान की उम्र कम करने, पंचायती राज को मजबूत करने , दूरसंचार और आईटी क्रांति तथा शांति समझौते जैसे कई हस्तक्षेपों के माध्यम से भारत रत्न राजीव गांधी ने भारत को वैश्विक पटल पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से महानगर उपाध्यक्ष करण त्रिपाठी, उमेश उपाध्याय,रामेंद्र त्रिपाठी ,बजरंग बहादुर सिंह, फ्लावर नकवी ,कवींद्र साहनी,उमेश उपाध्याय चंचल सोनकर ,धर्मेंद्र सिंह फास्टर, देव वर्मा ,प्रेम प्रकाश पांडे, अशोक कुमार राय, पूर्व सभासद ,जनार्दन मिश्रा ,मोहम्मद आरिफ आदि उपस्थित रहे।

## प्रेक्षक की उपस्थिति में हुई स्क्रूटनी

**बाराबंकी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 53 बाराबंकी के मतदान के उपरांत सामान्य प्रेक्षक आरआर दामोर के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी सत्येन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह, सम्बंधित विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी व समस्त सुनाव लड़ने वाले प्रत्याशी/प्रतिनिधि/अभिकर्ता की उपस्थिति में स्क्रूटनी की गई।

## मिल्कीपुर का छेदीलाल हत्याकांडः 4 चार दिन बाद भी पुलिस नहीं कर सकी खुलासा, तीन युवकों पर हत्या का मुकदमा दर्ज

**अयोध्या।** शाहगंज के पलिया माफी में 57 वर्षीय छेदीलाल चौरसिया की हत्या के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। पुलिस अभी तक हत्याकांड का खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस जांच में उलझी हुई है। मृतक के बेटे अशोक कुमार चौरसिया ने तीन युवकों पर हत्या का शक जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीते बुधवार 16 मई की रात थाना कोतवाली इनायत नगर अन्तर्गत पुलिस चौकी शाहगंज के टकसरा गांव निवासी डीजे संचालक अशोक चौरसिया के पिता छेदीलाल चौरसिया 57 वर्ष पलिया माफी के पास अपने साइकिल पार्ट्स की दुकान के साथ ही डीजे संचालक थे।

# कारण जो भी हो बाराबंकी के मतदाताओं ने जमकर मतदान कर बढ़ा दिया मान

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** अब इसे मतदाताओं की जागरूकता कहें, जिला प्रशासन के प्रयास कहें या फिर बढ़े वोटरों का परिणाम। बहरहाल 67.10 प्रतिशत मतदान में बाराबंकी का सिर फख्र से ऊंचा कर दिया। कायदे से तो बाराबंकी ने राजधानी को सबक देने का काम किया है। भीषण गर्मी उमस के बावजूद मतदाता ने सूझ बूझ के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। कम से कम आलसी होने के ठप्पा तो नही ही लगने दिया, विधानसभा वार भी नजर डाले तो मतदान प्रतिशत हर जगह संतोषजनक ही रहा है। आइए सबसे पहले नजर डालें 20 मई को बाराबंकी लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए हुए मतदान के अंतिम प्रतिशत पर तो 268 विधानसभा सदर पर 65.7, 269 विधानसभा कुर्सी पर जिले भर में सर्वाधिक 70.45, 269 विधानसभा जैदपुर पर 68, 272 विधानसभा हैदरगढ़ पर 63.36 तो 267 विधानसभा रामनगर पर 66.4 प्रतिशत मतदान हुआ। इस तरह जिले का कुल मतदान प्रतिशत 66.89 बल्कि 67 प्रतिशत रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत 63.91 था इस तरह गत चुनाव के मुकाबले इस बार 4 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ, जो उत्साहजनक है और जिला प्रशासन के हौसले बढाने वाला है। वैसे जागरूकता का परिणाम ही रहा कि इस बार 25 हजार से अधिक मतदाता ने अपना नाम सूची से जोड़ा, वही वर्तमान जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने भी मतदाताओं को जागरूक करने की दिशा में अहम कोशिश की। इन सारे प्रयासों के बाद मतदाता ने भी अपने कर्तव्य का पालन किया, वह भी उस स्थिति में जब भीषण गर्मी, तेज धूप, उमस भरी गर्मी लोगों को घर मे कैद रहने को मजबूर कर रही थी। अगर गर्मी की परवाह न करते हुए डीएम ने एसपी के साथ जिले भर में दौड़भाग कर पसीना बहाया और शांतिपूर्ण मतदान की भरसक कोशिश की तो मतदाता ने उनकी मेहनत का सिला अधिक मतदान करके दे दिया। बढ़े मतदान प्रतिशत से जिलाधिकारी भी बेहद खुश दिखे और मतदाताओं का आभार जताया। बाराबंकी में मतदान का बढ़ना इसलिए भी मायने रखता है क्योंकि जिले से सटे लखनऊ में कम मतदान हुआ, जो कि यूपी की राजधानी।है।

## अलग अलग हादसों में महिला समेत 3 लोगों की मौत

**बाराबंकी।** अलग अलग सड़क हादसों में एक महिला समेत तीन लोगों की अस्वभाविक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार देवी प्रसाद (28) पुत्र स्व. शिव नारायण रावत निवासी ग्राम मर्दापुर मजरे पोखरा थाना हैदरगढ़ ट्रैक्टर चालक था। सोमवार की रात वह ट्रैक्टर के नीचे सो गया, उसका सिर बाहर था। वह पोखरा चीनी मिल में काम करता था, रात में तीन बजे छुट्टी पाकर सोया था। इसी दौरान उधर से दूसरा ट्रैक्टर गुजरा, जो।उसके सर पर चढ़ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कोठी थाना क्षेत्र में दूसरी घटना हुई। सावित्री देवी (64) पत्नी स्व.ग रामनरेश वर्मा सैदनपुर कोठी रात 9 बजे घर के बाहर हैदरगढ़ रोड पार कर रही थी, तभी बाराबंकी की तरफ से जा रही अनियंत्रित बाइक ने उसे ठोकर मार दी।

# मतदाता जागरूकता के लिए सिग्नेचर और सेल्फी प्वाइंट को हुआ उद्घाटन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा सिग्नेचर वाल और सेल्फी प्वाइंट का उद्घाटन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमें सिग्नेचर वाल का उद्घाटन करते हुए उसपर स्वीप संदेश महराजगंज का है अभिमान, शत-प्रतिशत हो मतदान लिखा और अपना हस्ताक्षर सिग्नेचर वॉल पर किया। उनके बाद अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ने भी चुनाव का पर्व, देश का गर्व लिखकर अपना हस्ताक्षर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है और इसको निभाने में यदि थोड़ा कष्ट भी हो तो हमे खुशी-खुशी उस कष्ट को उठा लेना चाहिए। दोनो अधिकारियों के अतिरिक्त जिला पूर्ति अधिकारी, डिप्टी आरएमओ, जिला सूचना अधिकारी और कलेक्ट्रेट परिसर के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी सिग्नेचर वॉल पर मतदान हेतु संदेश लिखकर अपने हस्ताक्षर किए।



# जनपद में कुल 1604 मतदान केन्द्र हैं जिनमें 2178 मतदान बूथ स्थापित

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** संसदीय क्षेत्र 60-डुमरियागंज के लिए मतदान 25 मई को होना है। मतदान की अवधि प्रातः 7 बजे से सायं 6 तक निर्धारित है। जनपद में कुल 1604 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें 2178 मतदान बूथ स्थापित हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 19,61,845 है, जिसमें पुरूष मतदाता 10,45,086 है, महिला मतदाता 9,16,618 है, 141 थर्ड जेन्डर हैं एवं एएसडी मतदाता 15,551 है। जिन मतदाताओं हेतु घर से वोट डालने की व्यवस्था है, उनमें 143 के सापेक्ष 138 मतदाताओं को उनके घर पर मतदान कराया जा चुका है। 5 मतदाता जनपद से बाहर हैं, इसलिये उन्हे मतदान नहीं कराया जा सका है।



जनपद में 42 माडल बूथ, 5 महिला प्रबन्धित बूथ, 5 दिव्यांग प्रबन्धित बूथ एवं 5 युवा बूथ स्थापित हैं। सभी बूथों पर पानी, बिजली, शौचालय, पर्याप्त मात्रा में फर्नीचर, रैम्प व छाया की व्यवस्था की गयी है। जनपद में निर्वाचन की प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 9596 मतदान कार्मिकों की तैनाती की गयी है। कुल 30 जोनल मजिस्ट्रेट तथा 209 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गयी है। 209 सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक चिकित्सीय टीम तैनात की गयी है, जिनके पास सभी प्रकार के एमरजेन्सी मेडिकल किट उपलब्ध हैं। प्रत्येक बूथ पर एक आशा कार्यकर्ती को भी तैनात किया गया है, जिनके पास भी एमरजेन्सी मेडिकल किट उपलब्ध है। हीट वेव से बचाव के लिए भी प्रत्येक बूथ पर पैरामेडिकल किट का प्रबन्ध किया गया है। जनपद में कुल 69 क्रिटिकल केन्द्र हैं, जिनमें 94 बूथ हैं तथा 32 वलनरेबुल बूथ हैं। 1102 बूथों पर वेब कास्टिंग की व्यवस्था है। 78 केन्द्रों पर माइक्रो आबर्जवर लगाए गए है। 100 बूथों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है, जिनमें समस्त 64 शैडो बूथ शामिल है। जनपद में समुचित मात्रा में सीएपीएफ तथा पीएसी की

- **कुल मतदाताओं की संख्या 19,61,845 है, जिसमें पुरूष 10,45,086 व महिला मतदाता 9,16,618 हैं**
- **जिले में 141 थर्ड जेन्डर हैं एवं एएसडी मतदाता 15,551 हैं**

तैनाती की गयी है।एफएसटी व एसएसटी के कुल 45-45 टीमें गठित की गयी है तथा वीएसटी की 15, वीवीटी की 1 टीमें भी सक्रिय हैं। मतदान व्यय के आकलन हेतु प्रत्येक विधानसभा में 1-1 सहायक व्यय प्रेक्षक तैनात किये गये हैं। जनपद में डिस्पैच सेन्टर बीएसए ग्राउण्ड पर बनाया गया है, जहाँ पर निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार समस्त आवश्यक व्यवस्थाए पूर्ण की जायेंगी। स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा की समुचित व्यवस्था की गयी है। मतदान के उपरान्त ईवीएम व वीवी पैट के सुरक्षित भण्डारण हेतु जनपद में अवस्थित नवीन मण्डी स्थल में स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहाँ पर 2 टीयर सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। स्ट्रांग रूम पर निगरानी हेतु 22 कैमरे लगाए गए हैं। मतगणना के दिन 3 टीयर सुरक्षा व्यवस्था की जायेगी, अतिरिक्त तृतीय टीयर में जिला पुलिस के जवान तैनात किये जायेंगे। स्ट्रांग रूम पर पर्यवेक्षण के लिए राजपत्रित अधिकारी की ड्यूटी भी 3 शिफ्ट (8 घण्टे की प्रत्येक शिफ्ट) में लगाई गई है, जो 24ग7 सक्रिय रहेंगे। मण्डी स्थल पर स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु अभ्यर्थी अथवा उनके अभिकर्ता को नियत स्थान पर उपस्थित रहने की अनुमति दी जायेगी। जनपद में कन्ट्रोल रूम विकास भवन में स्थापित किया गया है, जिसका टोल फ्री नम्बर 1950 है। अन्य सम्पर्क सूत्र 05544-220006, 297205, 297206, 297207 व 297208 है। जिला मुख्यालय पर वेबकास्टिंग हेतु 8 एलईडी मानीटर की स्थापना की जायेगी। इसके अतिरिक्त निर्वाचन कार्य में लगे ड्राइवर, क्लीनर, कण्डक्टर, होमगार्ड, कैमरामैन/ वीडियोग्राफर के लिए पोस्टल वैलेट के माध्यम से मतदान के लिए फैलिलिटेशन सेंटर लाईब्रेरी कक्ष-बी0एस0ए0 ग्राण्उड, नौगढ़ में बनाया गया है, जहाँ 22 से 24 मई तक पूर्वाहन 10 बजे से अपराहन 5 बजे तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होगी।

## देश बदलाव चाहता है, आप भी बदलाव करें : वीरेंद्र



**महराजगंज अवधनामा संवाददाता।** इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने मंगलवार को फरेंदा विधान सभा क्षेत्र के सहजनवआ बाबू, खड़खोड़ी झड़ खोड़ा, धरइधी, धरइया सहित एक दर्जन गांवों में मीटिंग कर लोगों से आशीर्वाद स्वरूप वोट की अपील की। उन्होंने लोगों से संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा के नाम पर वोट मांगा। कहा मौजूदा सरकार आरक्षण खत्म कर वंचितों को नौकरी से वंचित रखना चाहती है। इनके एजेंडे सिर्फ नफरत और बांटने खाने के अलावा कुछ नहीं हैं। हमारे नेताओं के हेलीकाप्टर चेक किए जाते हैं, जबकि भाजपा नेताओं को टच तक नहीं किया जाता। वीरेंद्र चौधरी ने कहा कि देश बदलाव चाहता है इसलिए आप भी बदलाव करिए। उन्होंने कहा वोट देते समय तक बार के अमीर सांसद और अभी अभी विधायक चुने गए अपने बेटे में फर्क जरूर ढूंढ़ियेगा। इस दौरान उनके साथ पीसीसी सदस्य विजय सिंह,जय प्रकाश लाल, रामनरायन, राम प्यारे सहित दर्जन भर लोग मौजूद रहे।

## राघवेंद्र लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मनोनीत



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर राघवेंद्र द्विवेदी को लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया गया। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा मशाल ने मंगलवार को शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के महला चौराहे पर नवनियुक्त पदाधिकारी को लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव द्वारा जारी मनोनयन पत्र प्रदान कर लाल टोपी, समाजवादी अंग वस्त्र और माल्यार्पण कर बधाई दिया। ध्यातव्य हो कि विगत सोमवार को जिला मुख्यालय सिद्धार्थ नगर में पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के सिद्धार्थ नगर आगमन पर राघवेंद्र द्विवेदी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता लिए थे। इस दौरान राघवेंद्र द्विवेदी,राम करन चौधरी पूर्व कनिष्ठ प्रमुख,गंगा राम पासवान प्रधान, विशुनदेव चौरसिया, रामानंद मिश्रा, राकेश दूबे, अजय चौरसिया,उत्कर्ष पांडेय, शैलेश शुक्ला, यासीन मास्टर, गोपाल यदुवंशी, संतलाल गौतम, रोहित यादव, अमीरुल्लाह सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी व सीडीओ ने किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोक सभा चुनाव को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु मतदान सम्पन्न होने के पश्चात ईवीएम रखने हेतु स्ट्रांग रूम, मतगणना हेतु अन्य सभी तैयारियों के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार द्वारा मण्डी समिति, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल बैरिकेटिंग के साथ जाली लगवाने का निर्देश दिया। मण्डी समिति में पूरे परिसर में सुरक्षा के दृष्टिगत सी.सी.टी.वी. कैमरा लग गया है। इसके साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था ठीक कराने का भी निर्देश दिया गया। इसके अलावा अन्य बचे हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, अपर उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने की बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को नगरपालिका सभागार में बैठक की। संघ के मंडल अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना आवश्यक है। मतदान से ही आप अपनी मनचाही सरकार चुनते हैं, इससे लोक कल्याण का कार्य होता है। उन्होंने भारतीय मजदूर संघ संगठन के नियम, मर्यादा और कर्तव्यों की जानकारी दी। साथ ही बताया कि यह पूर्णतया अराजनैतिक संगठन है जो कि राष्ट्रहित, उद्योग हित और श्रमिक हित में कार्य करता है। हमारा नारा है राष्ट्र के हित में करेंगे काम, काम के लेंगे पूरे दाम। जिलाध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि संघ का उद्देश्य सरकारी समेत असंगठित क्षेत्र के कामगारों के अधिकारों की रक्षा करना है। बैठक के अंत में समिति का गठन करने के लिए प्रस्तावित नाम इकट्ठा कर अग्रिम कार्यवाही के लिए भेजे गए। इस अवसर पर उमेश चंद्र मिश्र, ओपी गुप्ता, आशुतोष यादव, हरिशंकर सिंह, शैलेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, केषभान यादव, राजेश श्रीवास्तव, अश्वनी पाठक, जगनारायण आदि मौजूद रहे।

## शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने के लिये पंजाब पुलिस की 1563 डी पहुँची राजेसुल्तानपुर

**आलापुर (अंबेडकरनगर) अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा क्षेत्र संत कबीर नगर के अंतर्गत आने वाली विधानसभा आलापुर में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए पंजाब पुलिस की 1563 डी बटालियन थाना राजेसुल्तानपुर के चित बहाल आदर्श बालिका इंटर कॉलेज पुरनपुर पहुंची जहां सुरक्षा कर्मियों के पहुंचने पर थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी एवं विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर श्रीमती सुषमा सिंह ने अधिकारियों एवं सुरक्षा कर्मियों को पुष्पगुच्छ देकर और रोली चंदन लगाकर शानदार स्वागत सम्मान किया। मालूम हो इस दौरान डीएसपी दलजीत कुमार इंस्पेक्टर ऋषिपाल सिंह डीएसपी दलजीत कुमार के रीडर बलविंदर सिंह के साथ सैकड़ो जवान विद्यालय पर पहुंचे। थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी एवं प्रधानाचार्य सुषमा सिंह ने सभी सुरक्षा कर्मचारियों का स्वागत किया और उन्हें जलपान कराने के बाद विद्यालय में व्यवस्थित कमरों तक छोड़ा। पंजाब पुलिस के डीएसपी दलजीत कुमार ने सभी कमरों का निरीक्षण किया और विद्यालय पर सुरक्षा बलों की लिए की गई व्यवस्था की सराहना किया और प्रधानाचार्य सुषमा सिंह थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी हेड कांस्टेबल सुभाष यादव की प्रशंसा किया। इस दौरान कांस्टेबल रविंद्र चौहान विद्यालय की शिक्षक अर्चना तिवारी, ज्ञानेन्द्र सिंह, बबलू सिंह आदि मौजूद रहे।



## धड़ाधड़ काटे जा रहे हैं लकड़ कट्टों द्वारा हरे आम के फलदार पेड़



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सिद्धार्थनगर जनपद के बांसी तहसील अंतर्गत आम का सीजन पर जहां आम के पेड़ों में आम के फल लगे हुए हैं फिर भी धड़ाधड़ आम के पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है ऐसा ही कुछ बांसी तहसील क्षेत्र के थाना गोल्हौरा के ग्राम गोठवा मैं ठेकेदार द्वारा कई पेड़ों पर आरा चलाया गया। हालांकि ठेकेदार द्वारा बताया गया पेड़ों को काटने के लिए विभाग के अफसरों से परमिशन लेने की जरुरत नहीं है। अब संबंधित विभाग हरे भरे और फलदार पेड़ काटने के लिए किस तरीके से जुबानी परमिशन दिया है या परमिट यह तो केवल संबंधित विभाग ही जान सकते हैं किंतु आम का सीजन पर आम के हरे फलदायी पेड़ धड़ाधड़ काटे जा रहे। थाना गोल्हौरा क्षेत्र के ग्राम गोठवा मैं कुछ लोगों द्वारा लकड़ी काठी और ट्राली में भरी जा रही थी इस संबंध में जब बात की गई तो अनुज चौधरी नाम के ठेकेदार को बताया गया जिन्होंने बताया कि आम के पेड़ काटने के लिए संबंधित विभाग से परमिट की कोई जरुरत नहीं है। अब सोचने वाली बात है। इस पर सरकार को और संबंधित विभाग को सूचना चाहिए अन्यथा वृक्षारोपण करने से कोई मतलब नहीं जब बड़े बड़े पेड़ों को धराशाई कर मौखिक परमिशन के नाम पर फलदार पेड़ों को उजाड़ा जाएगा तो फिर हरियाली कहां से लाई जाएगी इस पर हम सबको एक बार सोचना चाहिए और परमिट देने से पहले हजार बार सोचना चाहिए फिलहाल ठेकेदार द्वारा बताया गया जिन पेड़ों को काटा जा रहा है उन सभी पैरों का मौखिक परमिशन बना हुआ है। मौके पर बांसी रेंजर पहुंच कर ने 10000 हजार रुपए का जुर्माना कर दिया।

## चिल्हिया पुलिस ने 4 नफर वांछित को किया गिरफ्तार



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्राची सिंह के आदेश के क्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ दरवेश कुमार के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चिल्हिया अमित कुमार के नेतृत्व में अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत मंगलवार को थाना चिल्हिया एवम से सम्बन्धित मनोज पुत्र भगवंत,रामरतन पुत्र सर्वजीत, भगवंत पुत्र महाबली, सर्वजीत पुत्र अमेरिका ग्राम पंचायत गायघाट टोला दुबौलिया थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी स्थान व समय गायघाट दुबौलिया से भडेहर जाने वाली पुलिया पर समय 05.30 बरामदगी घटना में प्रयुक्त अस्त्र कुल्हाड़ी। इस दौरान थानाध्यक्ष अमित कुमार,उ0 नि0 शम्स जावेद, हे0 का0 हाकिम चन्द्र, हे0का0 राजेश गौड़, हे0का0 अभय नारायण, का0 रविकांत का0 मनोज कन्नौजिया आदि लोग मौजूद रहे।

# कुशल नहीं राहुल लड़ रहे चुनाव, यह मानकर जी जान से जुट जाये कांग्रेसजनः अविनाश पांडेय

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज संसदीय सीट से इंडिया एलायंस उम्मीदवार को जिताने के लिए कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने बैठक कर व्यापक रणनीति पर विचार विमर्श किया। जिला मुख्यालय स्थित एक होटल में आयोजित इस बैठक की सदारत यूपी प्रभारी अविनाश पांडेय ने की। बैठक में राष्ट्रीय सचिव सत्य नरायन पटेल भी मौजूद थे। जिले के सभी वरिष्ठ कांग्रेजनों के साथ हुई बैठक में इस बात पर चर्चा हुई कि गठबंधन की कामयाबी तभी है जब गठबंधन के सहयोगी दल अपने अपने समर्थक वोटों को समर्थक दल के उम्मीदवार को दिलवा ले जाये। यूपी प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडेय ने कहा कि इस बार चुनावी माहौल 2009 की तरह है जब कांग्रेस के चुनाव परिणाम से बड़े बड़े विश्लेषक चौंके थे। माहौल पूरी तरह गठबंधन मय है। अब तक जो पांच फेस के चुनाव हुए हैं वही भाजपा की पूरी तरह हार के संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा कहीं है नहीं,बस मोदी ही मोदी हैं। चुनाव परिणामों के संकेत से मोदी की बौखलाहट जनता के सामने है। उन्होंने कहा कि जनता इस बार साथ है,हमें वोट के दिन तक उसे बनाए रखना है। उन्होंने कांग्रेस जनों से कहा कोई कन्फ्यूजन नहीं होना चाहिए। डुमरियागंज में कुशल तिवारी नहीं राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं,इसे ध्यान में रखकर कांग्रेस के लोग सपा उम्मीदवार का साथ दें। बैठक में अपनी राय रखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सत्य नरायन पटेल ने कहा कि पड़ोसी लोकसभा क्षेत्र महराजगंज में गठबंधन से कांग्रेस चुनाव लड़ रही है। वहां का आलम यह है कि हमारी सहयोगी पार्टी सपा का एक एक कार्यकर्ता तन मन से कांग्रेस उम्मीदवार के साथ लगा हुआ है। सारे पदाधिकारी जी जान से जुटे हैं,उसी तरह डुमरियागंज में कांग्रेस जनों को सपा उम्मीदवार की मदद करनी चाहिए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नर्वदेश्वर शुक्ल ने अपने शीर्ष नेताओं को भरोसा दिया कि यहां के कांग्रेस जन डुमरिया गंज की सीट जिताकर राहुल गांधी को समर्पित करने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा लोगों में कांग्रेस की पांच गारंटी की खूब चर्चा है। लोग उस पर बहस कर रहे हैं,विश्वास कर रहे हैं। बैठक में मौजूद पूर्व सांसद मो.मुकीम और प्रदेश सचिव खुर्शेद आलम ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि हम जरूर जीतेंगे।



**जलालपुर मे शिवपाल यादव ने लालजी वर्मा के पक्ष मे की जनसभा**

# देश के नौजवानों को रोजगार का झांसा देकर किया गया गुमराहः शिवपाल यादव

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** अंबेडकर नगर लोकसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी लालजी वर्मा के पक्ष में माहौल बनाने जलालपुर विधानसभा नगर के रामलीला मैदान में पहुंचे सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर समाज में नफ़रत घोल रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले दस सालों से देश में नफ़रत का माहौल बना कर समाज में वैमनस्यता फैलाई गई। देश के नौजवानों को रोजगार का झांसा देकर गुमराह किया गया। शिवपाल यादव ने भाजपा को चोर पार्टी बताते हुए करारा प्रहार किया। केंद्र व प्रदेश सरकार की जहां खामियां बताई। उन्होंने कहा कि पूरे देश में बदलाव की बयार बह रही है। गठबंधन की सुनामी में एनडीए सरकार का खात्मा हो जाएगा। पार्टी के घोषणा पत्र के तारीफ के पुल बांधे। सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान सपा के नेता अंबिका चौधरी,शाहिद मंजूर, पूर्व एम एल सी हीरालाल यादव, पूर्व एम एल ए सुभाष राय, मोहम्मद एबाद, धर्मेंद्र यादव, अखिलेश यादव, अनीसुर्रहमान, डा राजेंद्र वर्मा, मोहम्मद अब्बास राजा, किरदार मेंहदी, भीम निषाद डॉ राजेश सिंह सहित जिले भर के दिग्गज नेता मौजूद रहे। वरिष्ठ सपा नेता स्वर्गीय फूल चंद यादव को दी श्रद्धांजलि। मुलायम सिंह महिला महाविद्यालय के संस्थापक सपा नेता स्वर्गीय फूल चंद यादव को श्रद्धांजलि देने महाविद्यालय पहुंचे शिवपाल यादव ने परिजनों को सांत्वना देते हुए चित्र पर माल्यार्पण कर श्रधासुमन अर्पित किए।



## मतदान बाद जुबानी गणना में जुटे समर्थक

**अमेठी।** लोकसभा चुनाव का मतदान जिले में कल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मतदान बाद अब समर्थक जुबानी गणना में जुट गए हैं। हर गली चौराहे और सार्वजनिक स्थलों पर लोग एक दूसरे मतदान केंद्र का हाल-चाल और मतदाताओं का रुझान जानने की जहां कोशिश कर रहे हैं वहीं जुबानी गणना का भी दौर शुरू हो गया है। विभिन्न दलों के समर्थक अपने-अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए कागज कलम लेकर चुनावी गणित लगाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। विधानसभा वार जातीय आंकड़ों के आधार पर मतों का बंटवारा करते हुए अपने प्रत्याशी के पक्ष में मत की गणना करते नजर आ रहे हैं। वहीं कहीं कहीं जुबानी गणना से असंतुष्ट होने पर कागज कलम फिर से उठाया जाता है और बूथवार फिर से काउंटिंग शुरू की जाती है। बार-बार जोड़-तोड़ का गणित चल रहा है यह आलम खासकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के समर्थकों के बीच देखा जा रहा है।

## हरीश द्विवेदी की शानदार जीत के लिये सड़क पर उतरी आधी आबादी



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भाजपा प्रत्याशी एवं मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को एक बार फिर शानदार जीत दिलाने के लिये आधी आबादी सड़क पर उतरी। सदर ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव एवं उनकी पत्नी चंदा श्रीवास्तव के नेतृत्व में शास्त्री चौक पर सैकड़ों महिलायें इकट्ठा हुई। यहां से हरीश द्विवेदी और भाजपा के पक्ष में नारेबाजी करते हुये गांधीनगर पहुंची और यहां से महिलाओं की टीम गली मोहल्लों में जाकर डोर टु डोर कैंपेन करने लगीं। राकेश श्रीवास्तव ने कहा हरीश द्विवेदी तीसरी बार भारी वोटों के अंतर से चुनाव जीतने जा रहे हैं। महिलायें, नौजवान, व्यापारी, किसान सभी हरीश द्विवेदी के साथ हैं। उन्होने आम जनमानस से हरीश द्विवेदी को जिताने की अपील किया। इस अवसर पर रिंकी सिंह, मंजू सिंह, ममता, सुनीता, रंजना, सोनी कन्नौजिया, इश्रावती, अंजू, बबिता, प्रियंका, कुम कुम, आशीष गुपा, विक्की, सहित आदि महिलायें मौजूद रहीं।

## लोकसभा चुनाव दो विचारधाराओं की लड़ाई : पाण्डेय

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** ईडी, सीबीआई और मीडिया को काबू कर भारतीय जनता पार्टी ने भारत के लोकतंत्र को बहुत कमजोर कर दिया है। ज्वलन्त मुद्दों से दूरी बनाकर भाजपा के लोग राम के नाम पर वोट मांग रहे हैं। यह बातें कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अविनाश पाण्डेय ने कही। वे मालवीय रोड पर एक मैरेज हाल में समन्वय बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता ने कहा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर भारत की निरकुंश सत्ता ने जनता के द्वारा चुने गये दो मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल दिया। इलेक्टोरेल बाण्ड के जरिये पूंजीपतियों से चंदा लेकर महंगाई बढ़ाने पर मजबूर कर दिया। किसानों, नौजवानों, महिलाओं, सैनिकों का हक मारकर भारतीय जनता पार्टी ने चंद पूंजीपती मित्रों का 16 लाख करोड़ रूपया कर्जा माफ कर दिया।

## व्यक्तिगत साफ-सफाई स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी है : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण के तीसरे दिन अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने प्रतिभागी सभी आशाओं को अपने से संबंधित क्षेत्र में गृह भ्रमण के दौरान योग्य दंपत्ति, गर्भवती महिला तथा बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई तथा गर्भवती महिलाओं के अंतिम मासिक तिथि से एक सप्ताह तक पंजीकरण करते हुए फोलिक एसिड टेबलेट शुरुआत करने की बात की गई। कु. सुषमा द्विवेदी के द्वारा आशा बहू को एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत नवजात शिशुओं के अभिभावक को हाथ धुलने की जानकारी देना, नवजात शिशु का वजन, तापमान, सांस की गिनती, तथा नवजात शिशु तथा मां के खतरे की लक्षण के विषय में जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर राजीव कुमार त्रिपाठी व मैराज अहमद ने बताया कि आशा बहू को अपने क्षेत्र में 3, 6, 9, 12 एवं 15 माह के प्रत्येक बच्चों के भ्रमण करने पर आशा को ?50 का प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाएगा। अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने स्वास्थ्य प्रबंधन की जरूरत पर बल देते हुए बताया कि व्यक्तिगत साफ -सफाई स्वस्थ्य रहने के लिए जरूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकर्ताओं को साफ पानी के इस्तेमाल, स्वच्छता व व्यक्तिगत सफाई संबंधी जानकारी आम लोगों को देने का प्रशिक्षण दिया। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर बीमार बच्चों का स्वास्थ्य प्रबंधन व बच्चों के शारीरिक विकास पर नजर रखने संबंधी जानकारी भी दी। इस दौरान फूल कुमारी, अनीता, दुर्गेश नंदिनी, संध्या, सुशीला, विनीता, मौजूद रहे।

# पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गाँधी संचार क्रांति के महानायक थे : मेराजुद्दीन

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** आधुनिक भारत के निर्माता, देश में सूचना व कंप्यूटर क्रान्ति के जनक, युवाओं को 18 वर्ष की आयु में मताधिकार दिलवाने वाले प्रधानमंत्री राजीव गांधी की देन है जो भारव विश्व की सबसे बड़ी चौथी महाशक्ति है एआईसीसी सदस्य सै मेराजुद्दीन किछौछ्वी बरही ईदिलपुर में राजीव खे सपनों भारत गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा कि पंचायती राज को धरातल पर मजबूती प्रदान करने वाले भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि पर देश श्रद्धावनत है।

जिला कांग्रेस कमेटी अम्बेडकर नगर के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न राजीव गाँधी जी की 33वां बलिदान दिवस जनपद में राष्ट्रीय एकता और अखंडता दिवस के रूप में मनाया गया जनपद के बरही ईदिलपुर गांव में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुखीलाल वर्मा की अध्यक्षता और ब्लाक अध्यक्ष जोखन सिंह के संचालन में हुये कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने मां भारती के सच्चे सपूत राजीव गाँधी के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और राजीव के सपनों का भारत विषयक गोष्ठी की। उप्र कांग्रेस के पूर्व सचिव अमित जायसवाल पूर्व प्रत्याशी और उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी ने कहा कि राजीव गाँधी जी ने चीन की दादागीरी को धता बताते हुए अरुणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा कर भारत की सीमाओं को सुरक्षित किया। गोष्ठी को वरिष्ठ कांग्रेस नेता शकील अहमद अंसारी, सुखीलाल वर्मा, मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, उप्र युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा,जोखन सिंह, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष हेमंत अहीर,शाह आलम और वसीम अहमद ने संबोधित किया। प्रमुख रूप से अजीज कुरैशी, रईस अहमद, हयात मोहम्मद, अबुल हसन,मो सलीम, मुश्तकीम अहमद, मो अफजद, मो आमिर, कुलदीप उपाध्याय, कल्लन खाँ, मो अहमद मो मुस्तफा, गिरीश पांडेय, निजामुद्दीन, साहबदीन, विशाल, हिमांशु शुक्ला मौजूद रहे।



## सुलह समझौता के माध्यम से विवादों का निस्तारण

**अम्बेडकरनगर।** जनपद न्यायालय, अम्बेडकरनगर में भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में एडीआर भवन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर में संचालित मध्यस्थता केन्द्र में कार्यरत अधिवक्ता मध्यस्थगण के साथ मध्यस्थता केन्द्र में सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित होने योग्य आने वाली पत्रावलियों को अधिक से अधिक संख्या में सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण हेतु बैठक का आयोजन किया गया मध्यस्थता केन्द्र में आने वाले पक्षकार गण की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुये उन्हे सकारात्मक रूप से अपने विवादों को सुलह वार्ता कर बिना मुकदमा किये आपसी सुलह समझौता के आधार पर निस्तारित किये जाने हेतु प्रोत्साहित करें एवं अधिक से अधिक संख्या में वादों को सुलह समझौता के माध्यम से निस्तारित करवायें। उपस्थित अधिवक्ता मध्यस्थगण द्वारा अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कार्य किये जाने हेतु अपनी सहमती व्यक्त की गई इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के आदेशानुसार माह जुलाई में दिनांक 13.07.2024 दिन शनिवार को जनपद न्यायालय अम्बेडकरनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

## भाग्य विधाता

प्रजातन्त्र में मतदाता देश का भाग्य विधाता होता है। इसीलिये चुनाव की निष्पक्षता और शुद्धता पर जोर दिया जाता है। कहने के एक मतदाता के पास एक मत होता है पर इसी एक एक मत के आधार पर बहुमत बनता है। कभी सिर्फएक मत ही निर्णायक बन जाता है। मुल्क को कैसी सरकार चाहिये, किस तरह की अर्थव्यवस्था चाहिये किस नेता को आगे बढ़ाना है किसे गिराना है सब मतदाता के अधीन होता है। कहते है एक अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता पर कभी-कभी एक मत भी भाड़ फोड़ देता है।

20 तारीख का मतदान लखनऊ सहित 49 सीटों पर होगा। इसके अनारगत आठ राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में मतदान होगा। यूपी में 14 सीटे है, 144 प्रत्याशी है और सौ करोड़ मतदाता है। इसमें 144 करोड़ पुरूष और 127 करोड़ महिलायें है। 28688 पोलिंग बूथ है, 17128 मतदान केन्द्र है। 4232 पोलिग बूथ संवेदनशील चिन्हित किये गये है। 43 सेन्टीग्रेड की गर्मी मतदाता, मतदान कर्मचारी झेलेगे। मतदान करना भारत के हर नागरिक का अधिकार है इसका सम्मान होना चाहिये।

पांचवी चरण की वोटिंग के बाद दो चरणों के मतदान बचेगे। इसके बाद चार जून के नतीजों का इन्तजार बाकी बच जाता है। पहले तीन चरणों में मतदाताओं का प्रतिशत कम रहा लोगो का कयास है यह मार्केट में आई गिरावट से सम्बन्धित है। मार्केट में गिरावट नतीजों के अनिश्चितता को लेकर आई जिसका असर मतदान औसत पर आया। चौथे चरण में मतदान का औसत बढ़ा तो बजार की स्थिति सुधर गई। विगत में इस तरह की अटकल बाजी गलत साबित होती रही है। मतदाताओं में कमी की वजह सत्ता समर्थन में उत्साह की कभी बताई जा रही है। महाराष्ट्र और बिहार जैसे राज्यों में एनडीए के सहयोगी दलों के वोट ट्रान्सफर करने की क्षमता पर सवाल उठाये जा रहे है। किस दल के समर्थको ने मतदान में कम हिस्सा लिया इसका सही जवाब किसी के पास नहीं है। कुछ राज्य जैसे महाराष्ट्र, बिहार में राजनीतिक घात प्रतिघात चरम पर है, यहां चुनावी परिदृश्य बहुत जटिल हो गये है। कोई निश्चित निष्कर्ष निकाल पाना कठिन है। दो राज्यों की बात छोड़ दे तो आम राय यह है क बाकी हिस्सों में कोई चुनावी लहर नहीं दिख रही है। इसलिये किसी पार्टी या नेता के प्रति अश्वस्त होना मुशकिल बन गया है। हालाकि भाजपा के लोगो को मोदी की करिश्मा पर गहन विश्वास है। पांचवें चरण के चुनाव में पांच सीटे हाट मानी जा रही है लखनऊ सीट पर राजनाथ सिंह भाजपा, रविदास मेहरोत्रा सपा में मुख्य प्रतिस्पर्धा है। रायबरेली में राहुल गांधी, कांग्रेस, दिनेश प्रताप सिंह भाजपा के बीच मुख्य प्रतिस्पर्धा है। अमेठी में स्मृति इरानी भाजपा और किशोरी लाल शर्मा कांग्रेस के बीच युद्ध है। मोहन लालगंज में कौशल किशोर भाजपा, और सपा के आर.के.चौधरी के बीच टक्कर है। कैसरगंज में करन भूषण सिंह भाजपा और मंगल राम मिश्र सपा के बीच टक्कर है। अभी जीत के अपने अपने अनुमान लगा रहे है। सारी तस्वीर 4 जून को स्पष्ट हो जायेगी। यह सच है कि हर चुनाव के पूर्वमान नतीजे विश्वसनीय नहीं होगे।

दिल्ली की राजनीति के जानकार इस पूरे प्रकरण को 'आप' की अंदरूनी कलह के नतीजे के रूप में देख रहे हैं। लेकिन इस मामले में राजनीति के अलावा बड़ा सवाल महिला सुरक्षा का भी है। मुख्यमंत्री आवास में किसी महिला, और वो भी सांसद, के साथ मारपीट होना अपने आप में चिंताजनक मामला है। केजरीवाल, मालीवाल और कुमार, तीनों पुराने साथी हैं। राजनीति में आने से पहले जब केजरीवाल एक आरटीआई कार्यकर्ता थे, तब मालीवाल और कुमार उनके साथ उनके एनजीओ परिवर्तन और पीसीआरएफके लिए काम करते थे। श्आपश् में आज भी ऐसे लोग हैं जो उस जमाने से केजरीवाल के साथी हैं।

# मालीवाल मामले में केजरीवाल की चुप्पी के मायने

आम आदमी पार्टी और उसके मुखिया अरविंद केजरीवाल के सितारे इन दिनों गर्दिश में हैं। बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव प्रचार के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत प्रदान की। लेकिन जेल से बाहर आते ही केजरीवाल एक नये विवाद में फंस गये। ताजातरीन मामला पार्टी की ही राज्यसभा सांसद तथा 9 साल तक दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल का है,



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

जिनकी मुख्यमंत्री आवास में ही, पिटाई की गई। जाहिर है कि एक महिला के साथ बदसलूकी की गई, हिंसक व्यवहार भी किया गया, लिहाजा यह आपराधिक हरकत से कम नहीं है। दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ 4 घंटे से अधिक समय तक संवाद करने के दौरान स्वाति मालीवाल ने खुलासा किया है कि मुख्यमंत्री के निजी स्टाफने उन्हें 5-6 थप्पड़ मारे। शरीर के निचले हिस्से पर लात मारी, छाती और पेट पर मुक्के मारे गए।

बताया जाता है कि मुख्यमंत्री केजरीवाल उस दौरान घर के भीतर ही मौजूद थे। यदि मुख्यमंत्री आवास में महिला सांसद पर ऐसा हिंसक आक्रमण किया गया है, तो वह सिर्फनिजी सहायक की औकात नहीं हो सकती। क्या स्वाति पर हमला जानबूझ कर कराया गया? क्या मुख्यमंत्री अपने ही सांसद से मुलाकात नहीं करना चाहते थे? क्या केजरीवाल चाहते हैं कि स्वाति सांसदी छोड़ दें, ताकि अभिषेक मनु सिंघवी को सांसदी देकर 'उपकृत' किया जा सके? इसके अलावा सांसद होने के नाते मालीवाल पर हमला होना सांसद के विशेषाधिकार के हनन का मामला भी है । ऐसे मामलों का अमूमन संसद भी संज्ञान लेती है और संबंधित लोगों, संस्थाओं को नोटिस जारी करती है. मालीवाल के मामले में ऐसा अभी तक नहीं हुआ है । ऐसे में सवाल यह है कि कि मुख्यमंत्री आवास है या मारपीट, गुंडई का कोई अड्डा..! कुछ अंतराल पहले, मुख्यमंत्री आवास में ही, तत्कालीन मुख्य सचिव के साथ हाथापाई की गई थी। खबरें तो मारपीट की भी आई थीं। मामला अदालत तक पहुंचा। अंततरू क्या हुआ, कोई जानकारी नहीं। समय गुजरा, तो उस घटना पर धूल की परतें जम गई। आखिर आम आदमी पार्टी (आप) के भीतर और मुख्यमंत्री केजरीवाल के जीवन में क्या घट रहा है कि हालात सुलगते महसूस होते हैं। कोई विधायक अपनी पत्नी पर ही कुत्ता छोड़ देता है! कोई मंत्री राशन कार्ड बनवाने आई महिला के साथ बलात्कार करता है! शराब घोटाले में तो खुद केजरीवाल संलिप्त बताए गए हैं। 'आप' एक बड़े खोल में बेहद विस्फोटक पार्टी लगती है। यदि मुद्दा यही है, तो स्वाति पर हिंसक व्यवहार करने की जरूरत क्या थी? सबसे महत्वपूर्ण और मानवीय पक्ष यह है कि जिस महिला साथी की मुख्यमंत्री के घर के भीतर तक पहुंच रही है, एनजीओ 'परिवर्तन' के दौर से साथ-साथ काम करते रहे हों और जनवरी, 2024 में ही जिसे राज्यसभा सांसद चुना गया हो, ऐसे साथी पर ऐसा हिंसक आक्रमण करना वाकई हैरान



करता है, चौंकाता भी है। स्वाति मालीवाल के बयानों और अढाई पन्नों की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। धाराओं 354, 506, 509 और 323 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने स्वाति का एम्स दिल्ली में मेडिकल भी कराया है।

उधर राष्ट्रीय महिला आयोग ने भी मुख्यमंत्री के निजी सहायक विभव कुमार को तलब किया है। खुद 'आप' के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी इसे विभव कुमार की 'बदसलूकी' करार दिया है। क्या पुलिस विभव को गिरफ्तार करेगी? सवाल यह है कि मुख्यमंत्री आवास में ही ऐसी हिंसक गुंडई क्यों की गई? ऐसी नौबत ही क्यों आई? दरअसल स्वाति मुख्यमंत्री केजरीवाल से मिलने उनके सरकारी आवास गई थीं। जेल से बाहर आने के बाद वह मिल नहीं सकी थी। मुख्यमंत्री आवास के गेट पर सुरक्षा व्यवस्था ने उन्हें रोका था, क्योंकि मुख्यमंत्री के साथ मुलाकात का अधिकृत समय तय नहीं था। फिर भी स्वाति घर के अंदर चली गई और ड्राइंग रूम में जाकर बैठ गई। यह सोमवार 13 मई की बात है। उसके 81 घंटों तक स्वाति खामोश रहीं। '112' नंबर पर फोन करके उन्होंने हिंसक हमले की जानकारी पुलिस को दी थी, लेकिन उसके बाद सभी पक्ष सोचते ही रहे। दिल्ली की राजनीति के जानकार इस पूरे प्रकरण को 'आप' की अंदरूनी कलह के नतीजे के रूप में देख रहे हैं। लेकिन इस मामले में राजनीति के अलावा बड़ा सवाल महिला सुरक्षा का भी है। मुख्यमंत्री आवास में किसी महिला, और वो भी सांसद, के साथ मारपीट होना अपने आप में चिंताजनक मामला है। केजरीवाल, मालीवाल और कुमार, तीनों पुराने साथी हैं। राजनीति में आने से पहले जब केजरीवाल एक आरटीआई कार्यकर्ता थे, तब मालीवाल और कुमार उनके साथ उनके एनजीओ परिवर्तन और पीसीआरएफ के लिए काम करते थे। आप में आज भी ऐसे लोग हैं जो उस जमाने से केजरीवाल के साथी हैं। लोकपाल आंदोलन के बाद जब एक राजनीतिक पार्टी बनाने का फैसला लिया गया तो उस समय मालीवाल इस फैसले से सहमत नहीं थीं। वो राजनीति से बाहर रहना चाहती थीं और वो बाहर रहीं भी। जुलाई 2015 में उन्हें दिल्ली सरकार ने दिल्ली महिला आयोग का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया। बाद में उन्हें इसी पद पर एक और कार्यकाल के लिए नियुक्त किया गया लेकिन जनवरी, 2024 में पार्टी ने उन्हें राज्यसभा के लिए मनोनीत किए जाने के बाद उन्होंने आयोग से इस्तीफा दे दिया और सांसद बन गई। दिल्ली की आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं के मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद यह सवाल उठे कि मालीवाल और पार्टी के एक और सांसद राघव चड्ढा मुखर रूप से केजरीवाल की रिहाई की मांग करते हुए नजर क्यों नहीं आ रहे हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया कि दोनों सांसद उस समय निजी और पारिवारिक कारणों से देश से बाहर थे। लेकिन अब इस एफआईआर के बाद इन अटकलों ने और तूल पकड़ लिया है कि कहीं इन दोनों और पार्टी के बीच गहरे मतभेद तो नहीं हो गए हैं। जब साल 2015 में आम आदमी पार्टी सत्ता में आई थी, तो उसने महिलाओं की सुरक्षा को अपनी प्राथमिकता बताया था। अब हालात यह हैं कि पार्टी की महिला सांसद की ही सीएम आवास में बुरी तरह पिटाई हो रही है। असल में आम आदमी पार्टी ने अपने वादे के मुताबिक महिलाओं की सुरक्षा के लिए कुछ नहीं किया है। मुख्यमंत्री केजरीवाल लखनऊ गए, तो विभव को साथ ले गए। वहां पत्रकारों ने बार-बार सवाल पूछे, तो वह माइक को अखिलेश यादव या संजय सिंह की ओर सरकाते रहे। एक शब्द तक नहीं बोले। पुलिस को शिकायतनामा देने के बाद स्वाति ने 'एक्स' पर लिखा है-मेरे साथ जो हुआ है, वह बहुत बुरा था। मैंने बयान दर्ज करा दिया है। आशा है कि उचित कार्रवाई होगी। भाजपा से भी गुजारिश है कि वह इस मुद्दे पर राजनीति न करे।'' बहरहाल यह कांड भी केजरीवाल पर भारी पड़ सकता है। अभी वह एक जून तक ही जमानत पर हैं। उसके बाद फिर जेल जाना ही पड़ेगा। यह आम चुनाव का दौर है। उसके दौरान ऐसे हिंसक कांडों से बचा जाना चाहिए था। इस मामले को लेकर विपक्ष खासकर भारतीय जनता पार्टी आप से लगातार सवाल पूछ रही है।

## जब नेहरू के संज्ञान में चुनावी फर्जीवाड़ा अमरोहा में हुआ था!

अत्यंत सचेत हो गया है सुप्रीम कोर्ट लोकसभा चुनाव के विषय में। कल (17 मई 2024) को प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने निर्वाचन आयोग की एक याचिका पर गौर करने के बाद, निर्देश दिया कि मत प्रतिशत में बढ़ोतरी कैसे हो गई? याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ईवीएम मशीन



के. विक्रम राव

को साधा जा रहा है।खैर चुनाव निष्पक्ष हो हर भारतीय चाहेगा, लोकतंत्र की नैतिक शुचिता हेतु। किन्तु इस अवसर पर परंपरा पर भी नजर डालना चाहिए। उस वक्त (1963) में संसदीय लोकतंत्र कमसिन आयु (13 साल की) था। आदर्श पुरुष जवाहरलाल नेहरू प्रधानमंत्री थे। हालांकि उन पर शक हो गया था क्योंकि उनकी काबीना में कानून मंत्री थे अशोक सेन कोलकता वाले। तब उनके श्वसुर न्यायमूर्ति सुधीर रंजन दास भारत के प्रधान न्यायाधीश थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी थे श्री अशोक सेन के भाई श्री सुकुमार सेन। वे देश के प्रथम चुनाव आयुक्त थे। अर्थात सारा कुछ परिवार में सीमित था। नेहरू ही इनके नियोक्ता थे। निर्देशक भी।

उसी दौर में उत्तर प्रदेश के कन्नौज, अमरोहा और जौनपुर में लोकसभा के उपचुनाव हो रहे थे। विपक्ष के बड़े नामी गिरामी प्रत्याशी थे। जौनपुर से भारतीय जनसंघ के पंडित दीनदयाल उपाध्याय, कन्नौज से डॉ. राममनोहर लोहिया और अमरोहा से गांधीवादी और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आचार्य जेबी कृपलानी। तब (27 अप्रैल 1963) अमरोहा (मुरादाबाद) में एक भयावह हादसा हुआ था। तब राहुल गांधी की दादी के पिताश्री प्रधानमंत्री थे। उनके संज्ञान में ही ऐसी विधि-विरोधी, बल्कि जनद्रोही हरकत हुई थी। अप्रत्याशित, अनपेक्षित तथा अत्यन्त अवांछित थी। सत्तारूढ़ कांग्रेस के प्रत्याशी हाफिज मोहम्मद इब्राहीम का नामांकन पत्र समय सीमा बीत जाने के बाद स्वीकारा गया था। कलक्ट्रेट (जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय) के दीवार पर लगी घड़ी की सुइयों को पीछे घुमा दिया गया था। इस घटना की रपट दिल्ली के दैनिकों तथा मुम्बई की मीडिया, विशेषकर अंग्रेजी सासाहिक करन्ट (28-30 अप्रैल 1963) में प्रमुखता से छपी थी। शीर्षक के हिन्दी मायने थे कि कांग्रसी उम्मीदवार के अवैध नामांकन पत्र को घड़ी घुमाकर वैध किया गया। चूँकि कलक्टर ही जिला निर्वाचन अधिकारी होता है, लाजिमी है कि उस पर सरकारी दबाव पड़ना सहज है। मतगणना में कलेक्टर परिवर्तन कैसे कर सकता है इस का प्रमाण लखनऊ (पूर्व) विधानसभा क्षेत्र के आम चुनाव (1974) में लौह पुरूष चन्द्रभान गुप्त जो कांग्रेस (निजलिंगप्पा) के प्रत्याशी थे, की जमानत जब्त हो जाने से मिलता है। हेमवती नन्दन बहुगुणा तब इन्दिरा-कांग्रेस के मुख्य मंत्री थे। बाद (1977) में बहुगुणा नवसृजित जनता पार्टी के लखनऊ संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार नामित हुये थे। वे समर्थन मांगने जनता पार्टी के कोषाध्यक्ष श्री चन्द्रभानु गुप्त के घर गये। छूटते ही गुप्ता जी ने पूछा कि 1974 में उनकी जमानत कैसे जब्त करायी गई थी? बहुगुणा जी ने स्वीकारा कि मतपेटियों में हेराफेरी हुई थी। दारोमदार लखनऊ के जिलाधिकारी पर था। वोटर की राय भले ही जो भी रही हो।

तो माजरा कुछ ज्यादा घिनौना रहा 1963 के लोकसभाई उपचुनाव में। आचार्य जे.बी. कृपलानी तब संयुक्त विपक्ष के प्रत्याशी थे। सालभर पूर्व (मार्च 1962) में वे उत्तर बम्बई से रक्षा मंत्री वी.के. कृष्ण मेनन से पराजित हो चुके थे। तब जवाहरलाल नेहरू स्वयं मेनन के चुनाव अभियान में जोरदार भूमिका निभा चुके थे। उसके बाद चीन ने भारत पर आक्रमण किया था और मेनन को नेहरू ने रक्षा मंत्री पद से हटा दिया था। उधर उसी वक्त दिल्ली में कथित वामपंथियों ने खासकर कम्युनिस्टों ने, ओवरटाइम किया कि अमरोहा के क्षेत्र में भी कृपलानी को पटकनी दी जाये। नेहरू के सबसे उग्र आलोचक कृपलानी थे, लोहिया के बाद। दिल्ली में मेनन, तेलमंत्री केशवदेव मालवीय (बस्ती के) और स्वयं नेहरू ने तय किया कि सिंचाई मंत्री तथा राज्य सभा सदस्य हाफिज मुहम्मद इब्राहिम को लोकसभा के लिए अमरोहा से लडाया जाय। कारण था कि लगभग पचास प्रतिशत मतदाता मुसलमान थे। अर्थात चोटी बनाम बोटी का नारा कारगर होगा। अतः जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामशरण का नामांकन वापस लेकर हाफिज मुहम्मद इब्राहिम का प्रस्ताव पेश हुआ। इसके लिए केन्द्रीय मंत्री और मालवीय जी दिल्ली से मोटरकार से मुरादाबाद कलक्ट्रेट पहुचे। यह सब अंतिम दिन (27 अप्रैल) को हुआ। मगर दिल्ली से मुरादाबाद वे लोग शाम तक पहुचे। तब तक चार बज चुके थे।

# चुनाव आयोग की साख में गिरावट संगीन मुद्दा

योगेन्द्र यादव

चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि वह इन शंकाओं का समाधान करे। इसका सबसे आसान तरीका होता कि चुनाव आयोग पहले तीन दौर के मतदान में हर लोकसभा क्षेत्र और उसमें शामिल सभी विधानसभा हलकों के मतदाताओं और मतदान की संख्या सार्वजनिक कर देता। किसी भी संदेह के निवारण के लिए चुनाव आयोग चाहता तो हर बूथ के प्रमाणित मतदान (यानी फॉर्म 17 सी) को सार्वजनिक कर सकता था। चूंकि इस फॉर्म पर हर पार्टी के एजेंट के हस्ताक्षर होते हैं, इसे सार्वजनिक करने पर किसी भी संदेह या विवाद पर पूर्ण विराम लग जाता।

इस चुनाव में जिस भी पार्टी की सीटें बढ़ें या घटें, एक बात तय है कि चुनाव आयोग की साख निश्चित ही घट रही है। मतदान के आंकड़ों के बारे में हुए विवाद ने चुनाव आयोग की गिरती हुई साख को एक और धक्का पहुंचाया है। अभी से ही यह नहीं मान लेना चाहिए कि मतदान में बहुत बड़ा घोटाला हुआ है। लेकिन जो चुनाव आयोग पहले ही शक के घेरे में है, इस विवाद में उसकी भूमिका, उसकी चुप्पी और उसकी प्रतिक्रिया, सभी ने शक को पहले से ज्यादा गहरा किया है।

सैंटर फॉर द स्टडी ऑफ डैवल्पिक सोसाइटी (CSDS) के राष्ट्रीय चुनाव सर्वेक्षण के अनुसार, 1996 में चुनाव आयोग पर भरोसा करने वाले 77 प्रतिशत थे और भरोसा न करने वाले 23 प्रतिशत। इसी तरह 2019 के चुनाव में भरोसा करने वाले 78 प्रतिशत और भरोसा न करने वाले केवल 12 प्रतिशत थे। लेकिन इस वर्ष उसी संस्था द्वारा कराए गए चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में चुनाव आयोग में भरोसा रखने वालों की संख्या घटकर केवल 58 प्रतिशत रह गई, जबकि भरोसा न करने वालों की संख्या बढ़कर 23 प्रतिशत हो गई है। चुनाव आयोग जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था की साख में गिरावट लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए बेहद संगीन मुद्दा है।

चुनाव की घोषणा से महज एक सप्ताह पहले दो नए चुनाव आयुक्तों की अजीबो-गरीब नियुक्ति ने इस शक को और भी गहरा कर दिया था। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि वह अपने कामकाज से अपनी गिरती हुई साख को दोबारा हासिल करे लेकिन दुर्भाग्यवश, चुनाव की घोषणा से अब तक मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों आयुक्तों के काम-काज ने इस संस्था के कद को घटाया है और इस संदेह को जन्म दिया है कि इस पवित्र संस्था में संवैधानिक पद पर बैठे अफसर सत्ताधारी दल के इशारे पर काम कर रहे हैं। मतदान के आंकड़ों के बारे में हुए विवाद को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। दुर्भाग्यवश इस चुनाव आयोग के बारे में किसी भी सही-गलत आरोप को बहुत लोग शुरू से ही सच मानने को तैयार हो जाते हैं। ऐसा ही कुछ पहले दो दौर के मतदान के आंकड़ों के बारे में हुआ।

इस बार चुनाव आयोग ने बिना कोई कारण बताए और बिना पहले से सूचना दिए मतदान के आंकड़े जारी करने की स्थापित परिपाटी में तीन बड़े बदलाव किए। पहला, चुनाव के दिन तक और मतदान के बाद भी प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के कुल पंजीकृत मतदाताओं की संख्या घोषित नहीं की गई। दूसरा, चुनाव पूरा होने के 24 घंटे के भीतर मतदान के अंतिम आंकड़े देने की बजाय, इन आंकड़ों को एक एप पर डाल दिया गया, जिसमें अंतरिम आंकड़े 24 घंटे के बाद भी बदलते रहे। अंतिम आंकड़ों की घोषणा पहले दौर के मतदान के 11 दिन बाद, यानी 30 अप्रैल को की गई और वह भी अखबारों में छपे सवालों और आलोचना के बाद। तीसरा, इतने विवाद के बाद भी जो आंकड़े प्रकाशित किए गए, उनमें केवल वोट प्रतिशत दिया गया, वोटों की पूरी संख्या नहीं दी गई। जाहिर है, इस असाधारण देरी और बदलाव पर बवाल होना था, हुआ भी। चूंकि पहले दिन शाम 7 बजे जारी किए गए कच्चे आंकड़े





और 11 दिन बाद जारी अंतिम आंकड़े में 6 प्रतिशत का अंतर था, इसलिए कई विपक्षी नेताओं ने यह शक जाहिर किया कि कहीं चुनाव पूरा होने के बाद चोर दरवाजे से सरकारी तंत्र ने 6 प्रतिशत अतिरिक्त वोट बढ़ा तो नहीं दिए? सी.पी.एम. महासचिव सीता राम येचुरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस बारे में सवाल उठाए। कांग्रेस अध्यक्ष ने इंडिया गठबंधन की तमाम पार्टियों को इस आशय का पत्र भी लिखा, उसे सार्वजनिक भी किया। चुनाव आयोग की जिम्मेदारी थी कि वह इन शंकाओं का समाधान करे। इसका सबसे आसान तरीका होता कि चुनाव आयोग पहले तीन दौर के मतदान में हर लोकसभा क्षेत्र और उसमें शामिल सभी विधानसभा हलकों के मतदाताओं और मतदान की संख्या सार्वजनिक कर देता। किसी भी संदेह के निवारण के लिए चुनाव आयोग चाहता तो हर बूथ के प्रमाणित मतदान (यानी फॉर्म 17 सी) को सार्वजनिक कर सकता था। चूंकि इस फॉर्म पर हर पार्टी के एजेंट के हस्ताक्षर होते हैं, इसे सार्वजनिक करने पर किसी भी संदेह या विवाद पर पूर्ण विराम लग जाता। लेकिन ऐसा करने की बजाय चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को 17 पेज की एक अजीब सी चिट्ठी लिखकर उस पत्र का जवाब दिया, जो चुनाव आयोग को भेजा ही नहीं गया था। सरकारी अफ़सर के अहंकार और राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी के आरोप-प्रत्यारोप की भाषा का मिश्रण करती हुई यह चिट्ठी कांग्रेस अध्यक्ष को अमर्यादित भाषा में डांटते हुए उन्हें परोक्ष चेतावनी देती है कि अगर वह संवैधानिक संस्था के कामकाज में दखल देने से बाज नहीं आए तो आयोग कुछ कार्रवाई करने पर विवश हो सकता है। इस चिट्ठी में चुनाव आयोग एक अंपायर की बजाय एक राजनीतिक खिलाड़ी नजर आता है।

चुनाव आयोग ने खरगे जी द्वारा उठाए सवालों पर सफाई भी पेश की, लेकिन अजीबो-गरीब तर्क के सहारे। चुनाव आयोग ने दावा किया कि मतदान के आंकड़ों में इतनी देरी सामान्य है। चुनावों को 35 वर्ष तक देखने के आधार पर मैं कह सकता हूं कि यह बात सरासर झूठ है। आयोग ने यह हास्यास्पद तर्क भी दिया कि चूंकि हर बूथ की वोटर लिस्ट हर मान्यता प्राप्त पार्टी के पास होती है, इसलिए चुनाव आयोग को निर्वाचन क्षेत्र के कुल मतदाताओं की संख्या जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं। साथ में यह खतरनाक तर्क भी दिया कि चूंकि इन आंकड़ों को प्रकाशित करने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है, इसलिए चुनाव आयोग चाहे तो इन आंकड़ों को जारी करे या न करे। मतदाताओं के आंकड़ों के बारे में चुनाव आयोग का तर्क है कि वे चूंकि फॉर्म 17सी में हर बूथ पर कुल मतदाताओं और मतदान करने वालों की संख्या को दर्ज किया जाता है, इसलिए चुनाव आयोग निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदान के आंकड़े कब सार्वजनिक करे, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। यह अर्ध सत्य है। बेशक फार्म 17सी मतदाताओं की संख्या में हेरा-फेरी रोकने का एक अच्छा तरीका है लेकिन इससे चुनाव आयोग अपनी इस जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो जाता कि लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदान कितना हुआ। यह मामला केवल आंकड़ों की विश्वसनीयता का ही नहीं है। इस सवाल को उठाने वाले सभी लोगों के मन में असली संदेह यह है कि किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में कुल जितने मत पड़े और जितने मत गिने जाएंगे, उनमें कोई अंतर तो नहीं है। इस शक का कारण यह है कि पिछले लोकसभा चुनाव में ऐसी गड़बड़ी सामने आई थी जब चुनाव आयोग ने परिणाम के बाद बूथवार मतदान के आंकड़े सार्वजनिक किए तो एक खोजी पत्रकार ने यह पाया कि जितने वोट पड़े नहीं उससे ज्यादा वोटों की गिनती हुई थी। इस अंतर पर सफाई देने की बजाय चुनाव आयोग ने आनन-फानन में अपनी वैबसाइट से मतदान के आंकड़े हटा लिए थे। आज तक इस गड़बड़ी के कारणों का खुलासा नहीं हुआ। मतदान के आंकड़ों के बारे में आरोप-प्रत्यारोप के पीछे असली सवाल यह है कि कहीं पिछले चुनाव की तरह इस बार भी जितने वोट पड़े और जितने गिने गए, उसमें अंतर तो नहीं रहेगा? यह बहुत गंभीर सवाल है। जहां तक मुझे ध्यान पड़ता है, किसी भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं या मतदान की संख्या के बारे में बड़ा विवाद पहले कभी नहीं हुआ। लेकिन इसमें ईमानदारी और पारदर्शिता बरतने की बजाय चुनाव आयोग ने होशियारी, छिपाव और धमकाने का सहारा लिया है।

# स्वच्छता की ओर बढ़ता गांव

ृहणी तारा देवी कहती हैं कि गाँव में दोनों स्तर पर स्वच्छता देखने को मिलती है। एक ओर जहां कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है तो महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति मिल गई है। सरकार और पंचायत के प्रयास से गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जिससे महिलाओं और किशोरियों को अब खुले में सुबह होने से पहले शौच के लिए जाने की झंझट से मुक्ति मिल गई है। वह कहती हैं कि घर में ही शौचालय बन जाने से जहां स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ा है।

करीब 10 वर्ष पूर्व जब केंद्र सरकार ने देश में स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी तो किसी ने भी नहीं सोचा था कि इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा। जो शहर ही नहीं बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की दशा को भी बदल देगा। इस अभियान ने न केवल गाँव को साफ सुथरा बनाया बल्कि महिलाओं और किशोरियों को भी सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया। इस अभियान के कारण जहां गाँव कचरा मुक्त हुआ वहीं खुले में शौच से भी मुक्ति मिली। आंकड़ों के अनुसार 2023 तक स्वच्छ भारत अभियान के दूसरे चरण में देश के लगभग 50 प्रतिशत गाँव पूरी तरह से खुले में शौच से मुक्त हो चुके हैं। इसमें तेलंगाना एक ऐसा राज्य बन कर उभरा है जिसके शत प्रतिशत गाँव खुले में शौच से मुक्त हो गए हैं। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अब देश के अन्य राज्यों में भी होड़ लग गई है। परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्र भी अब पहले की अपेक्षा अधिक स्वच्छ नजर आते हैं।



कविता कुमारी

भले ही बिहार इस लक्ष्य को प्राप्त करने वाले टॉप 5 राज्यों में न हो, लेकिन इसके ग्रामीण क्षेत्रों को देखकर ऐसा लगता है कि बहुत जल्द बिहार के गाँव-गाँव में स्वच्छता का प्रसार नजर आएगा। राज्य के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र नजर आ जाएंगे जहां की स्थिति में पहले की तुलना में काफी परिवर्तन नजर आने लगा है। ऐसा ही गया का उचला गाँव भी है। जिला मुख्यालय से करीब 55 किमी दूर बांके बाजार प्रखंड स्थित यह गांव अनुसूचित जाति बहुल है। रौशनगंज पंचायत स्थित इस गांव की आबादी लगभग एक हजार के आसपास है। पंचायत भवन के ठीक बगल से इस गाँव में प्रवेश का रास्ता है। जहां की साफ सुथरी सड़क स्वच्छ भारत अभियान की सफलता की गाथा सुनाते नजर आएगी। सड़क भले ही चौड़ी न हो लेकिन इसके किनारे लगे पेड़ और सफाई बताते हैं कि ग्रामीण स्वच्छता और इससे होने वाले लाभ से भली भांति परिचित हैं। स्वच्छता का यह बेहतरीन नजारा आपको गाँव के अंदर तक देखने को मिल जाएंगे। इस संबंध में गाँव के 76 वर्षीय बुजुर्ग सियाराम कहते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में गाँव में स्वच्छता के प्रति लोगों के दृष्टिकोण में बहुत बदलाव आया है। ग्रामीण स्वयं आगे बढ़कर गाँव को साफ रखने में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

वहीं 35 वर्षीय गृहणी तारा देवी कहती हैं कि गाँव में दोनों स्तर पर स्वच्छता देखने को मिलती है। एक ओर जहां कचरा प्रबंधन की उचित व्यवस्था की गई है तो महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति मिल गई है। सरकार और पंचायत के प्रयास से गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जिससे महिलाओं और किशोरियों को अब खुले में सुबह होने से पहले शौच के लिए जाने की झंझट से



मुक्ति मिल गई है। वह कहती हैं कि घर में ही शौचालय बन जाने से जहां स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ा है वहीं महिलाओं और किशोरियों के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं पर भी अंकुश लग गया है। वहीं एक अन्य महिला दुर्गा बताती हैं कि गाँव में एक दो घर उच्च जाति के लोगों की है। जहां वह महिलाओं के लिए घर में ही शौचालय बना देखती थी तो उन्हें इसका बहुत एहसास होता था। वह सोचती थी कि गरीब और अनुसूचित जाति की महिलाओं को ऐसा सम्मान कब मिलेगा? लेकिन आज वह बहुत खुश हैं कि उनके घर में भी शौचालय का निर्माण हो चुका है।

केवल गाँव ही नहीं बल्कि वहां संचालित स्कूल भी सफाई की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत करते हैं। गाँव के बाहरी छोर पर स्थित उत्क्रमित+2 विद्यालय में स्वच्छता का भरपूर नजारा देखने को मिल जाएगा। न केवल मैदान बल्कि स्कूल के सभी क्लासरूम भी साफ सुथरे नजर आ जाएंगे। स्कूल के प्रिंसिपल पवन कुमार बताते हैं कि आसपास के गाँव को मिलाकर करीब 1036 बच्चे इस स्कूल में पढ़ते हैं। जिनमें 576 लड़कियां और 460 लड़के हैं। जिन्हें पढ़ाने के लिए 16 शिक्षक और शिक्षिकाएं हैं। वह बताते हैं कि स्कूल में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है। क्लासरूम से लेकर मिड डे मील बनने वाले किचन की जगह तक की सफाई का विशेष ध्यान रखा जाता है। खाना बनाने से लेकर परोसने तक किसी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है। स्कूल परिसर को साफ रखने के लिए विशेष रूप से सफाई कर्मचारियों की तैनाती की गई है। न केवल अध्यापक, बल्कि विद्यार्थियों के लिए बने शौचालय की भी हर समय सफाई कराई जाती है।

वहीं किशोरियों द्वारा इस्तेमाल किये गए पैड्स के उचित निस्तारण की भी स्कूल में व्यवस्था की गई है। प्रिंसिपल बताते हैं कि स्कूल में जगह जगह डस्टबिन रखे हुए हैं ताकि कोई स्टूडेंट्स गलती से भी इधर उधर गंदगी न फैलाएं। कक्षा 11वीं में पढ़ने वाली 16 वर्षीय सोनी बताती है कि माहवारी में इस्तेमाल किये जाने वाले पैड्स को फेंकने के लिए लड़कियों के शौचालय में ही डस्टबीन रखे हुए हैं। वहीं आर्थिक रूप से कमज़ोर लड़कियों को पैड्स खरीदने के लिए राज्य सरकार की ओर से सीधे उनके अकाउंट में पैसे ट्रांसफर किये जाते हैं। जबकि पहले स्कूल में ही इसकी सुविधा उपलब्ध कराई जाती थी। वहीं एक अन्य छात्रा मधु बताती है कि स्कूल में सभी सुविधाएं होने के बावजूद अभी भी कुछ लड़कियां माहवारी के दिनों में स्कूल नहीं आती हैं क्योंकि सरकार की ओर से पैड्स खरीदने के लिए समय पर पैसे उपलब्ध नहीं कराए जाते हैं जिससे आर्थिक रूप से बेहद गरीब परिवार की लड़कियां आज भी माहवारी के दिनों में कपड़े का इस्तेमाल करती हैं। ऐसे में वह किसी प्रकार की परेशानी से बचने के डर से स्कूल नहीं आती हैं।

इस संबंध में गाँव के सामाजिक कार्यकर्ता सुखदेव पासवान बताते हैं कि देश के हर जिले और गाँव में स्वच्छता की एक नई लहर शुरू हो गई है। सरकार द्वारा गाँव गाँव में लोगों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उचला गाँव में भी स्वच्छता का जोर देखने को मिल जाएगा। न केवल गाँव में जगह जगह कूड़ेदान की व्यवस्था की गई है बल्कि इसके उचित निस्तारण के लिए कचरा प्रबंधन समिति का भी गठन किया गया है। इसके लिए गाँव के सभी वार्डों में एक सुपरवाइज़र और एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की गई है। साथ ही प्रतिदिन गाँव में कचरा गाड़ी भी आती है, जिस पर लोग अपने घर का कूड़ा फेंकते हैं। इस तरह गाँव न केवल स्वच्छ बल्कि स्वस्थ भी बन रहा है। वह कहते हैं कि जितना शिक्षा और रोजगार जरूरी है उतना ही स्वच्छ गाँव का होना भी आवश्यक है क्योंकि स्वच्छ गाँव से ही स्वच्छ भारत का निर्माण होता है जिससे स्वस्थ और विकसित भारत के द्वार खुलते हैं (चरखा फीचर)

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

# इंडी गठबंधन का अपना कोई एजेंडा नहीं : योगी

## सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी, आज फूल बरस रहे हैं : मुख्यमंत्री

अवधनामा संवाददाता

**संतकबीरनगर/लखनऊ।** समाजवादी पार्टी राम भक्तों पर गोलियां चलवाती थी। वहीं आज अयोध्या में राम भक्तों पर पुष्प वर्षा हो रही है। सपा के लोग कहते थे कि अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता है। आज वहां रामभक्तों की आवभगत हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर अयोध्या को त्रेता युग का गौरव दिलाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में देश में बड़ा परिवर्तन आया है।

देश में विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। देश हाईवे, रेलवे, मेडिकल कॉलेज, आईआईटी, आईआईएम का निर्माण हो रहा है। इसके अलावा गोरखपुर में एम्स और फर्टिलाइजर कारखाना फिर से चालू हो गया है। साथ ही संत कबीर नगर में बाबा तामेश्वरनाथ के धाम को भी विकसित किया जा रहा है। संत कबीर नगर की



पावन महानिर्वाण स्थल को कबीर पीठ के रूप में एक बार फिर से शोध और इनोवेशन के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को संत कबीर नगर के मेंहदावल विधानसभा में संत कबीर नगर लोकसभा क्षेत्र की जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीन निषाद के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि

**■ ऐसे में हमें इनसे सतर्क रहने की जरूरत**

कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समय देश में आतंकी घटनाएं होती थी। इनसे देशवासी कहते थे कि आतंकवाद से निपटो, लेकिन यह कहते थे कि आतंकवादी सीमा पार के हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि इंडी गठबंधन का अपना कोई एजेंडा नहीं है। यह अनुसूचित और पिछड़ी जाति के आरक्षण में सेंध लगा कर मुसलमानों को देना चाहता हैं, जिसे हम स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी कहा था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं हो सकता है। यह आरक्षण अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जाति को संविधान द्वारा दिया गया है और यह मिलता रहेगा। वहीं राहुल गांधी और अखिलेश यादव का बयान जाहिर करता है कि उनकी मंशा जनता जनार्दन के प्रति अच्छी नहीं है। ऐसे में हमें इनसे सतर्क रहने की जरूरत है। यह लोग सत्ता में आएंगे तो विरासत टैक्स लगाएंगे। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। यह इनकी खतरनाक मंशा है, जिसे सफल नहीं होने देना है। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गयी है। हमें इनसे सावधान रहना है और इनक मंसूबों पर पानी फेरना है। देश की जनता भी इनकी मंशा जान चुकी है इसलिए पूरे देश में एक बार फिर मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार का नारा लगा रही है। वह कहते हैं जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। एक तरफ अयोध्या में 500 वर्षों के बाद रामलला अपने दिव्य और भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। वहीं दूसरी ओर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम महर्षि वाल्मीकि, रैन बसेरे का नाम निषाद राज और भोजनालय का नाम माता शबरी के नाम पर रखा गया है। यह हमारी विरासत के सम्मान को दर्शाता है।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां का पुराना बर्तन उद्योग एक जिला एक उत्पाद के तहत फिर से जीवित हो गया है। वहीं समाजवादी पार्टी के समय में लोग भूख से मरने को मजबूर थे। आज मोदी सरकार देश में 80 करोड़ लोगों को राशन उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि आज संत कबीर नगर विकास की नई गाथा गढ़ रहा है। श्रृंगवेरपुर में निषाद राज की भगवान राम के साथ गले मिलते हुए भव्य प्रतिमा की स्थापना करायी गई है। उनके किले के पुनरुद्धार की कार्रवाई को भी आगे बढ़ाया गया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि महापुरुषों का सम्मान कैसे होना चाहिए यह देखना है तो भारतीय जनता पार्टी की सरकारें में हुए कार्य को देखना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राम भक्तों और दूसरी तरफ इंडी गठबंधन के रामद्रोही के बीच में हो गया है।

# रिटायर्ड आईपीएस प्रेम प्रकाश ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी एवं उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने रिटायर्ड आईपीएस प्रेम प्रकाश ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, विधायक पूरन प्रकाश, डॉ. अंकुश त्रिपाठी एवं अभिषेक कौशिक उपस्थित रहे।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने भाजपा परिवार में शामिल हुए श्री प्रेम प्रकाश का स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली विकास यात्रा के साथ बड़ी संख्या में लोग जुड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के संकल्प को हम सब मिलकर पूरा करेंगे। समाज के लोग भी आपसे प्रेरणा लेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा की प्रेम प्रकाश बहुजन समाज के लिए नियमित रूप से काम कर रहे हैं। उनके




आने से भाजपा को अगले दो चरणों में लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा पर जनविश्वास बना हुआ है। इसलिए प्रदेश में 80 की 80 सीटें भाजपा जीत रही है। पाँच चरणों में 53 सीटें भाजपा जीत चुकी है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष की गाड़ी डीरेल हो चुकी है। अखिलेश यादव और राहुल गांधी को उनके ही कार्यकर्ता रैली नहीं करने दे रहे हैं। उनकी रैलियों में गुंडे और अराजक तत्वों की ही भीड़ आ रही है, आम जनता का इनसे कोई सरोकार नहीं है। इनका नारा सबका साथ परिवार का ही विकास है। इनके इंडी गठबंधन में विश्व के सबसे बड़े बहुरूपिये केजरीवाल जो शराब घोटाले में आरोपित हैं। इनके घर में इनकी पार्टी की सांसद के साथ बदसलूकी होती है, उनकी पिटाई होती है। इसके बाद भी एलायंस पार्टनर्स ने एक भी आवाज नहीं उठाई। इनका इतिहास ही महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार का रहा है। श्री पाठक ने कहा कि देश में मोदी जी की लहर चल रही है, देश में गरीब, किसान, महिला व नौजवान की बेहतरी के लिए सरकार की प्रत्येक योजना समर्पित है।

# मां की डांट से क्षुब्ध छात्रा गोमती में कूदी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** पढ़ाई के लिए डांटने पर नाराज आठवीं की छात्रा ने गोमती रिवर फ्रंट पर पुल से गोमती में छलांग लगा दी। हालांकि वहां मौजूद मछुआरों ने समय रहते उसे बचा लिया। गोमतीनगर पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत ठीक है।

गोमतीनगर के जुगाली में रहने वाली किशोरी आठवीं की छात्रा है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह किशोरी को पढ़ाई करने के लिए उसकी मां ने डांट दिया था। इस बात से वह नाराज हो गई थी और परिजनों को बिना बताए घर से भाग गई थी। दोपहर को वह गोमती रिवर फ्रंट पहुंची और काफी देर तक घूमती रही। कुछ देर बाद उसने अचानक गोमती में छलांग लगा दी। यह देख वहां राहगीरों की भीड़ जुट गई।

इस बीच नदी में मछली पकड़ रहे



जुगाली निवासी राम शंकर निषाद व उनके भाई छात्रा को डूबते देख वहां पहुंचे और उसे बाहर निकाल कर नदी के किनारे ले गए। राम शंकर की सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक छात्रा की हालात ठीक है। मामले में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

# 'हम सभी 80 सीटें जीतने की ओर बढ़ रहे'

## भाजपा के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाना है : धर्मपाल सिंह

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने मंगलवार को गोरखपुर क्षेत्रीय कार्यालय में गोरखपुर लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा व विधानसभा के प्रभारी व संयोजकों के साथ बैठक में विजय का मंत्र दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन और पन्ना प्रमुखों की मजबूत संरचना से प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हर घर पर दस्तक देकर अवश्य मतदान और भाजपा के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाना है। यह सुनिश्चित करना है कि परिवार पर्ची, वोटर पर्ची तथा मोदी जी का पत्र प्रत्येक परिवार तक पहुंचे। हमारा लक्ष्य विकसित भारत का है, जिसके लिए अबकी बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करके मजबूत सरकार बनाने के लिए अथक परिश्रम करना है। मतदान पूर्ण होने तक मजबूती



से बूथ पर डटे रहना है और हर बूथ पर पिछले चुनाव से 370 अधिक वोटों को भाजपा से जोड़ना है।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि बूथ की विजय की रणनीति के तहत पन्ना प्रमुखों सहित बूथ की टीम को प्रत्येक व्यक्ति तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की योजनाओं व ऐतिहासिक निर्णय को पहुंचाने का काम करना है। उन्होंने कहा कि वातावरण हमारे अनुकूल है और हम प्रदेश में सभी 80 सीटें जीतने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे है। भाजपा का परिश्रमी कार्यकर्ता प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त

**■ भाजपा का परिश्रमी कार्यकर्ता प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम**

करने में सक्षम है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रभु श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ ही देश के सभी सांस्कृतिक व आध्यात्मिक केन्द्रों के विकास से राष्ट्र का स्वाभिमान जागृत हुआ है। देश की सामरिक शक्ति बढ़ने से देश के दुश्मनो को करारा जबाव भी दिया जा रहा है और आतंकवाद का खात्मा भी हुआ है। उन्होंने कहा कि योगी जी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश दंगा, गुंडागर्दी, माफियाराज तथा भ्रष्टाचार से मुक्त हुआ है। बहन, बेटियां, घर, खेत खलिहान सुरक्षित हुए है। प्रदेश की छवि को दंगा प्रदेश से उत्सव प्रदेश में बदलने का काम योगी जी ने किया है। यही कारण है कि उत्तर प्रदेश आज देश में सबसे अधिक निवेश वाला प्रदेश बन रहा है। मोदी-योगी सरकार में देश व प्रदेश विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है।

प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस, सपा व बसपा देश के 80 करोड़ लोगो तक पहुंचने वाले राशन को कमीशनखोरी की भेंट चढ़ाकर खुद हजम करना चाहते हैं। पिछड़ों और अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते है। लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है। संविधान की मजबूती, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मार्ग पर चलते हुए पिछड़ों और अनुसूचित जाति के आरक्षण के रक्षा की भी मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि यह सभी मोदी जी की गारंटी लेकर हमें प्रत्येक बूथ तथा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है।

# प्रेमी के लिए जल्लाद बनी बेटी, पिता को उतारा मौत के घाट

अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** जिले की छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के करमुल्लापुर गांव में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई। प्रेम-प्रसंग में बाधा बनने पर नाबालिग बेटी ने खाने में नींद की गोली मिलाकर ग्राम सचिव पिता, मां और दो भाइयों को बेहोश कर दिया। इसके बाद उसने आरी के ब्लेड से पिता की गर्दन काटकर मौत के घाट उतार दिया।

पिता की हत्या के बाद दूसरे कमरे में चारपाई पर लेटे बड़े भाई पर हथौड़े से हमला कर दिया। चोट लगने से चिल्ला उठे भाई की आवाज सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने जब घर में खून मंजर देखा, तो होश उड़ गए। पुलिस ने आरोपी लड़की और गांव में रहने वाले उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की है। छिबरामऊ कोतवाली के घिसुआपुर गांव निवासी 50 वर्षीय अजय पाल राजपूत पुत्र मुंशीलाल सौरिख ब्लाक में ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) के

**■ फिर हथौड़ा लेकर भाई के साथ खेला खूनी खेल**

पद पर तैनात थे। मौजूदा समय वह गाजियाबाद कानपुर ग्रीनफील्ड हाईवे किनारे करमुल्लापुर गांव में मकान बनाकर पत्नी मोनी देवी, 18 वर्षीय बेटे सिद्धार्थ राजपूत, 17 वर्षीय बेटी और 15 वर्षीय बेटे अमन के साथ रहते थे। इंटर में पढ़ने वाली इकलौती नाबालिग बेटी का पड़ोस में रहने वाले युवक से प्रेम-प्रसंग चलता था। इसकी जानकारी होने पर भाई सिद्धार्थ और परिवार के अन्य लोगों ने विरोध किया था। इससे आक्रोशित होकर बेटी ने प्रेमी के उकसाने पर पूरे परिवार की हत्या की खौफनाक साजिश रच डाली। सोमवार की शाम करीब सात बजे उसने भिंडी की सब्जी और पूड़ी बनाई। सब्जी में पीसकर नींद की गोली मिलाने के बाद सभी लोगों को खाना परोस दिया। खाना खाने के बाद परिवार के लोग सोने के बाद बेसुध हो गए।

# ज्यादातर जनपदों में विद्युत व्यवधान व ब्रेकडाउन के चलते जनता हो रही परेशान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रोस्टिंग व ब्रेकडाउन को शामिल कर लिया जाए तो वर्तमान में इस भीषण गर्मी में पीक डिमांड लगभग 30000 मेगावाट को पार कर रहा है जबकि उत्तर प्रदेश में पीक डिमांड मीट आउट करने की उपलब्धता 28000 मेगावाट के आसपास है पिछले वर्षों के मुकाबले इस वर्ष पूरे उत्तर प्रदेश में ब्रेकडाउन व व्यवधान के चलते सबसे ज्यादा उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं और आनेको जनपदों उपभोक्ता सडकों पर भी उतर आए ऐसे में जब उपभोक्ता परिषद ने पूरे प्रदेश में मेजर ब्रेकडाउन का अध्ययन किया तो काफी चौंकाने वाले मामले सामने आए जल्द उपभोक्ता परिषद अपनी अध्ययन रिपोर्ट के प्रमुख बिंदुओ को पावर कार्पोरेशन प्रबंधन बिजली कंपनियों व विद्युत नियामक आयोग के साथ साझा करेगा उसे पर तकनीकी रूप से काम करने पर निश्चित

**■ बिजली कंपनियों से उस पर काम कर ब्रेकडाउन कम करने की उठाई मांग**

तौर पर ब्रेकडाउन में कमी आएगी।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उपभोक्ता परिषद एक अध्ययन किया है उसमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश में लगभग 50 प्रतिसत ब्रेकडाउन एलटी एबीसी केबल के जलने का है यदि बिजली कंपनियां ऐसे इलाकों को चिन्हित कर वहां अतिरिक्त एबीसी सर्किट डाल दें और उसे पर भार ट्रांसफर कर दें तो ब्रेकडाउन काम हो जाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में 30 परसेंट ब्रेकडाउन तार टूटने का है इसका मुख्य कारण पुराने बीजल कंडक्टर जिस पर 130 एम्पेयर के ऊपर भार जाते ही वह टूट जाता है उसे तत्काल बदलकर रैबिट कंडक्टर किया जाए जिससे 195 एम्पेयर तक लोड सहन करने की क्षमता हो बिजली कंपनियों में 10 प्रतिसत ब्रेकडाउन को अभिलंब रोका जा सकता है यदि ट्रांसफार्मर के आउटपुट सर्किट के एल0टी लोड को प्रॉपर लग लगाकर बुसिंग रोड स टाइट कर दिया जाए इसी प्रकार सभी बिजली कंपनियों मे पावर ट्रांसफार्मर जो ओवरलोड हो रहे हैं उन्हें ठंडा करने के लिए कूलर अथवा स्टैंड फैन की व्यवस्था की जाए।

विगत दिनों सामने आया कि 33 केबी लाइन जो अंडरग्राउंड थी उसमें ब्रेकडाउन हो गया पर घंटो विद्युत आपूर्ति बाधित रही और सबसे बडा चौंकाने वाला मामला यह रहा कि उस अंडरग्राउंड केबल में कोई अल्टरनेट व्यवस्था नहीं थी पूरे प्रदेश में सभी बिजली कंपनियों में सभी अंडरग्राउंड केबल में अल्टरनेट व्यवस्था की जांच कराई जाए और यदि ऐसा ना मिले तो जो भी दोषी अभियंता है उनके खिलाफ कठोर कदम उठाया जाए।

# वाराणसी, महाराजगंज में प्रियंका 25 को करेंगी चुनाव प्रचार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** चुनाव प्रचार को लेकर कांग्रेस ने प्रियंका गांधी वाड्रा का 25 मई का कार्यक्रम तय किया है। 25 को वह वाराणसी व महाराजगंज में चुनाव प्रचार करेंगी। महाराजगंज में जनसभा के बाद वह वाराणसी में रोड शो करेंगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर पांचवें चरण के मतदान के बाद कांग्रेस अपने हिस्से की बाकी बची पांच सीटों पर चुनावी प्रचार को और धार देने में जुट गई है। छठे चरण में कांग्रेस केवल इलाहाबाद की सीट से चुनाव लड़ रही है, जबकि सातवें चरण में वाराणसी, बांसगांव, देवरिया व महाराजगंज की सीटों पर कांग्रेस चुनावी मैदान में है। प्रदेश में 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही कांग्रेस ने पांचवे चरण के चुनाव के बाद शेष रह गई इलाहाबाद, वाराणसी, बांसगांव, देवरिया व महाराजगंज की सीटों पर प्रचार के लिए स्टार प्राचारकों के कार्यक्रम तय करने शुरू कर दिए



हैं। फिलहाल 25 मई को वाराणसी और महाराजगंज में प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार का कार्यक्रम तय कर दिया गया है। प्रियंका महाराजगंज में जनसभा करने के बाद वाराणसी में रोड शो करेंगी। 10 से 18 मई तक प्रियंका ने रायबरेली व अमेठी में डेरा डाल रखा था। यहां से फ्री होने के बाद उत्तर प्रदेश में बाकी सीटों पर उनके प्रचार के कार्यक्रम तय किए जा रहे हैं। राहुल सपा के हिस्से वाली सीटों पर भी अखिलेश के साथ चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। इसलिए कांग्रेस अपनी चारों सीटों सहित सपा की सीटों पर भी दोनों नेताओं की संयुक्त जनसभाओं के आयोजन की तैयारी कर रही है।

# लक्ष्य प्राप्ति को चाह और जुनून होना अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम के डिपार्टमेंट ऑफ़ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री की डॉ. सुरभि प्रियदर्शी ने कहा, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का शैक्षिक वातावरण, फैकल्टीज़ एवम् इंफ्रास्ट्रक्चर अति उच्च हैं। डेंटिस्ट से स्नातक होने के बाद स्टुडेंट्स के लिए बहुत विकल्प होते हैं। स्टुडेंट्स आर्मी डेंटल कोर्स, डेंटल टूरिज्म, डेंटल ब्लॉग्गिंग, सरकारी नौकरी, ऑनलाइन शिक्षा के अलावा डेंटिस्ट के नौ विभागों में से किसी में भी पीजी करके उच्च शिक्षा में करियर बना सकते हैं। उन्होंने कहा, कुछ भी करने के लिए जिज्ञासा और जुनून होना बहुत जरुरी है। मेहनत और ईमानदारी से कार्य करते हैं तो सफलता निश्चित ही प्राप्त होती है। डॉ. सुरभि ने छात्र-छात्राओं के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। डॉ. प्रियदर्शी तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के




तीर्थंकर महावीर डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में एल्युमिनाई रिलेशन्स सेल-एआरसी की ओर से आयोजित एल्युमिनाई टॉक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहीं थी।

अंत में टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन से एल्युमिना डॉ. सुरभि ने शिष्टाचार भेंट की। कुलाधिपति श्री जैन ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। उल्लेखनीय है, डॉ. सुरभि प्रियदर्शी टीएमयू के डेंटल कॉलेज में 2018 में बीडीएस और 2022 में पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री में एमडीएस की गोल्ड मेडलिस्ट रही हैं। वर्तमान में वह एसजीटी यूनिवर्सिटी में बतौर असिस्टेंट प्रोफेसर अपनी सेवाएं दे रही हैं। एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी कहा, एल्युमिनाई इंस्टिट्यूट का वह अहम हिस्सा है, जो संस्थान के सभी छात्र-छात्राओं के लिए सफलता का प्रतिमान स्थापित करता है। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य प्रो.(डॉ.) प्रदीप तांगड़े, उपप्राचार्या डॉ. अंकिता जैन, एल्युमिनाई समन्वयक डॉ. सौभाग्य अग्रवाल के संग-संग डेंटल कॉलेज की फैकल्टीज़ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# हॉबी क्लासेज से हो रहा छात्रों का सर्वांगीण विकास

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अशर्फाबाद कैम्पस द्वारा आयोजित किये जा रहे समर कैम्प में विभिन्न प्रकार के हॉबी क्लासेज से छात्रों का भरपूर सर्वांगीण विकास हो रहा है। इन हॉबी क्लासेज में छात्र अपनी रूचि के अनुसार विभिन्न विधाओं में पारंगत हो रहे हैं, साथ ही उनमें आपसी सद्भाव, सौहार्द व एकता के विचारों का सशक्तीकरण हो रहा है। सी.एम.एस. अशर्फाबाद के इस समर कैम्प में छात्र-छात्रायें अपनी रूचि के अनुसार आर्ट एण्ड क्राफ्ट, गीत-संगीत, नृत्य, तैराकी, जूडो, योग एवं विभिन्न प्रकार के खेलों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग कर रहे हैं और अपनी बहुमुखी प्रतिभा को नया आयाम दे रहे हैं। छात्रों के अभिभावक समर कैम्प के आयोजन से अत्यन्त प्रसन्न हैं एवं विद्यालय के इस अभिनव प्रयास की भूरि-भूरि प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबन्धन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है। विदित





हो कि गर्मी की छुट्टियों के सर्वश्रेष्ठ सदुपयोग एवं छात्रों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने हेतु सी.एम.एस. के सभी कैम्पसों में इन दिनों समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ाना है।

समर कैम्प में प्रतिभागी छात्रों का उत्साह अपने चरम पर है तथापि सम्पूर्ण विद्यालय परिसर छात्रों व अभिभावकों की चहल पहल से

**■ समर कैम्प का उद्देश्य छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना**

गुंजायमान नजर आता है। समर कैम्प के कारण पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह व उमंग की लहर सहज ही देखी जा सकती है। गर्मी की छुट्टियों में तैराकी का अभ्यास करते एवं पानी में खुशी से किलकारियां मारते नन्हें-मुन्हें बच्चों को देखना एक सुखद अनुभव है। कहीं गीत-संगीत, नृत्य एवं वाद्य यंत्रों को सीखने के लिए भी बच्चों में अभूतपूर्व उत्साह सहज ही दिखाई दे रहा था, तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रकार के खेलों जैसे टेबिल-टेनिस, फुटबाल, बालीवाल, क्रिकेट, बैडमिन्टन आदि में भी छात्रों का उत्साह देखने लायक था। सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती त्रासी द्विवेदी ने इस अवसर पर कहा कि गर्मी की छुट्टियों के सदुपयोग का यह सबसे बेहतर अवसर है जहाँ छात्र अपने मनोरंजन के साथ ही अपनी रुचि की चीजें सीख सकते हैं एवं ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं।

# लोकगीत के माध्यम से युवाओं से मतदान के लिए की गयी अपील

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए होने वाले मतदान में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान जारी है। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो प्रयागराज की ओर से जिले के ग्रामीण और शहरी मतदाताओं पर केन्द्रित विशेष कार्यक्रम के आयोजन किये जा रहे हैं जिनमें संगोष्ठी, व्यख्यान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम व हस्ताक्षर अभियान के साथ साथ दो जागरूकता रथ का भी संचालन किया जा रहा है। इसी के तहत आज इलाहाबाद संसदीय क्षेत्र के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी में प्रधानाचार्य सुजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में मतदाता जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया।




**■ सी.बी.सी. द्वारा राजकीय आईटीआई नैनी के युवा मतदाताओं को किया जागरूक**

कार्यक्रम का शुभारम्भ मतदाता जागरूकता रैली निकालकर किया गया जिसमें संस्थान की छात्र छात्राएं एवं सभी स्टाफ शामिल रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को वोट डालने का अधिकार है वे अपनी स्वेच्छा से समाज को मजबूत, विकास एवं उन्नति करने वाले व्यक्ति को चुन सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि आगामी 25 मई को सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्य करें। श्री पाण्डेय द्वारा उपस्थित लोगों को लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाये रखने और मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर ब्यूरो के कार्यक्रम प्रभारी राम मूरत द्वारा स्वीप पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संचालित की गयी और शिवम यादव, शोभित सिंह, मोहित तिवारी, सुधीर कुमार, सौरभ यादव, आंचल प्रजापति, नेहा सिंह, विशाल कुमार को विभाग की ओर से अतिथियों व बालमुकुन्द सिंह क्षेत्रीय प्रचार सहायक द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी की मौत पर यूपी में भी एक दिन का राजकीय शोक

**लखनऊ।** ईरान के राष्ट्रपति सैयद इब्राहिम रईसी की मौत पर यूपी में भी एक दिन के राजकीय शोक का एलान किया गया है। इसके कारण आज प्रदेश के सभी भवनों, कार्यालयों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और मनोरंजन के कोई कार्यक्रम आयोजित नही किए जाएंगे। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है। प्रधानमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि डॉ. सैयद इब्राहिम रईसी के दुखद निधन से गहरा दुख और झटका लगा है। उन्होंने कहा कि रईसी का भारत-ईरान के द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में दिया गया योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार और ईरान के लोगों के लिए मेरी संवेदनाएं। इस दुख की घड़ी में भारत, ईरान के साथ खड़ा है।



# एसबीआई के एटीएम में लगी भीषण आग

■ लाउंज जलकर राख, कितना कैश जला अभी स्पष्ट नहीं



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम में स्टेट बैंक के बाहर लगे एटीएम में अचानक आग लग गई। जिससे वहां मौजूद अधिकारियों और आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शाखा परिसर में लगी आग इतनी भीषण थी कि वहां धमाकों की आवाज सुनाई देने लगी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन अभी तक एटीएम लाउंज जलकर राख हो गया और अभी तक पैसे जलने की जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक बिलग्राम कोतवाली के पास हरदोई मार्ग पर स्टेट बैंक के बाहर एटीएम लगा हुआ है। जिसमें अचानक भीषण आग लग गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन आग इतनी तेज थी कि एटीएम लाउंज जलकर राख हो गया। आगजनी की इस घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। कोतवाल नारायण कुशवाहा ने बताया कि अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि एटीएम में पैसे जले हैं या नहीं, जली हुई एटीएम मशीन को कस्टोडियन और बैंक अधिकारियों के सामने खोला जाएगा। इसके बाद ही एटीएम में जले नोटों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल थाने के पास हुई आगजनी की घटना से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और बैंक कर्मचारियों में भगदड़ मच गई। आग पर काबू पाने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मनाएगी 27 को स्थापना दिवस

**मथुरा।** पत्रकारों के सम्मान और सुरक्षा हित मैं सदैव तत्पर रहने वाला संगठन राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद अपना स्थापना दिवस प्रति वर्ष की भांति 27 मई को मनाने जा रही है। मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा और संरक्षक के नेतृत्व मै मथुरा जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा में भी धूमधाम के साथ संगठन का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाने की तैयारी मै जुट गए है।

जिसकी जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा द्वारा बताया कि जनपद की कार्यकारिणी 27 मई को हीरा गार्डन मंडी समिति पर सभी सम्मानित पदाधिकारी और पत्रकारों के साथ केक काटकर संगठन का स्थापना दिवस मनाएंगे। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी तैयारी जोरों पर चल रही है।

# एसएमजीआई के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विद्यार्थियों के कार्य कौशल में वृद्धि एवं व्यवसायिक शिक्षा की फार्मास्युटिकल उद्योग में उपयोगिता को समझाने के उद्देश्य से सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी के डी0 फार्मा प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को एल्मास बायोटेक प्रा0लि0 भरथना में एक शैक्षिक भ्रमण सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर एसएमजीआई, इटावा के निर्देशक डा0यू0एस0शर्मा, संस्था की असिसटेन्ट प्रोफेसर श्वेता सिंह सहित प्रवक्ता सुबोध बाबू छात्रों के मार्ग दर्शक के रुप में उपस्थित रहे। कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप पोरवाल ने विद्यार्थियों एवं सभी शिक्षकों का उनकी कम्पनी में स्वागत किया एवं सभी छात्रों को कम्पनी द्वारा निर्मित विभिन्न उत्पादों के निर्माण, वितरण से लेकर उपयोग इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने संस्था के विभिन्न विभागों, उत्पादों, उनके निर्माण विधि उपकरण जैसे टेबलट, कैप्सूल, फिलिंग मशीन एवं पंचिंग मशीन, कैप सीलिंग मशीन, बेच, उत्पाद, समाप्ति तिथि लेजर प्रिंटिंग मशीन, सीरप फिलिंग मशीन आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। संस्था के निदेशक डा0यू0एस0शर्मा ने कहा कि इस प्रकार का शैक्षिक भ्रमण छात्रों के पाठ्यक्रम की जरुरतों को पूरा करने के साथ-साथ सैद्वांतिक ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुप्रयोग के बीच अन्तर को कम करने का अच्छा अवसर प्रदान करता है। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को भविष्य में फार्मास्यूटिकल उद्योग की आन्तरिक कार्य प्रणाली और चुनौतियों को जानने एवं समझने में अच्छी मदद मिलेगी। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने शैक्षिक भ्रमण को सम्पन्न कराने के लिए अल्मास बायोटेक को धन्यवाद देते हुए छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# आईएएस अक्षय त्रिपाठी ने कर्तव्यनिष्ठा में बनाया कीर्तिमान

■ समाज उत्थान समिति करेगी सम्मानित: डा0 हरीशंकर पटेल



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** उ0प्र0के ललितपुर जनपद के जिलाधिकारी एवं अपने शैक्षिक कैरियर में सदैव टॉपर रहने वाले आईएएस अक्षय त्रिपाठी ने ललितपुर के एक गांव के बूथ में 357 वोटों को एड़ी से चोटी तक का जोर लगाते हुए तन मन और धन की बिना परवाह किये 100 प्रतिशत मतदान करवाकर बनाया नया कीर्तिमान। ऐसे कर्तव्यनिष्ठ जिलाधिकारी को सम्मानित करेगी समाज उत्थान समिति। उक्त जानकारी समिति के अध्यक्ष डा0हरीशंकर पटेल ने दी। उन्होंने कहा कि अक्षय त्रिपाठी जनपद इटावा में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में रहकर समाज उत्थान समिति के जनहितकारी कार्यो में जाकर हमें प्रोत्साहित करने के साथ-साथ मार्गदर्शन भी करते थे। श्री त्रिपाठी (आईएएस) की उन्नति एवं दीर्घायु होने की कामना करने वालो में मुख्य रूप से समाज उत्थान समिति के संस्थापक/महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डा0 हरीशंकर पटेल, डा0 केके सक्सैना चेयरमैन इण्डियन रेडक्रॉस सोसाइटी, राज्य शिक्षक पुरुष्कार से सम्मानित रमेश चन्द्र, अखिल भारतीय व्यपार मण्डल के जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल एवं महामंत्री धर्मेन्द्र जैन , समाज सेवी -वृजेश पोरवाल, एवं समाज उत्थान समिति परिवार के सदस्य शामिल हैं।

## बिजली घर पर हंगामा भाजपा नेता पर मुकुदमा दर्ज

**वृंदावन (मथुरा)।** नगर के रंगजी के बड़ा बगीचा स्थित बिजली घर पर हंगामा काटने के प्रकरण में बिजली विभाग के अभियंताओं ने एक भाजपा नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। विद्युतकर्मी से अभद्रता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। अवर अभियंता की तहरीर पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि रविवार की देर रात विद्युत आपूर्ति में तकनीकी खराबी की शिकायत करने अपने साथियों के साथ पहुंचे भाजपा के पूर्व पदाधिकारी नकुल शर्मा की विद्युत कर्मी धर्मवीर यादव से तीखी बहस हो गई। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

विद्युत निगम के अवर अभियंता दीपक कुमार ने बताया किभाजपा नेता नकुल शर्मा ने विद्युतकर्मी के साथ अभद्रता करते हुए सब स्टेशन में आग लगाने की धमकी देते हुए सीयूजी फोन छीनने का प्रयास किया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भाजपा नेता के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। वहीं दूसरी ओर नकुल शर्मा का कहना है कि लाइट नहीं आने पर जानकारी लेने के लिए उनके द्वारा सीयूजी फोन पर लगातार कई बार कॉल की गई।लेकिन फोन रिसीव नहीं होने पर वह शिकायत दर्ज कराने विजली घर पर गया था।

# अब पसमांदा मुसलमानों के लिये एआइपीएमएम बनायेगा रणनीति

■ झारखण्ड, बिहार में एआइपीएमएम कार्यालय का हुआ उद्घाटन

■ हमें अब झारखण्ड की सरकार के समक्ष अपनी समस्याओं को रखने मे आसानी होगी: इं. शफकत




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** 19 मई 2024 को ऑल इंडिया पसमांदा मुसिलम महाज ने एक जूम मीटिंग का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता संगठन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुहम्मद यूनुस ने की। उन्होंने कहा कि देश में संगठन के विस्तार के लिये उत्तर प्रदेश सहित झारखण्ड, बिहार में ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज का कार्यालय खुल चुका है और दिल्ली में भी बहुत जल्द कार्यालय का उद्घाटन किया जायेगा। उन्होंने कहा अब झारखण्ड, बिहार एवं दिल्ली की मूलभूत पसमांदा मुसलमानों की समस्याओं को उजागर करने का काम प्रदेश कार्यकारिणी का है। इसके लिये सभी पदाधिकारी फील्ड में जायें और वहां के पसमांदा मुसलमानों की समस्याओं को सुनें और प्रदेश की सरकार के समक्ष उसे रखें। इस अवसर पर झारखण्ड के प्रदेश प्रभारी इं. शफकत अंसारी ने कहा कि हमें अब ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के बैनर तले झारखण्ड की सरकार के समक्ष अपनी समस्याओं को रखने मे आसानी होगी। प्रदेश महासचिव बिहार श्री तौकीर अंसारी ने कहा कि ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज सामाजिक एवं अराजनैतिक संगठन है। परन्तु देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में जो दल पसमांदा मुसलमानों की हित की बात करेगा संगठन उसके साथ खड़ा होगा। ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज पसमांदा मुस्लिम समाज से गुजारिश करता है कि आजमगढ़ और आंबेडकर नगर से पसमांदा प्रत्याशियों को वोट देकर विजई बनाए। इस अवसर पर संगठन के कार्यालय प्रभारी अजहर आलम, शकील लेड़ी, सरफराज, महबूब फैजी, कामरान अंसारी, एहतेशाम अय्यूबी, सरफराज अंसारी, परवेज झारखंड, रजाउल कादरी झारखण्ड, राशिद झारखण्ड, अजीज दिल्ली, मोहसिन दिल्ली आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व कप्तान कपिल देव का किया स्वागत



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने मंगलवार को नगर के चौगुर्जी में एक फाइनेंस कंपनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी आदि व्यापारियों,डॉ.आशीष दीक्षित व उनके चाहने वालों ने कपिल देव का स्वागत किया।

### दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये



**हारदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों पर ट्रेफिक को व्यवस्थित किया किया जाये। सड़क पर यातायात में बाधक बिजली के खम्भो को खिसकाने के लिए कार्ययोजना बनायी जाये। दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाये। सड़कों पर यथा आवश्यक संकेतक लगवाए जाएं। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नृपेंद्र, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी, एआरटीओ दयाशंकर व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न होने पर व्यापार मंडल ने किया एस एस पी का अभिनंदन



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिले में शांतिपूर्वक लोकसभा चुनाव संपन्न होनें पर मंगलवार को उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा के नेतृत्व मे व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा का प्रतीक चिन्ह एंव शाल पहनाकर अभिनंदन किया। व्यापारी नेताओं ने कहा की चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था से जिले मे शांति पूर्ण चुनाव संपन्न हुए हैं, जिस कारण व्यापारियों को व्यापार करने मे परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा, इस कारण व्यापारी समाज आभारी है। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, उपाध्यक्ष अशोक जाटव, हाजी शेख आफताब, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, उघोग मंच अध्यक्ष भारतेंद्र नाथ भारद्वाज, महिला जिला कोषाध्यक्ष वर्षा दुबे, उपाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, महामंत्री रेनू शुक्ला, अली फैय्याज, शशि यादव आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### वृद्ध महिला की हत्या के आरोप में दो अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** पारिवारिक जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर वृद्ध महिला की हत्या करने वाले दो अभियुक्तों को पुलिस ने हत्या के लिए इस्तेमाल लाठी के साथ किया गिरफ्तार। एसएसपी संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना ऊसराहार पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही। 20 मई को सोनू पुत्र अमर सिंह एवं विनोद कुमार पुत्र वंशलाल ने बंटवारे को लेकर हुई मारपीट के दौरान राजबहादुर की मां को समुद्री देवी के लाठी मार दी थी जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। उ0नि0 बेचन कुमार सिंह थानाध्यक्ष ऊसराहार, उ0नि0 मंगल सिंह ने दोनों हत्यारोपी को चेकिंग के दौरान ग्राम नगला मामन स्थितत रामलीला ग्राउण्ड के पास से समय गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपी सोनू और विनोद कुमार निवासी ग्राम नगला मामन थाना ऊसराहार को गिरफ्तार किया।

# डीबीए चुनाव इटावा: दो दिन में 57 नामांकन पत्र एल्डर्स कमेटी की मौजूदगी में खरीदे गए



■ आज 22 मई व 23 मई को अधिवक्तागण नामांकन पत्र दाखिल करेंगे

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन इटावा का वार्षिक चुनाव 2024 के पहले दिन 27 नामांकन तथा दूसरे दिन 30 नामांकन कुल मिलाकर 57 नामांकन पत्र एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन योगेन्द्र किशोर तिवारी सदस्यगण शांति स्वरूप पाठक, प्रेमशंकर शर्मा, रविन्द्र सिंह दुबे, रमाशंकर चौधरी की मौजूदगी में बिक्रय हुये। एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं रूपेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि अध्यक्ष पद पर 6 नामांकन पत्र महामंत्री के लिये 6 नामांकन पत्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 3 नामांकन पत्र, कोषाध्यक्ष पद पर 4 नामांकन पत्र, संयुक्त मंत्री पद पर 6 नामांकन, मध्यम उपाध्यक्ष पर 4 नामांकन, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 4 नामांकन पत्र, वरिष्ठ सदस्य पर 12 व कनिष्ठ सदस्य पद पर 12 नामांकन खरीदे गये। अध्यक्ष/ महामंत्री 1 पद वरिष्ठ उपाध्यक्ष 1 पद कोषाध्यक्ष 1 पद मध्यम उपाध्यक्ष 2 पद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष 2 पद, संयुक्त मंत्री 3 पद, वरिष्ठ सदस्य 6 पद व कनिष्ठ सदस्य 6 पद होंगे। चुनाव 31 मई को होगा और उसी दिन परिणाम देर रात्रि तक घोषित कर दिया जायेगा। एल्डर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने बताया 22 मई व 23 मई को अधिवक्तागण धूमधाम से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसलिए एल्डर्स कमेटी ने दो दिन की हड़ताल रखी है। इन दो दिनों न्यायिक कार्य से अधिवक्तागण कार्य से पूर्णतया विरत रहेंगे।

## केएम हॉस्पिटल हीटवेव रेड अलर्ट से लड़ने के लिए तैयार

**मथुरा।** प्रदेश में प्रचंड गर्मी का प्रकोप इस कदर बढ़ रहा है कि मथुरा का पारा 47 डिग्री के पार पहुंच गया है। दिन के साथ-साथ रातें भी गर्म होने लगी हैं, यूपी के 8 शहरों में 21 मई से लेकर 25 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जिसमें मथुरा भी शामिल है। मथुरा प्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां का तापमान 47.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं आगरा 46.6 डिग्री के साथ दूसरे स्थान पर रहा। आईएमडी हर मौसम में स्थितियों के अनुसार रेड अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट और येलो अलर्ट जारी करता है, इन दिनों यूपी के आगरा, मथुरा, अलीगढ़, महामाया नगर, फिरोजाबाद, जालौन, झांसी और ललितपुर में 21 मई से लेकर 25 मई तक हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया गया है। चिलचिलाती धूप, अंगारों सी दहकती सड़क और लू के थपेड़े,प्रचंड गर्मी के देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने अपने केएम हॉस्पिटल में मरीजों के लिए एसी से परिपूर्ण हीटवेव वार्ड संचालित किया है।

# गंगा जल की आपूर्ति प्रभावित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** आगामी 22 दिनों तक आगरा जल सम्पूर्ति (गंगा जल) परियोजना के अंतर्गत ग्राम पालड़ा बुलंदशहर से अपर गंग कैनाल पर गंगाजल की आपूर्ति में कमी रहेगी। इस कारण गोकुल वैराज पर वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट पर फुल डिस्चार्ज नहीं मिल पा रही है। 25 एमएलडी गंगाजल उत्पादन आंशिक रूप से प्रभावित हो रहा है। इस कारण नगर निगम के जल कल विभाग को नगर आयुक्त ने सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने सभी नलूकूपों को 24 घंटे संचालन करने के निर्देश दिए हैं। मथुरा वृंदावन नगर निगम के जल कल अधिशाषी अभियंता राम कैलाश ने निगम के चारों जोनों के लिए नलकूपों के संचालन की निगरानी के लिए सहायक अभियंता व अवर अभियंताओं की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने मथुरा जोन के वार्ड संख्या दो से सात, 14, 18, 19, 22, 23, 26, 35,40, 42, 49, 53, 61, 63, 64, व 65 व भूतेश्वर जोन के वार्ड 3, 12, 16, 17, 20, 24, 30, 31, 36, 37, 39, 43, 44, 45, 46, 47, 48, 54,55, 56, 58, 60 के लिए सहायक अभियंता जल हेमेन्द्र गौतम मो. 63965 70824, अवर अभियंता आशीष यादव 9415813662, औरंगाबाद जोन के वार्ड एक, छह, 10, 11, 15, 27, 28, 29, 32, 33, 38, 41, 52,57, 59, 68 और वृंदावन जोन 8, 9, 13, 21, 25, 34, 50, 51, 62, 66, 67, 69, 70 के लिए सहायक अभियंता नंद किशोर मोबाइल 97587 55500, अवर अभियंता छत्रपाल मो. 9454 598549 ये अपने अपने वार्डो में विद्युत कटौती होन पर पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है वहां पानी की आपूर्ति करेंगे।

यदि इन वार्डो के नागरिकों को कोई समस्या है वे अपनी शिकायतें इनके पास दर्ज करा कर समस्या का समाधान करा सकते हैं।

# बेटी के जन्मदिन पर कराया जरूरतमंदों को भोजन

**मथुरा।** बेटी के जन्मदिन को एक खास दिन बनाने के लिए, उसके माता-पिता अलीगढ़ के कस्बा इगलास निवासी डा. रामकुमार सिंह (चेयरमैन श्रीमती चमेली देवी मेमोरीयल हॉस्पिटल) व पूनम चौधरी ने एक अनोखा विचार किया। उन्होंने अपनी बेटी नंदिनी के जन्मदिन को जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित करने का फैसला किया। इस खास दिन, उन्होंने श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति (रोटी बैंक) के सहयोग से एक भोजन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक भोजन परोसा गया। टीम के सदस्ययों ने जरूरतमंदों को भोजन परोसते हुए खुशी का अनुभव किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने न केवल अपनी बेटी के जन्मदिन को यादगार बनाया, बल्कि जरूरतमंदों की सेवा करके एक सार्थक काम भी किया। संस्था के अध्यक्ष शिव कुमार सोनी ने बताया कि इस पवित्र कार्य को करते हुए उन्होंने %नर सेवा ही नारायण सेवा% के सिद्धांत को साकार किया। उनकी इस पहल ने कई लोगों को प्रेरित किया और यह साबित किया कि छोटी सी कोशिश भी बड़ा बदलाव ला सकती है। डा. रामकुमार सिंह ने कहा कि जीवन के उत्सावों को जरूरतमंदों के साथ उन्हें खुशियों में शामिल करके मनाना चाहिए।

# मशीनों से छलनी हो रही है यमुना मैया की छाती

अवधनामा संवाददाता

■ अवैध खनन का धंधा जोरो पर प्रशासन बेखबर

**वृंदावन (मथुरा)।** धार्मिक ग्रंथो में मोक्षदायिनी कहीं जाने वाली मां यमुना की छाती धार्मिक नगरी में भारी मशीनों से खुलेआम छलनी की जा रही है। जबकि प्रशासन इसे सिल्ट उठने का ठेका बताकर पूरी तरह आंखे मूंदे हुए है। ऐसे में यमुना भक्त और पतित पावनी मां यमुना को अपनी आस्था का प्रतीक बताने वाले संत भी पूरी तरह चुप्पी साधे हुए है।

जिसके चलते खनन माफिया साठ गांठ कर दोनों हाथों से चांदी बटोरने में लगे हुए है।गौरतलब है कि भगवान श्री कृष्ण की पटरानी कहीं जाने वाली यमुना को धार्मिक दृष्टि से विशेष दर्जा प्राप्त है ।आज उसी यमुना की छाती चंद चांदी के सिक्कों के लिए भारी मशीनों से छलनी की जा रही है। पर्यावरण एवं धार्मिकता के अनुरूप उच्च न्यायालय के साथ-साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने भी यमुना से अवैध खनन पर पाबंदी लगा रखी है। बावजूद इसके अंधाधुंध कमाई के लिए खनन माफिया यमुना खादर में अवैध खनन से कतई बाज नहीं आ रहे है। नियमनुसार खनन विभाग की अनुमति के अलावा स्थानीय प्रशासन की अनुमति भी जरूरी है। बताया जाता है कि खनन माफियाओं ने सेटिंग गेटिंग के फार्मूले से वृंदावन के देवराह बाबा घाट के समीप यमुना में जमा सिल्ट को उठाने का ठेका लिया है। परमिशन के अनुसार कुल 27980 घन मीटर सिल्ट उठाने की अनुमति दी गई है।जिसकी आड़ में भारी मशीनों से मां यमुना की छाती छलनी कर नियमों को ताक पर रखकर दर्जनों बड़े ट्रक और 40 से 50 टेक्ट्रर परिक्रमा से बालू लेकर जाते देखे जा सकते है। जिन्हे लगभग एक महीना के आसपास हो चुका है। सूत्रों की माने तो बड़े ट्रक से जाने वाली बालू की कीमत लगभग 6000 है जबकि टैक्टरो के माध्यम से बिक्री की जाने वाली बालू की कीमत 1000 से 1200 है। अब आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते है। खनन माफियाओं की एक दिन कमाई कितनी होगी। यहा बताते चले की अगर जल्द ही मशीनों से होने वाले इस अवैध खनन के कारोबार पर एक नहीं लगाई गई तो, यमुना में जगह जगह बड़े गड्डे हो जाएंगे, जिससे यमुना में डूबने वाले लोगो की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। ज्ञात रहे की गंगा दशहरा पर्व भी नजदीक है,इस दिन यमुना स्नान का भी एक अलग महत्व होता है।

# साइबर ठग अपना रहे नए नए हथकंडे

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** सरकार की साइबर अपराध पर ढील के नतीजा है कि साइबर अपराधी सरकार की लाख कोशिशों के बाद भी अपने क्रिया कलापों को बंद नहीं कर रहे। हर बार नए नए हतकंडे अपना कर देश की जनता को ठगने का काम कर रहे है। अब साइबर ठगों ने अपना निशाना भोले भाले किसान को बनाया कस्टम विभाग से बोल रहा हूं, आपके नाम से विदेश जा रहे पार्सल में फर्जी पासपोर्ट, एटीएम कार्ड और मादक पदार्थ मिला है। बचना है तो दिल्ली पुलिस के साहब से संपर्क करो। मंगलवार सुबह अनजान नंबर से आए फोन पर यह बात सुनकर किसान घबरा गया। सुरीर थाने पर मामला अवगत कराने पर पता चला कि फोन करने वाला साइबर ठग है।

सुरीर के गांव नगला पाती निवासी जयपाल सिंह के मोबाइल पर मंगलवार सुबह अनजान नंबर से फोन आया था। जिसमें अपने को कस्टम विभाग से बताते हुए कहा कि उनके नाम पते से एक पार्सल सिंगापुर जा रहा है। जिसमें 16 फर्जी पासपोर्ट, 58 एटीएम कार्ड और 140 ग्राम सिंथेटिक मादक पदार्थ (एमडीएमए) मिले है। इस मामले से बचना चाहते हो तो दिल्ली पुलिस से बात करनी होगी।

**भारतीय किसान भी निकला ठगों का बाप:** जयपाल सिंह ने ऐसे किसी पार्सल के बारे अनभिज्ञता जताई, लेकिन फोन करने वाले ने जयपाल सिंह को पार्सल के बारे में काफी देर तक उलझाए रखा। इसके बाद दिल्ली पुलिस का अधिकारी बता कर फोन पर किसी दूसरे व्यक्ति से बात कराई। जिसने जयपाल सिंह को कार्रवाई का भय दिखाते हुए झांसे में लेने का प्रयास किया। करीब एक घंटे तक जयपाल सिंह को डिजिटल अरेस्ट कर रखा था, लेकिन जयपाल सिंह अपने को भट्ठा मजदूर बताते हुए उनके चंगुल में नहीं फंसा। जिसे देख कार्रवाई का भय दिखा कर दिल्ली आने की बात सुनकर किसान ने सुरीर थाने में मामले से अवगत कराया।

अपनी फरियाद लेकर पहुंचे किसान को प्रभारी निरीक्षक संजीवकांत मिश्र का कहना है कि अगर किसी के पास ऐसी काल आती है और वह समझदारी दिखाकर बच सकता है। साइबर सेल हेल्पलाइन नंबर 1930 व स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे सकता है, जिससे समय पर कार्रवाई हो सके।

# न्यायधीशों ने किया जिला जेल का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जिला कारागार का सोमवार को जिला जज आषीष गर्ग सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेन्द्र प्रसाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्सव गौरव राज द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला में सांयकाल हेतु बंदियों का भोजन तैयार किया जा रहा था जिसकी गुणवत्ता मानक के अनुसार सही पायी गयी। निरीक्षण के दौरान कारागार चिकित्सालय में भर्ती बन्दियों की बीमारी आदि के सम्बन्ध में चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की गयी तथा बन्दियों से उनका हाल-चाल जाना गया। कारागार की बैरकों की साफ-सफाई पेयजल व्यवस्था दिन एवं रात्रि शौचालय स्नान व्यवस्था आदि को बहुत बारीकी से चेक किया गया। किसी प्रकार की कोई समस्या नही पायी गयी। कारागार मे बन्दी कल्याण हेतु संचालित हथकरघा, पोषाक केन्द्र एल.ई.डी. बल्ब केन्द्र तथा महिला वार्ड में संचालित ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि व्यवस्थाओं को देखा गया। जिला जज ने बन्दियों को कारागार में कार्य करनें के बदले मिलने वाली मजदूरी आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गयी। कारागार की बैरकों में निरूद्ध बन्दियों की बैरकों के अन्दर जाकर उनके रहन-सहन, बिस्तर, इन्डोर गेम व आउट डोर गेम के साथ-साथ विचार परिवर्तन हेतु संचालित किये जा रहे कार्यक्रम, विधिक सेवा, फ्री में अधिवक्ता आदि के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर समस्त व्यवस्थाओं को चेक किया गया तथा आवश्यक निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान कारागार की बैरकों में निरूद्ध बन्दियों का हाल-चाल जाना तथा उनकी समस्याओं के बारे में पूछा।

# आईपीएल प्लेऑफ से बाहर होने के बाद एमएस धोनी का बयान, कहा इज्जत की डिमांड नहीं कर सकते, उसे कमाना पड़ता है

पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स आईपीएल 2024 में अपना छठी बार खिताब जीतने का सपना पूरा नहीं कर पाई। टीम आईपीएल 2024 प्लेऑफ में जगह पक्की नहीं कर सकी और आरसीबी के हाथों 27 रन से हार गई। इसके बाद से एमएस धोनी ने एक इंटरव्यू में लीडरशिप पर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि आप इज्जत की डिमांड नहीं कर सकते हैं। सम्मान आपको हमेशा कमाना पड़ता है।



वहीं धोनी ने दुबई आई 103.8 यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू में लीडरशिप को लेकर कहा कि, अहम बात ये है कि आप जिन लोगों के साथ काम कर रहे हैं या जिनका नेतृत्व कर रहे हैं, उनसे आप सम्मान की डिमांड नहीं कर सकते हैं। इसके लिए आदेश नहीं दे सकते हैं। आपको ये सम्मान कमाना पड़ता है। अगर मैं किसी कुर्सी पर बैठा हूं तो सिर्फ उसपर बैठने भर से ही मुझे इज्जत मिल जाएगी, ऐसा नहीं है। लोगों का आप पर यकीन होना जरूरी है और उसी से आपको इज्जत मिलती है।

एमएस धोनी ने आगे कहा कि, आपको उदाहरण देकर खुद को लोगों के सामने साबित करना होता है। सफलता के वक्त तो आप बता सकते हैं कि हमें ये करना चाहिए लेकिन जब खराब या मुश्किल वक्त आता है तो वो मौका होता है, जब आपके बर्ताव या व्यवहार में कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। वही समय होता है, जब आप उन लोगों की इज्जत हासिल करते हैं, जिनका आप नेतृत्व कर रहे हैं।

बता दें कि, आईपीएल 2024 में बीते 18 मई को चेन्नई सुपर किंग्स और आरसीबी के बीच मैच खेला गया था। इस मैच में हार के साथ सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं खत्म हो गई थीं। इस मुकाबले में भी धोनी टीम को जीत की दहलीज तक ले गए थे। उन्होंने 192 के स्ट्राइक रेट से 25 रन ठोके थे। चेन्नई की इस हार के बाद से ही फैंस को इस बात का इंतजार है कि धोनी अपने आईपीएल करियर को लेकर क्या फैसला लेते हैं। क्या वो आगे भी आईपीएल खेलना जारी रखेंगे या ये उनका आखिरी सीजन था। लेकिन इस मामले में उन्होंने अभी भी अपनी चुप्पी साध रखी है।

## पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भाला फेंक विश्व खिताब का बचाव किया

गत पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने मंगलवार को यहां विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी क्रमशः ऊंची कूद और क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत के लिए दिन अच्छा रहा। तोक्यो पैरालंपिक और 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित ने भाले को 69.50 मीटर की दूरी तक फेंककर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। सुमित के हमवतन संदीप ने इसी स्पर्धा में 60.41 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता।

तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मरियप्पन ने इसके बाद 1.88 मीटर के चैंपियन शिप रिकॉर्ड के साथ टी63 ऊंची कूद में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले एकता ने महिला एफ51 क्लब थ्रो में 20.12 के सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ स्वर्ण पदक जीता।

## भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने बेल्जियम को हराकर यूरोप दौरे की शानदार शुरूआत की



श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरूआत की। तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये। निर्धारित समय तक स्कोर 2.2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4.2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढत दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढत कायम रही। दूसरे क्वार्टर में तिवारी ने 27वें मिनट में एक और पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदला। हाफटाइम तक भारत के पास दो गोल की बढत थी। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही बेल्जियम ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। चौथे क्वार्टर में भी बेल्जियम ने दबाव बनाये रखा और पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल दाग दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किये। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

## अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को गेंदबाजी के गुर सिखाएगा वेस्टइंडीज का ये दिग्गज

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के लिए आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच डेवोन ब्रावो पर भरोसा जताते हुए उन्हें गेंदबाजी सलाहकार नियुक्त किया है। ब्रावो टी20 वर्ल्ड कप से पहले तैयारी शिविर के दौरान टीम में शामिलहोंगे। डेवोन ब्रावो वर्तमान में टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिनके नाम प्रारूप में 625 विकेट हैं। इसके अलावा उन्होंने इस प्रारुप में लगभग 7000 रन बनाए हैं, जिससे वह टी20 क्रिकेट में सबसे सफल तेज गेंदबाजी ऑलराउंडरों में से एक बन गए हैं।

टी20 वर्ल्ड कप विजेता ब्रावो ने 295 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 6423 रन बनाए हैं और 363 विकेट अपने नाम किए हैं। वह 100 फर्स्ट क्लास, 227 लिस्ट ए और 573 टी20 मैच खेले हैं।

# राजस्थान रॉयल्स के सामने आरसीबी की कठिन चुनौती



बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ में संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। एक समय पर रॉयल्स का शीर्ष दो में रहना तय लग रहा था लेकिन लगातार चार हार और केकेआर के खिलाफ आखिरी मैच बारिश में धुलने के कारण वह सनराइजर्स हैदराबाद के बाद दूसरे स्थान पर रही।

दूसरी ओर आरसीबी प्लेआफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद फाफ डु प्लेसी की टीम ने गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर प्लेआफ में जगह बनाई। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिये खतरे की घंटी बजा दी है।

आईपीएल के पहले सत्र 2008 की चैम्पियन रॉयल्स कुछ सप्ताह पहले खिताब की सबसे प्रबल दावेदार मानी जा रही थी लेकिन पिछले चार मैचों में उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की कमजोरियां उजागर हुई। जोस बटलर के इंग्लैंड लौट जाने से उसकी बल्लेबाजी पर असर पड़ा है। अब यशस्वी जायसवाल (348 रन), कप्तान सैमसन (504 रन) और रियान पराग (531 रन) को अतिरिक्त जिम्मेदारी निभानी होगी।

सैमसन और पराग के अलावा इंग्लैंड के टॉम होलेर कैडमोर से भी अच्छी पारी की उम्मीद होगी जो जायसवाल के साथ पारी का आगाज कर सकते हैं। शिमरोन हेटमायेर निचले क्रम को मजबूती दे सकते हैं हालांकि अभी तक बल्ले से इस सत्र में कमाल नहीं कर सके हैं। अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम बाकी मैदानों की तरह बल्लेबाजों की ऐशगाह नहीं है लिहाजा यहां रॉयल्स के गेंदबाज उपयोगी साबित हो सकते हैं। इस मैदान पर इस सत्र में 12 पारियों में सिर्फ दो बार 200 से पार का स्कोर बना है यानी अनुशासित गेंदबाजी करने वाली टीम का पलड़ा भारी हो सकता है।

दूसरी ओर आरसीबी के विराट कोहली इस सत्र में 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं और वह ट्रंपकार्ड साबित हो सकते हैं। कप्तान फाफ डु प्लेसी भी फॉर्म में लौट आये हैं जबकि रजत पाटीदार ने भी पांच अर्धशतक जमाये हैं। इंग्लैंड के विल जैक्स के जाने का आरसीबी पर असर नहीं पड़ा है चूंकि निचले क्रम पर दिनेश कार्तिक 195 की स्ट्राइक रेट से अधिक से रन बना रहे हैं। पिछले मैच में यश दयाल ने चेन्नई सुपर किंग्स के महेंद्र सिंह धोनी और रविंद्र जडेजा के सामने बेहतरीन आखिरी ओवर डालकर टीम को जीत दिलाई थी। वह इस लय को कायम रखना चाहेंगे।

***टीमें इस प्रकार हैं***

***राजस्थान रॉयल्स:*** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नांद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पावेल, टॉम कोहलर-केडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुश कोटियन।

***रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर:*** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ली,हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्युसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

# विश्व कप रिजर्व चुनने पर बोले ऑस्ट्रेलियाई कोच का बयान, कहा मैकगुर्क और शॉर्ट कुछ अलग लेकर आते हैं



ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने मंगलवार को कहा कि करिश्माई युवा बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क और हरफनमौला मैथ्यू शॉर्ट को अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिये यात्रा रिजर्व के तौर पर इसलिये रखा गया है क्योंकि वे टीम में कुछ अलग लेकर आते हैं।

22 वर्षीय के फ्रेसर मैकगुर्क ने अपने पहले आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स के लिये नौ मैचों में 234 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 330 रन बनाये जिसमें 32 चौके और 28 छक्के शामिल थे। उन्हें टी20 विश्व कप के लिये आस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था लेकिन अब वह रिजर्व के तौर पर जायेंगे। मैकडोनाल्ड ने सेन रेडियो से कहा ये दोनों बाकियों से अलग है। फ्रेसर बेहतरीन सलामी बल्लेबाज है तो शॉर्ट मध्यक्रम का बल्लेबाज होने के साथ स्पिनर भी है। टीम में किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर ही इन्हें खेलने का मौका मिलेगा। कोच ने कहा ये दोनों अंतिम 15 में नहीं है लिहाजा किसी के चोटिल होने पर ही खेल सकते हैं। हमारे पास दो उम्दा विकल्प के रूप में ये दोनों खिलाड़ी हैं। सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की फिटनेस को लेकर चिंता पर उन्होंने कहा कि वह पूरी तरह से फिट है। उन्होंने कहा वह पूरी तरह से फिट है। उसने खुद कहा है। हमें पता है कि वह दिल्ली कैपिटल्स के लिये आखिरी मैच नहीं खेल सका था लेकिन वहां उस मैच के लिये टीम के चयन की रणनीति अलग थी। उसने आखिर से पहले वाला मैच खेला था।

# भारत की संगीत विरासत को दुनिया के मंच पर ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए तैयार : डेविड अंगु


डेविड अंगु, एक प्रतिभाशाली गायक जिन्होंने अपनी सुन्दर आवाज और प्रदर्शन के लिए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय मंचों पर प्रसिद्धि प्राप्त की है, जो भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में मौजूद संगीत प्रतिभा को दर्शाते हैं, वह अनगिनत कलाकारों के लिए प्रेरणा हैं। संगीत परिदृश्य में उनका योगदान अरुणाचल प्रदेश की विविध सांस्कृतिक टेपेस्ट्री को दर्शाता है और भारतीय संगीत के व्यापक परिदृश्य में योगदान देता है।



डेविड भारत के अरुणाचल प्रदेश के जीवंत सांस्कृतिक परिदृश्य से आये हुए आर्टिस्ट है। वह एक बहुमुखी कलाकार के रूप में चमकते हैं जिनके लिए उनका संगीत ही उनका जीवन है। एक गायक, गिटारवादक, संगीतकार और निर्माता के रूप में अपनी महारत से लेकर एक संगीत विशेषज्ञ के रूप में अपनी अद्वितीय प्रतिभा तक, डेविड ने अपने हुनर से हर सीमा पार की है और लोगों के दिलों में अपनी जगह बनायी है। ओम्मेम, उनका सबसे लोकप्रिय गाना महिला शिक्षा और सशक्तिकरण को दर्शाते हुए एक शक्तिशाली गाना है। इस गाने को डेविड अंगु और द ट्राइब और पश्चिम सियांग जिले, आलो, अरुणाचल प्रदेश के महिला एवं बाल विकास विभाग ने मिलकर बनाया है। इस प्रोत्साहित गाने के माध्यम से, डेविड अंगु और उनका समूह महिलाओं और लड़कियों की ताकत और क्षमता का जश्न मनाते हुए एक गहरा संदेश देते है। ओम्मेम गाना हर किसी के दिल और दिमाग में बैठ जाता है और संगीत परिदृश्य में दूर दूर तक लोगों ने इस गाने की सराहना की। डेविड अंगु की संगीत प्रतिभा की कोई सीमा नहीं है, क्योंकि वह अलग अलग जॉनर को कुशलता के साथ एक्स्प्लोर करते हैं। प्रत्येक नोट और गीत के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करते हैं, और गर्व से भारतीय संगीत की विरासत को विश्व स्तर पर ऊंचाइयों तक लेकर जा रहे हैं। अपने मनमोहक प्रदर्शन और मधुर गानों के साथ, उन्होंने दुनिया भर में स्टेज पर परफॉर्म किया है और दर्शकों को अपनी प्रतिभा और करिश्मा से मंत्रमुग्ध किया है। डेविड अंगु ने साउथ ईस्ट एशिया में बैंकॉक, थाईलैंड के साथ-साथ इंडोनेशिया में परफॉर्म किया है। इंडोनेशिया टूर के दौरान जकार्ता और बाली में आरआरआरईसी फेस्ट में भी उन्होंने अपना जलवा दिखाया। इन सभी जगह पर परफॉर्म करके उन्होंने दर्शकों को अपने टैलेंट से इम्प्रेस किया। अभी जल्दी ही वह अपना नया वेंचर रिलीज़ करने वाले हैं जो एक हिंदी गाना है। यह गाना एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली कहानी बुनने का वादा करता है, जो सभी सुनने वालों को एक अलग यात्रा पर लेकर जाएगा। जैसे ही डेविड इस मास्टरपीस को लॉन्च करने की तैयारी कर रहे हैं, वह अंतरराष्ट्रीय प्रशंसा की दहलीज पर खड़े हैं जिसके माध्यम से वह अपनी कला को दुनिया भर में दिखाने के लिए तैयार है। अपनी दिल छू जाने वाली आवाज़ और भावपूर्ण गानों के माध्यम से, वह संस्कृतियों को जोड़ने, श्रोताओं को आनंद, प्रेम और प्रेरणा का अनुभव देने के लिए तैयार है।

# मां बनने वाली है दीपिका पादुकोण, लंदन से सामने आयी वीडियो से हुआ खुलासा?

दीपिका पादुकोण लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना वोट डालने के लिए सार्वजनिक रूप से बाहर निकलीं। यह पहली बार था जब प्रशंसकों को उनके बेबी बंप की झलक मिली। वह अपने पति रणवीर सिंह के साथ थीं और अपनी गर्भावस्था की चमक का आनंद लेते हुए खूबसूरत लग रही थीं। खैर एक और बॉलीवुड एक्ट्रेस है जो इस समय ऑनलाइन ट्रेंड कर रही हैं क्योंकि प्रशंसकों को यकीन है कि वह अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही है। हम बात कर रहे हैं कैटरीना कैफ की, जो अपने पति विक्की कौशल के साथ लंदन में हैं। दोनों ने इस हफ्ते शुरुआत में विक्की का जन्मदिन मनाया। खैर चुनाव के दिन दोनों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। सड़क के उस पार से शूट किए गए क्लिप में, 2021 में शादी करने वाले जोड़े को एक साथ चलते देखा जा सकता है। हालाँकि, इस क्लिप में प्रशंसकों की दिलचस्पी जिस चीज़ ने बढ़ाई है, वह है कैट की चाल में बदलाव और ऊपर से उनका बड़ा कोट। इंटरनेट यूजर्स अब अनुमान लगा रहे हैं कि एक्ट्रेस गर्भवती हैं और मीडिया के ध्यान से बचने के लिए वह देश से बाहर है।



वीडियो के सामने आने के बाद टिप्पणी अनुभाग में, एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने बताया, कैटरीना और उनका चीजों को निजी रखना पसंद है। वह दीपिका से भी ज्यादा गर्भवती लगती है, यानी उनकी डिलीवरी समय से पहले होगी। हो सकता है कि वह पैपराजी से छिपने के लिए लंदन गई हों। वह गर्भवती दिखती है और चलने की चाल से यह पता चलता है, जबकि दूसरे ने लिखा वह ऐसे चल रही है जैसे वह गर्भवती हो। एक अन्य प्रशंसक ने टिप्पणी कि मुझे लगता है कि वह गर्भवती है।

यह पहली बार नहीं है कि कैटरीना और विक्की प्रेग्नेंसी की अफवाहों के कारण खबरों में हैं। इस साल की शुरुआत में जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन की उनकी तस्वीरों ने भी इसी तरह की चर्चा जगाई थी। खैर, अगर ये अटकलें सच हैं, तो हम इस प्यारे जोड़े को शुभकामनाएं देते हैं कि वे एक साथ माता-पिता बनने की रोमांचक यात्रा पर निकलें!

# क्या शहाना गोस्वामी कान्स फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ पोशाक वाली देसी अभिनेत्री थीं?

अपने दमदार और मार्मिक अभिनय के लिए प्रसिद्ध अभिनेत्री शहाना गोस्वामी ने 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला की उत्कृष्ट पोशाक में शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। डिजाइनरों ने उनके पहनावे को सनसनीखेज टुकड़ा डी रेसिस्टेंस के रूप में वर्णित किया, जिसमें प्रभावशाली हाथ से कढ़ाई वाले स्वारोवस्की क्रिस्टल शामिल थे।



***शाहाना का कान्स लुक***

लुक को झागदार पीच शैंपेन चामोइस साटन स्टाइल वाली ड्रेप्ड साड़ी के साथ पूरा किया गया। द हेवेनली हिप्स्टर ऐज़ हाउते ऐज़ इट गेट्स नामक यह रचना समकालीन वास्तविकताओं और उदासीन तत्वों के बीच एक वैचारिक संतुलन का प्रतीक है।

हू वेयर व्हाट व्हेन द्वारा स्टाइल की गई और ट्राइब आम्रपाली के आभूषणों से सजी शहाना गोस्वामी ने ऐश्वर्या राय बच्चन और कियारा आडवाणी जैसी साथी भारतीय हस्तियों के साथ, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारतीय सिनेमा को परिभाषित करने वाली विविधता और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

***संतोष के बारे में***

उन्होंने महोत्सव में अपने आगामी राजनीतिक नाटक संतोष का प्रतिनिधित्व किया। इसका निर्देशन प्रशंसित डॉक्यूमेंट्री फिल्म निर्माता संध्या सूरी ने किया है। अन सर्टेन रिगार्ड सेक्शन में प्रदर्शित, यह फिल्म एक विधवा की सम्मोहक कहानी बताती है जो अपने दिवंगत पति की मृत्यु के बाद पुलिस बल में उसकी भूमिका निभाती है। संतोष का लक्ष्य भारतीय पुलिस प्रणाली के भीतर शक्ति की गतिशीलता के बारे में एक मार्मिक बयान देना है। कान्स में शहाना गोस्वामी की बोल्ड और ठाठ शैली ने फिल्म के शक्तिशाली संदेश को पूरी तरह से पूरक किया।

होटल मार्टिनेज की प्रतिष्ठित सीढ़ी पर फोटोग्राफर इशान सिंह द्वारा ली गई तस्वीरें शहाना गोस्वामी की कालातीत सुंदरता, क्लास और सरासर चमक को शानदार ढंग से प्रदर्शित करती हैं। कान्स फिल्म फेस्टिवल की चकाचौंध के बीच, शहाना गोस्वामी ने रोहित गांधी, राहुल खन्ना और टिल बाय यव के स्टेटमेंट डिजाइन में शानदार छाप छोड़ी।

संतोष में अपनी प्रमुख भूमिका के अलावा, अभिनेता ने ज़्विगाटो, तू है मेरा संडे, रॉक ऑन, नियत, ब्रेक के बाद, रु बा रु और कई अन्य परियोजनाओं में अपनी प्रतिभा का योगदान दिया है।

# आदित्य चोपड़ा की 5 सदाबहार रोमांटिक फिल्में, रोमांस और कॉमेडी का ताना-बाना बुना

फिल्म निर्माता आदित्य चोपड़ा आज एक साल और बड़े हो गए हैं। कुछ शानदार फिल्मों का निर्देशन करने के साथ-साथ, उन्होंने कई सफल परियोजनाओं को भी वित्तपोषित किया है। शाहरुख खान से लेकर रणवीर सिंह तक, कई प्रतिभाशाली अभिनेता, जो इस समय बॉलीवुड में कमाल कर रहे हैं, आदित्य की यशराज फिल्म्स की खोज हैं। तो उनके जन्मदिन पर, उनकी 5 फिल्मों पर एक नज़र डालें, जिनमें एक ही समय में रोमांस और कॉमेडी का ताना-बाना बुना गया है।



***1. दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे***

दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे अब तक की क्लासिक रोमांटिक कहानी है। फिल्म यूरोप भर में एक यात्रा के दौरान राज और सिमरन की मुलाकात की कहानी बताती है और दोनों में प्यार हो जाता है। हालाँकि, जब राज को पता चलता है कि सिमरन का वादा पहले ही किसी और से किया जा चुका है, तो वह उसे और उसके पिता को पाने के लिए उसका पीछा करते हुए भारत आ जाता है। फिल्म में शाहरुख खान, काजोल, अमरीश पुरी, फरीदा जलाल और अनुपम खेर जैसे कलाकार हैं।

***2. रब ने बना दी जोड़ी***

रब ने बना दी जोड़ी एक साधारण आदमी सुरिंदर की कहानी है, जो जिंदादिल तानी से प्यार करता है और उससे शादी कर लेता है। उसे प्रभावित करने के लिए, वह पूरी तरह से मेकओवर करता है और राज बन जाता है। फिल्म में शाहरुख खान, अनुष्का शर्मा और विनय पाठक हैं।

***3. मोहब्बतें***

मोहब्बतें गुरुकुल के एक सख्त प्रिंसिपल नारायण की कहानी है जो प्यार में विश्वास नहीं करता है और अपने छात्रों को अपने दिल की बात मानने से रोकता है। हालाँकि, चीजें तब बदल जाती हैं जब एक संगीत शिक्षक अपने अधिकार को चुनौती देता है। फिल्म में शाहरुख खान, अमिताभ बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, उदय चोपड़ा, जुगल हंसराज और जिमी शेरगिल सहित अन्य कलाकार हैं।

***4. बेफिक्रे***

बेफिक्रे धरम और शायरा की कहानी है जो एक-दूसरे को डेट करना शुरू करते हैं लेकिन जल्द ही अलग हो जाते हैं। हालाँकि, जब वे अन्य लोगों के साथ आगे बढ़ने की कोशिश करते हैं, तो उन्हें एहसास होता है कि एक-दूसरे के लिए उनकी भावनाएँ और गहरी हो जाती हैं और मेल-मिलाप करने की कोशिश करते हैं। फिल्म में वाणी कपूर, रणवीर सिंह, जूली ऑर्डन, एलिसा बाचिर बे और ह्यूगो डिएगो गार्सिया हैं।

***5. वीर-ज़ारा***

वीर-ज़ारा एक भारतीय पायलट, वीर और एक पाकिस्तानी लड़की, ज़ारा की कहानी है। चूँकि वीर अपने कई साल पाकिस्तानी जेल में बिताता है, ज़ारा उसे मरा हुआ मानती है और अपना जीवन भारत में उसके गाँव के लिए समर्पित कर देती है। फिल्म में शाहरुख खान, प्रीति जिंटा, रानी मुखर्जी, अमिताभ बच्चन, मनोज बाजपेयी और अनुपम खेर हैं।

# स्वाति मामले पर उपराज्यपाल, केजरीवाल की चुप्पी बताती है महिला सुरक्षा पर उनका रुख

**नई दिल्ली (हि.स.)।** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने

**महागठबंधन**

**उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से आज जारी वक्तव्य में बताया गया है कि स्वाति मालीवाल ने फोन पर उपराज्यपाल को घटना की विस्तृत जानकारी दी है।**

राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में गहरा दुख जताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से आज जारी वक्तव्य में बताया गया है कि स्वाति मालीवाल ने फोन पर उपराज्यपाल को घटना की विस्तृत जानकारी दी है। साथ ही मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई है। उपराज्यपाल ने



कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि कम से कम मर्यादा के लिए ही मुख्यमंत्री इस मामले में अपनी बात साफ-साफ कह देते, न कि टालमटोल और संदिग्ध रवैया अपनाते। उनकी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा के मामले में उनके रुख को बयां करती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और यहां दुनिया भर के राजनयिक समुदाय आते हैं। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ऐसी शर्मनाक घटनाएं और असंवेदनशील तथा षड्यंत्रकारी अवमाननापूर्ण सरकारी प्रतिक्रिया दुनिया भर में भारत की छवि को धूमिल करती है। अगर देश में किसी अन्य मुख्यमंत्री के घर पर ऐसी घटना हुई होती, तो भारत के प्रति शत्रुता रखने वाले निहित स्वार्थी बाहरी ताकतें भारत में महिला सुरक्षा को लेकर एक तीखी वैश्विक कहानी गढ़ देते। इस मामले में किसी भी तरह की नाराजगी न होना कई सवालों को अनुत्तरित छोड़ देती है।

उन्होंने कहा कि मालीवाल उनके और उनके कार्यालय के प्रति मुखर, शत्रुता और घोर पक्षपातपूर्ण रही हैं, तथा अक्सर उनकी अनुचित आलोचना करती रही हैं, फिर भी उनके साथ की गई कोई भी शारीरिक हिंसा और उत्पीड़न अक्षम्य और अस्वीकार्य है।

उपराज्यपाल ने कहा कि यह परेशान करने वाला है कि अपराध मुख्यमंत्री के ड्राइंग रूम में हुआ और वे घर में मौजूद थे तथा यह अपराध उनके सबसे करीबी सहयोगी द्वारा एक अकेली महिला पर किया गया। उनके साथी राज्यसभा सदस्य (संजय सिंह) ने मीडिया के सामने उनकी कहानी की पुष्टि की तथा आश्वासन दिया कि मुख्यमंत्री अपराधी-उनके सहयोगी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करेंगे। इसके बाद मामले में पूरी तरह से यू टर्न ले लिया गया, जो स्पष्ट रूप से पार्टी में ऊंचे पद पर बैठे पदाधिकारी के इशारे पर हुआ। यह भी समझ से परे और हैरान करने वाला है।

## पुणे कार हादसाः तीनों आरोपित 24 मई तक पुलिस हिरासत में, कोजी बार और ब्लैक पब सील

**मुंबई (हि. स.)।** पुणे हिट एंड रन मामले के तीनों आरोपितों को पुणे कोर्ट ने 24 मई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। राज्य उत्पाद शुल्क विभाग ने मंगलवार को कोजी बार और ब्लैक पब को सील कर दिया है। पुणे जिले के कल्याणी नगर में शराब के नशे में धुत्त एक बिल्डर के नाबालिग लड़के ने रविवार को तड़के तेज रफ्तार कार चलाकर मोटर साइकिल पर जा रहे पति-पत्नी को कुचल दिया था। इस घटना में पति-पत्नी की मौत हो गई थी। स्थानीय नागरिकों ने नाबालिग लड़के को पुलिस के हवाले कर दिया था। नाबालिग होने की वजह से लड़के को सिर्फ 18 घंटे में जमानत मिल गई थी, जिससे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। इसके बाद सोशल मीडिया में कोजी बार और ब्लैक पब में शराब पीते हुए नाबालिग लड़के का वीडियो वायरल हुआ। इसके बाद पुलिस इस मामले में सख्त हुई और आज नाबालिग लड़के के पिता, कोज़ी बार और ब्लैक पब के प्रबंधक और मालिक को गिरफ्तार कर लिया।

# कांग्रेस-झामुमो को राजनाथ की चुनौती, राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आखें डालकर करें

**बोकारो (झारखंड) (हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कांग्रेस और झामुमो को चुनौती देते हुए कहा कि यदि राजनीति करनी है तो जनता की आंखों में आंखें डालकर करें। उन्होंने कहा कि ये लोग ईमानदारी की बात करते हैं। कहते हैं मोदी आ गये तो आरक्षण खत्म कर देंगे। किसी भी सूरत में भाजपा ऐसा नहीं करेगी। ये लोग धर्म के आधार पर आरक्षण देकर देश की जनता को गुमराह करना चाहते हैं। हम भेदभाव करने वाली पार्टी नहीं हैं। हम जनता की आंखों में धूल नहीं झोंकते। हम आंखों में आंखे डालकर राजनीति करते हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मंगलवार को बोकारो जिले के सेक्टर-2सी के दुर्गा पूजा मैदान में धनबाद लोकसभा क्षेत्र के एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड में अकूत खनिज संपदा है। यहां बड़ी संख्या में आदिवासी और दलित रहते हैं। यहां बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास मुख्यमंत्री रह चुके हैं लेकिन इन तीनों के दामन पर कोई दाग नहीं लगा लेकिन झारखंड में



गठबंधन की सरकार बनते हैं भ्रष्टाचार होने लगे। क्या यहां के भ्रष्ट लोग शासन संभालेंगे?

राजनाथ ने कहा कि यहां के मुख्यमंत्री तो छोड़िए उनके मंत्रियों के पीएस के पास से नोटों की गड्डियां मिल रही हैं। बिना मुख्यमंत्री के शह के यह किसी भी सूरत में सफल नहीं हो सकता। आज उनको गिरफ्तार कर लिया तो कहते हैं कि भाजपा अपने सारे विरोधियों को प्रताड़ित कर रही है। उन्होंने कहा कि आज आपको एक चीज कहना चाहता हूं, मोदी सरकार में यदि हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जाएगा तो उसका स्थान उसका घर नहीं जेल होगा। ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर लगा रहे हैं। पहली बार मैंने सुना था कि किसी राज्य का मुख्यमंत्री 24 घंटे के लिए गायब था। ना झारखंड वालों को पता था और ना किसी एजेंसी को पता था।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बराबर भ्रष्टाचारियों को शह दी जाती रही है। संरक्षण दिया जाता रहा है। आपको जानकर आश्चर्य होगा को कांग्रेस के शासनकाल में 32 लाख ही जब्त हुआ था। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ये हिम्मत नहीं करते थे। जब से मोदी पीएम बने हैं तब से एक लाख करोड़ की संपत्ति जब्त हुई है। इन लोगों ने लंबे समय तक शासन किया है। कुछ कर नहीं कर पाए तो अब झूठे आरोप लगा रहे हैं।

राजनाथ ने कहा कि हमारी विश्वसनीयता पर कौन प्रश्नचिन्ह लगा सकता है। हमने बहुमत मिलने पर 370 हटा दिया। हमने कहा था कि राम मंदिर बनकर रहेगा।

## छपरा में चुनावी रंजिश में एक की मौत के बाद दो दिनों के लिए इंटरनेट बैन

**पटना (हि.स.)।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के मतदान के दौरान छपरा में सोमवार को भिखारी चौक स्थित बूथ पर उपजे तनाव ने हिंसक रूप ले लिया है। मंगलवार सुबह बीते शाम हुए चुनावी तकरार को लेकर भाजपा और राजद के कार्यकर्ता के बीच हिंसक झड़प हो गयी। झड़प के बीच दोनों ओर से गोलीबारी भी की गयी, जिसमें एक की मौत हो गई जबकि दो अन्य कार्यकता गंभीर रूप से घायल हैं, जिनको इलाज के लिए पटना पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एहतियात के तौर पर जिले में दो दिनों के लिए इंटरनेट सेवाएं ठप्प कर दी गई हैं। छपरा में हुई चुनावी हिंसा के बाद भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। पूरा इलाका पुलिस छावनी में तबदील हो गयी है। पुलिस ने झड़प के दौरान हुई राजद कार्यकर्ता के हत्या के मामले में भाजपा नेता रमाकांत सिंह सोलंकी और उसके भतीजे रामप्रताप सिंह को हिरासत में भी लिया है। घटनास्थल पर सारण के आयुक्त एम श्रवण और पुलिस उप महानिरीक्षक विकास वैभव सहित जिलाधिकारी अमन समीर और पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने स्वयं दौरा किया और तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव मंगला ने कहा कि यहां शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए हरसंभव प्रयास किये जा रहे है। आरोपितों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। दरअसल सोमवार की शाम वोटिंग खत्म होने के बाद कुछ लोग सारण से राजद उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के विरोध में हंगामा कर रहे थे। बताया जा रहा है कि कुछ लोग रोहणी के लिए अभद्र बातें बोल रहे थे। उस वक्त प्रशासन के हस्ताक्षेप से मामले को शांत कराया गया लेकिन मंगलवार सुबह दोनों पक्षों के लोगों में फिर से कहासुनी हो गयी और विवाद के बीच गोलियां और शीशे के बोतलें दोनों ओर से चलने लगीं।

# चारधाम यात्रा यादगार बनाएगी उत्तराखंड पुलिस, डीजीपी बोले- बिना रजिस्ट्रेशन न आएं तीर्थयात्री

**देहरादून (हि.स.)।** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्तराखंड अभिनव कुमार ने कहा कि




उत्तराखंड पुलिस चारधाम यात्रा सरल, सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने देश-दुनिया से उत्तराखंड आ रहे तीर्थयात्रियों से आग्रह किया कि चारधाम यात्रा को यादगार बनाने में पुलिस का सहयोग करें। कोई भी यात्री बिना रजिस्ट्रेशन व रजिस्ट्रेशन की तिथि से पूर्व यात्रा पर न आएं।

डीजीपी ने कहा कि धामों में भीड़ के अत्यधिक दबाव के कारण वाहनों को विभिन्न जगहों पर रोका जा रहा है। साथ ही पुलिस बल को बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत चल रहे निर्माण कार्यों के कारण सुविधा के दृष्टिगत निर्माण इकाई से समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए।

चारधाम यात्रा को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस महानिदेशक उत्तराखंड अभिनव कुमार ने मंगलवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचकर व्यवस्था परखी और ड्यूटीरत अधिकारियों से अतिथि देवो भव॰ की भावना से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के साथ आवश्यक निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक ने बद्रीनाथ धाम परिसर के साथ आसपास सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा भीड़ नियंत्रण के लिए बनाए गए पुलिस प्रबंधन का जायजा लिया। श्रद्धालुओं से भी बातचीत कर उनसे यात्रा के बारे में पूछा और व्यवस्था जानी।

उन्होंने विषम परिस्थितियों में ड्यूटीरत जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं का सहभागी बन उन्हें सुव्यवस्थित ढंग से श्रीहरि के दर्शन कराकर उनकी सुखद यात्रा संपन्न करवानी है। साथ ही श्रद्धालुओं के साथ मधुर एवं विनम्र व्यवहार कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना है। उन्होंने बुजुर्ग, दिव्यांग और बीमार श्रद्धालुओं के लिए मंदिर समिति के सदस्यों से समन्वय स्थापित कर सुगमता से दर्शन कराने के निर्देश दिए।

पुलिस महानिदेशक ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सीजन ड्यूटी में नियुक्त जनपद व बाहरी जनपदों से आए पुलिस बल के ठहरने के लिए आवासीय बैरक, बिजली, पानी, शौचालयों की व्यवस्थाओं का भौतिक निरीक्षण किया।

## लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मिथुन के रोड शो में ईंट-बोतलों की बारिश



**पूर्वी मेदिनीपुर :** जादवपुर में सुबह वाम उम्मीदवार सृजन के रोड शो पर ईंटों की बारिश भी हुई मेदिनीपुर. इस केंद्र में 25 मई को लोकसभा चुनाव है. अग्निमित्र (मिदनापुर बीजेपी कैंडिडेट अग्निमित्र पॉल) इस केंद्र से बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। इस दिन मिथुन चक्रवर्ती ने मेदिनीपुर लोकसभा से बीजेपी उम्मीदवार अग्निमित्रा पाल के लिए प्रचार किया. सबसे पहले मिथुन मेदिनीपुर शहर में रोड शो करेंगे, फिर अग्निमित्रा के समर्थन में पूर्वी मेदिनीपुर के एगरा में रैली करेंगे. और यही समस्या है. मिथुन चक्रवर्ती रोड शो अराजकता (मिथुन चक्रवर्ती रोड शो अराजकता) तृणमूल पर %पुलिस के सामने जुलूस में ईंटें और प्लास्टिक की पानी की बोतलें फेंकने का आरोप लगाया गया था. हालांकि, तृणमूल कांग्रेस ने हमले के आरोपों से इनकार किया है. गली के अंदर से एक के बाद एक पानी से भरी बोतलें उड़ रही हैं. कथित तौर पर पुलिस के सामने मिथुन चक्रवर्ती के रोड शो पर ईंटें भी फेंकी गईं, जिससे मेदिनीपुर में तनाव फैल गया. वहीं, रोड शो के दौरान बीजेपी प्रत्याशी अग्निमित्रा पाल को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बार-बार माइक पर प्रचार करते हुए सुना गया, अग्निमित्रा पाल ने अनुरोध किया।

## अनजाने में भारतीय सीमा पार कर आई महिला पाकिस्तानी सेना के हवाले

**पुंछ (हि.स.)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की एक 45 वर्षीय महिला को हिरासत में लिए जाने के दो दिन बाद मंगलवार को पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि वह अनजाने में भारतीय सीमा पार कर आई थी।

अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कोटली जिले के सखी नाथ गांव की मूल निवासी नसीम फातमा को भारतीय सेना ने शनिवार देर रात राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के पुखेरनी गांव से हिरासत में लिया था। इसके बाद भारतीय सेना ने अपने पाकिस्तानी समकक्षों से संपर्क स्थापित किया और महिला को आज दोपहर चाकन-दा-बाग सीमा पर पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। इस मौके पर दोनों पक्षों के नागरिक अधिकारी मौजूद थे।

## चारधाम यात्रा : केदारनाथ धाम में अब तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किये बाबा केदार के दर्शन

**रुद्रप्रयाग (हि.स.)।** उत्तराखंड की धामी सरकार चारधाम यात्रियों की सुविधाओं और व्यवस्थाओं के



लिए न केवल संकल्पित है अपितु इसको सुगम बनाने के लिए हर दिन आला अधिकारियों को दिशा-निर्देशित कर समीक्षा भी कर रही है। इसी का परिणाम है कि 11 दिनों में केदारनाथ धाम में अब तक 3 लाख 19 हजार से अधिक श्रद्धालु बाबा के दर्शन कर चुके हैं। यह एक नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है। जिला प्रशासन की ओर से केदारनाथ धाम दर्शन करने पहुंच रहे तीर्थ यात्रियों का अतिथि देवो भवः की परम्परा से स्वागत किया जा रहा है।

इस वर्ष पिछली बार से बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु केदारनाथ धाम में बाबा केदारनाथ के दर्शनों को पहुंच रहे हैं। इन श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम, सुव्यवस्थित, सुरक्षित और मंगलमय यात्रा संपन्न हो, इसके लिए राज्य सरकार से लेकर जिला प्रशासन सभी सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं जुटाने में निरंतर प्रयासरत हैं। चारधाम आने वाले यात्रियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

बाबा केदारनाथ धाम के कपाट देश-विदेश के श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ 10 मई को खोल दिए गए थे और इन 11 दिनों में ही केदारनाथ धाम में आस्था का जो सैलाब उमड़ रहा है। उसने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ी मिसाल है। अब तक 3,19,193 श्रद्धालु श्री केदारनाथ धाम के दर्शन कर चुके हैं जो 11 दिनों में एक नया कीर्तिमान स्थापित हो गया है।

केदारनाथ यात्रा पड़ाव फाटा, सोनप्रयाग एवं गौरीकुंड आदि क्षेत्रों में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ होने के कारण जिला प्रशासन की ओर से यात्रियों को अगस्त्यमुनि एवं अन्य स्थानों पर सुरक्षा और सुव्यवस्थित यात्रा के दृष्टिगत रोका जा रहा है। इन यात्रियों को रहने और खाने आदि की कोई असुविधा न हो, इसके लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार के निर्देशन में नगर पंचायत अगस्त्यमुनि की ओर से अतिथि देवो भवः की परम्परा एवं संस्कृति के अनुसार स्वागत किया जा रहा है।

# हिमोफिलिया के मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के पांच दशक पुराने मामले में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने माफी मांगी

**लंदन (हि.स.)।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने देश में 1970 के दशक में हिमोफिलिया मरीजों को संक्रमित खून चढ़ाने के

**नाकाम**

**पूर्व न्यायाधीश लैंगस्टाफ ने आपदा को टालने में नाकाम रहने के लिए तत्कालीन सरकारों और चिकित्सा पेशेवरों की आलोचना की है।**

प्रकरण को दबाने का आरोप लगाए जाने के बाद सोमवार को सार्वजनिक माफी मांगी है। सुनक ने यह माफी सरकार को सौंपी गई एक जांच रिपोर्ट में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) की लापरवाही वाले रवैए के बाद मांगी है। जांच समिति के अध्यक्ष सर ब्रायन लैंगस्टाफ द्वारा इस मुद्दे पर अपना कड़ा फैसला सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद संसद के निचले सदन 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में सुनक ने कहा कि जांच



में उल्लिखित ''विफलताओं और इनकार के रवैये'' के बाद यह ब्रिटेन के लिए शर्म का दिन है। ब्रिटेन में संक्रमित रक्त प्रकरण की जांच में सोमवार को पाया गया कि अधिकारियों और लोक स्वास्थ्य सेवा ने जानकारी होने के बावजूद हजारों मरीजों को संक्रमित रक्त हिमोफिलिया के मरीजों को चढ़ाया गया जिससे वे दूसरी गंभीर बीमारियों से संक्रमित हो गए और इससे उनकी मौत हो गई। यह माना जाता है कि ब्रिटेन में, 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक के शुरुआती वर्षों तक एचआईवी या हेपटाइटिस से संक्रमित रक्त चढ़ाने से करीब 3,000 लोगों की मौत हुई। इस प्रकरण को 1948 से ब्रिटेन की सरकार संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के इतिहास में सबसे घातक आपदा माना जाता है।

सुनक ने पीड़ितों और उनके परिवारों को संबोधित करते हुए कहा, मुझे यह समझना लगभग असंभव लगता है कि यह कैसा महसूस हुआ होगाज मैं दिल से और स्पष्ट रूप से माफी मांगना चाहता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, मौजूदा और 1970 के दशक की हर सरकार की ओर से, मुझे वास्तव में खेद है। उन्होंने सभी पीड़ितों को मुआवजा देने की पुष्टि की। पूर्व न्यायाधीश लैंगस्टाफ ने आपदा को टालने में नाकाम रहने के लिए तत्कालीन सरकारों और चिकित्सा पेशेवरों की आलोचना की है। उन्होंने पाया कि आपदा को छिपाने के लिए जानबूझकर प्रयास किए गए और सरकारी अधिकारियों द्वारा सबूत नष्ट करने के साक्ष्य हैं। लैंगस्टाफ ने कहा, यह आपदा एक दुर्घटना नहीं थी। संक्रमण इसलिए हुए कि प्राधिकार-चिकित्सक, रक्त सेवा प्रदाता और तत्कालीन सरकारों ने मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता नहीं दी।प्रभावित हुए ज्यादातर लोग 'हिमोफिलिया' से ग्रसित थे। ऐसे मरीजों के रक्त में थक्का नहीं बनता है और उनको अतिरिक्त रक्त की आवश्यकता होती है। 1970 के दशक में मरीजों को नया उपचार दिया गया जिसे ब्रिटेन ने अमेरिका से अपनाया था। कुछ प्लाज्मा, कैदियों सहित ऐसे लोगों का था जिन्हें रक्त के एवज में भुगतान किया गया था।

# ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति रईसी के अंतिम दर्शन के लिए तबरेज में उमड़ा जनसैलाब

**संगठन**

**ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं।**

**तेहरान (हि.स.)।** ईरान के दिवंगत राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अंतिम दर्शन के लिए आज मुल्क के तबरेज शहर में जनसैलाब उमड़ पड़ा। उनके पार्थिव देह की एक झलक पाने के लिए लोग बेताब दिखे। उन्हें गुरुवार दोपहर पवित्र शहर मशहद में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। इस हादसे में रईसी



समेत नौ लोग हताहत हुए हैं। इनमें ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीराब्दुल्लाहियन भी हैं। ईरान में सोमवार को पांच दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई। तबरेज शहर में आयोजित शोकसभा में हजारों लोग शामिल हुए। ईरान में शहीदों से संबंधित समारोहों और सेवाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले संगठन ने मशहद में अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं। रईसी की पार्थिव देह तबरेज में सुबह 9~30 बजे शोहदा स्क्वायर से मोसल्ला के लिए रवाना हुई। पूरे रास्ते दोनों तरफ गम में डूबे लोग अपने नेता के अंतिम दर्शन के लिए खामोश खड़े रहे। बुधवार सुबह 7~30 बजे तेहरान में अंतिम प्रार्थना होगी। इसके बाद दफन जुलूस तेहरान विश्वविद्यालय से आजादी स्क्वायर की ओर बढ़ेगा।

अपराह्न में विदेशी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में शहीदों के सम्मान में एक समारोह होगा। गुरुवार को बिरजंद में सुबह 8~00 बजे से दक्षिण आखिरी विदाई समारोह होगा। दोपहर को पवित्र शहर मशहद में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।


## सेल आईएसपी के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**बर्नपुरः** सेल एक ओर आईएसपी के विस्तारीकरण के लिए 30 से 35 हजार करोड़ के निवेश की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर बर्नपुर इलाके में नकड़ासोता, छोटादिघारी, बड़ादिघारी के लोगों ने एक मैदान को लेकर सेल आईएसपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इनका कहना है कि यहां पर एक स्कूल है। स्कूल के पास एक मैदान है। इस मैदान को सानीय लोग कई दशकों से इस्तेमाल करते आ रहे हैं कल रात अचानक आसपास 12 ट्रकों में राख लाकर आईएसपी प्रबंधन द्वारा मैदान पर फेंक दिया गया है। राख लाकर फेकने के कारण वहां के लोग काफी नाराज हैं।इनका कहना है कि सेल आईएसपी प्रबंधन से यहां के लोगों की बातचीत चल ही रही है। प्रबंधन से यह अनुरोध किया गया है कि वह इस मैदान को स्कूल के लिए इस्तेमाल करने के लिए नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट प्रदान करें इस तरह मैदान में राख डाल देना अनुचित है। उनकी मांग है कि सेल आईएसपी प्रबंधन के अधिकारी यहां पर आएं और गांव वालों से बातचीत करें और इस मैदान को स्कूल तथा स्थानीय लोगों के इस्तेमाल के लिए प्रदान किए जाने का इंतजाम करें इलाके के लोगों का कहना है कि सेल आईएसपी प्रबंधन के पास इस जमीन के कागजात नहीं है उनकी मांग है कि स्थानीय लोगों के साथ इसको प्रबंधन के अधिकारियों को बैठना होगा और स्कूल के इस्तेमाल के लिए मैदान के हिस्से को चिन्हित करके इसका स्थायी समाधान निकाला होगा।

## क्लीन & क्लियर ने नई डिजिटल फिल्म लॉन्च कीः 'पिंपल ही तो है' अभियान के साथ पिंपल्स की फिक्र को संबोधित किया

**नई दिल्ली।** हम क्लियर स्किन की इम्पोर्टेंस को समझते है। जब आपकी स्किन सुंदर होती है, तब आपको आत्मविश्वास महसूस होता है। लेकिन पिंपल होते ही टीनेज का सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है, जो खुशी में बाधा डालकर उनकी सभी योजनाओं को रद्द करा देता है। भारत का अग्रणी टीन स्किनकेयर ब्रैंड, क्लीन & क्लियर fi अपने 'पिंपल ही तो है' अभियान के अंतर्गत अपनी लेटेस्ट डिजिटल फिल्म पेश कर रहा है। ब्रैंड के वादे पर बल देते हुए यह नई डिजिटल फिल्म टीनेज में पिंपल्स के प्रति एक नया दृष्टिकोण लेकर आई है, जो टीनेज युवाओं को पिंपल्स को स्वीकार करने और जीवन की महत्वपूर्ण चीजों पर फोकस करने के लिए प्रेरित करता है। इस नए डिजिटल अभियान में एक टीनेज लड़की के जीवन में पिंपल को लेकर होने वाली चिंता को दिखाया गया है। पिंपल अचानक प्रकट होते हैं, और जीवन की योजनाओं में बाधा डाल देते हैं, और यंग टीनेज युवाओं का आत्मविश्वास कमजोर हो जाता है। क्लीन × क्लियर? का मानना है कि मुंहासे युवाओं के जीवन का



स्वाभाविक हिस्सा हैं और यह ब्रांड इस धारणा को बदलने की कोशिश कर रहा है कि मुंहासों के कारण एक युवा लड़की को परेशानी या चिंता होनी चाहिए। अपने नए अभियान द्वारा क्लीन & क्लियर fi यंग टीनेज युवाओं को पिंपल्स को एक सामान्य घटना के रूप में देखने के लिए प्रेरित कर रहा है क्योंकि यह 'केवल एक सामान्य पिंपल' होता है। यह अभियान उन्हें पिंपल से परेशान न होने और इससे अपने आत्मविश्वास या लक्ष्यों को प्रभावित न होने देने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यह अभियान नया व बेहतर क्लीन & क्लियर fi Foaming Facewashfi पेश कर रहा है, जो केवल 1 हफ्ते* 1 में पिंपल्स को कम करने के लिए क्लिनिकली प्रूवन है, और टीनेज युवाओं की पिंपल्स की समस्याओं को प्रभावी रूप से दूर करता है। नया व बेहतर क्लीन & क्लियर Foaming Facewashfi, अपने 50 प्रतिशत ज्यादा पिंपल-नाशक इंग्रेडिएंट्स 2 के साथ स्किन से धूल, तेल, और पिंपल करने वाले बैक्टीरिया को साफ कर देता है। इसमें अतिरिक्त पैराबेन और सल्फेट नहीं हैं। क्लीन & क्लियर fi Foaming Facewashfi का बेहतर फॉर्मुलेशन विशेष रूप से स्किन के रूखेपन की सबसे बड़ी समस्या को दूर करने के लिए डिज़ाईन किया गया है। इस फेसवॉश में 4X हाईड्रेटिंग इंग्रेडिएंट्स 2×3 हैं।

# 2024 का चुनाव तय करेगा किधर बहेगी भारत के भविष्य की त्रिवेणी: नरेन्द्र मोदी



**प्रधानमंत्री ने कहा समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का सनातन से 36 का आंकड़ा**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मंगलवार को पीएम मोदी ने प्रयागराज एक बड़ी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किस तरफ बहेगी।

नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को भारत की तारीफ हजम नहीं होती। पीएम ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। ये गठबंधन वाले चुनाव भी किस एजेंडा पर लड़ रहे हैं, इनका एजेंडा है-कश्मीर में आर्टिकल-370 फिर से लाएंगे, सीएए को रद्द करेंगे, भ्रष्टाचार पर जो कड़े कानून बने हैं, उन्हें रद्द करेंगे। प्रधानमंत्री ने जनता से विपक्ष के क्रियाकलापों पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश तोड़ने वाले और उसे विकसित करने वालों में से आपको चुनाव करना है। पीएम मोदी ने कहा कि मेरा मूल मन्त्र है विकास भी विरासत भी। उन्होंने कहा कि अभी अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना है, अब निषादराज के श्रृंगवेरपुर का विकास किया भी जाएगा। श्रृंगवेरपुर राम वन गमन पथ का प्रमुख तीर्थ बनेगा। उन्होंने जनता के सामने सवाल उठाया कि क्या सपा-कांग्रेस वाले कभी भी ये काम करेंगे? उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के शहजादों को अपने परिवार के आगे कुछ भी नहीं दिखता है।

उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस वालों का सुशासन और सनातन से 36 का आंकड़ा है। प्रभु श्री राम का अपमान करने वालों को प्रयागराज की जनता का भी माफ नहीं करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समाजवादी सरकार में व्यक्ति की जाति देखकर नौकरी दी जाती थी। यूपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया गया था। उत्तर प्रदेश के फर्स्ट टाइम वोटर को पता नहीं होगा की पुरानी सरकार में बहन बेटियों का बाहर निकलना मुश्किल होता था। हमारे तीर्थराज प्रयाग में खुलेआम गोली बम चलते थे। सीधे सच्चे लोग दहशत में जीते थे। यह इंडी गठबंधन के लोग सनातन को डेंगू और मलेरिया कहते हैं।

## सीनियर छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

**प्रयागराज।** नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय के परास्नातक (एम.ए.) हिन्दी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा द्वितीय वर्ष के छात्रों का विदाई समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। जमुनीपुर परिसर स्थित प्राचीन पुस्तकालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में दोनों वर्ष के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। इस अवसर पर हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हिमांशु शेखर सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कला तथा शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता क्रमशः डॉ. सव्यसाची तथा प्रो. भावेश दुबे सहित डॉ. ममता मिश्रा, डॉ. विष्णु प्रसाद शुक्ल, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. भूप नारायण, डॉ. आलोक कुमार विश्वकर्मा, डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. पुष्पांजलि पाल, डॉ. मोहम्मद वाकिफ ने भी आशीर्वचन दिया।

# कोर्ट रूम में वादकारी दंपती से मारपीट करने वाला अधिवक्ता गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**पुलिस ने गाजियाबाद से दबोचा**

**प्रयागराज।** न्यायाधीश कक्ष में वादकारी दंपती से मारपीट करने के आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह को पुलिस ने गाजियाबाद से गिरफ्तार कर लिया। रणविजय पर मुकदमे में पैरवी करने आई करेली निवासी महिला और उसके पति को कोर्ट के भीतर साथियों संग मिलकर पिटाई करने का आरोप है। हाईकोर्ट ने सभी आरोपी अधिवक्ताओं के जिला न्यायालय में प्रवेश पर रोक लगा रखी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की खोजबीन में जुटी थी। गत दिनों जनपद न्यायालय स्थित सिविल न्यायालय में एक केस की सुनवाई के दौरान वादकारी दंपती को मारने पीटने और अदालत के कामकाज में बाधा पहुंचाने के मामले का हाईकोर्ट ने सख्त रुख अख्तियार किया था। आरोपी अधिवक्ताओं की किसी भी अदालत में प्रैक्टिस और कोर्ट परिसर में घुसने पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने जिला जज इलाहाबाद से सीसीटीवी के साथ विस्तृत रिपोर्ट अदालत तलब करते हुए आरोपी वकीलों के अलावा घटना में शामिल लोगों की पहचान कर आपराधिक अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का आदेश दिया है। सिविल जज की शिकायत पर जिला जज की ओर से भेजी गई रिपोर्ट का संज्ञान लेने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने यह सख्ती बरती है। उधर, जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब सहित 10 अधिवक्ताओं की बार संघ से सदस्यता समाप्त कर दी है। हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आरोपी अधिवक्ता रणविजय और मो. आसिफ के खिलाफ अपराधिक अवमानना का नोटिस भी जारी किया है। साथ ही जिला जज से घटना सीसीटीवी फुटेज की जांच करने और आरोपियों के अलावा घटना में शामिल वकीलों और अन्य लोगों की पहचान कर अवमानना की कार्यवाही शुरू करने का निर्देश दिया है। गौतलब है कि कुछ दिन पूर्व जिला न्यायालय इलाहाबाद में सिविल जज वरिष्ठ श्रेणी की अदालत में त्वरित सुनवाई को लेकर कुछ वकीलों के साथ आरोपी अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब ने कोर्ट में घुस कर वादकारी दंपत्ति के साथ मारपीट शुरू कर दी थी। यह देख पीठासीन अधिकारी को कोर्ट से काम छोड़ कर उठना पड़ा। वादकारियों पर हमलावर वकील फिर भी नहीं माने तो दंपती जज के चैंबर की ओर भागे तो वहां से भी हमलावरों ने उन्हें खींच लिया और पीटने लगे।

इस मामले में पीड़ित दंपती ने कर्नलगंज थाने में अधिवक्ता रणविजय सिंह, मो. आसिफ, मो. महताब और आफताब समेत 10 अधिवक्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। अधिवक्ताओं के आचरण से नाराज सिविल जज ने मामले की जानकारी जिला जज को दी। जिला जज की ओर से उच्च न्यायालय के महानिबंधक, जिला बार एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश बार काउंसिल को दी गई है।

# भाजपा इंडिया गठबंधन से घबराने लगी है: शिवपाल

अवधनामा संवाददाता

**अनुशासन में रहकर करे मतदान**

**आजमगढ़।** लालगंज लोकसभा सुरक्षित के लिए नगर पंचायत लालगंज के राम जानकी मैदान परिसर में संविधान बचाओ सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्टार प्रचारक शिवपाल यादव ने कहा कि लाइन में लगकर अनुशासन में रहकर मतदान करें। भाजपा को हराना है तो अनुशासन में रहना है। इंडिया गठबंधन से भाजपा घबराने लगी है। बेइमानी व अधिकारियों से कहकर सपा व गठबधन के प्रमुख नेताओ को फसाने का दबाव बना रही है। मतदान के दिन तक पुलिस या किसी अधिकारी के बुलाने पर मत जाइए और बचकर रहिए । आपको कोई भी गाली देता है तो भी बचना है। हर तरह से बचना है। पूरे देश मे एनडीए (भाजपा) गठबधन हार रहा है। भाजपा सरकार मे किसान, दलितो, महिलाओ, नौवजवानो सबको अपमानित कर मुकदमा लगाए गये। भाजपा सरकार मे सभी सरकारी कार्यालयो मे जन प्रतिनिधियो का अपमान होता है। भाजपा सरकार देश के कुछ पूजीपतियो के लिए ही कार्य किया है। मुख्य अतिथि ने कहा कि जब स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे तब गंभीर बीमारियों का इलाज सरकारी खजाने से करने का निर्देश दिये थे। सत्ता पक्ष का काम होता है अच्छी अच्छी योजनाए लाए



व जनता की सेवा करे। विपक्ष का काम होता कमियो को उजागर करना। आप भाजपा सरकार के खिलाफ बोलना, आन्दोलन करना, धरना प्रदर्शन, भाषण देना संविधान मे अधिकार है। ये निकम्मी व बेइमान सरकार संविधान को बदलना चाहती है। इसे हटाने का समय आ गया है। सबसे महंगी बिजली उत्तर प्रदेश मे दी जा रही है। इण्डिया गठबंधन की सरकार आने पर अग्निवीर व आउट सोर्सिंग कर्मचारियो के स्थान पर पूर्ण न्यूक्ति की जायेगी। गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालो को पांच किलोग्राम सड़ा राशन दिया जाता है। हमारी सरकार बनी दस किलोग्राम राशन वितरित किया जायेगा। वही सपा प्रत्याशी दरोगा प्रसाद सरोज ने कहा कि इण्डिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद एक माह में बुल्डोज़र बाबा का समापन हो जायेगा। कार्य क्रम को पूर्व सांसद राम किशुन यादव चन्दौली, पूर्व सांसद नन्दकिशोर यादव, विधायक बेचाई सरोज, हवलदार यादव जिलाध्यक्ष सपा, शरद यादव सहित अन्य ने सम्बोधित किया। मुख्य अतिथि को मार्ल्यापण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान सभा अध्यक्ष लालगंज राजनरायन यादव ने किया। इस अवसर पर मोहम्मद ताहिर राधवेन्द्र सिंह विधायक इटावा, नैमुल हसन पूर्व विधायक, जनार्दन सिंह, डा0 प्रमोद सरोज, बसीम खान, पाचू यादव, महेश सोनकर, गुलाब राजभर, आलमगीर, हरेन्द्र सोनकर, फहीम सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

**आजमगढ़।** जिला कांग्रेस कार्यालय पर भारत के पूर्व प्रधानमत्री भारत रत्न स्व0 राजीव गॉधी की पुण्यतिथि मनायी गयी। उनके तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया एवं विचार गोष्ठि कर उनके कृत्यों पर प्रकाश डाला गया। इस अवर पर वक्ताओं ने उनके जीवन के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि स्व0 राजीव गॉधी आधुनिक भारत को मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया, जिसमें पंचायती राज्य लागू कर आमजनों की भागीदारी को सुनिश्चित किया। गोष्ठि में प्रमुख रूप से चन्द्रपाल यादव पूर्व प्रवक्ता, मुन्नू यादव पी0सी0सी0 सदस्य, प्रदीप यादव, पूर्णमासी प्रजापति, कौशल कुमार सिंह उर्फ मुन्ना राय, श्यामदेव यादव पी0सी0सी0 पल्हनी ब्लाक के अध्यक्ष प्रमोद यादव, मुन्नू मौर्य, कवि एवं शायार नामी चिरैयाकोटी, शम्भू शास्त्री, बृजभूषण मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तेजबहादुर यादव उपाध्यक्ष ने किया।

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने उन्हें याद किया



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कांग्रेस जनों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने प्रिय नेता को याद किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि स्वर्गीय राजीव गांधी जी आधुनिक भारत के निर्माता और 21 वीं सदी की वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप देश को उसके अनुरूप ढालने वाले पहले नेता थे। उन्होंने कहा कि सही मायनों में भारत रत्न श्री राजीव गांधी 21 वीं सदी के भारत के स्वप्नद्रष्टा थे। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रमोद तिवारी, प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, शेखर बहुगुणा, सुरेश यादव,फुजेल हाशमी, हरीकेश त्रिपाठी,सुधाकर तिवारी , किशोर वार्ष्णेय, अनूप त्रिपाठी, लल्लन पटेल, अशोक सिंह, विनय पांडेय, अभिषेक शुक्ला, अब्दुल सकूर, ऋतु पांडेय, सत्या पांडेय, चमन रावत, रचना पांडेय , आफरीन खान, पूनम यादव, शीला रावत,आदि पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# महाकुंभ से पहले प्रयागराज जंक्शन को मिली रेल कोच रेस्टोरेंट की सौगात

**सेल्फी प्वाइंट और फव्वारों का भी लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ को दिव्य और भव्य स्वरूप देने के लिए डबल इंजन की सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। ऐसे में पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण किया गया है और सिविल लाइंस की ओर से जंक्शन रेलवे स्टेशन में इसकी शुरुआत कर दी गई है। प्रयागराज महाकुंभ कई अभिनव प्रयोगों का साक्षी बन रहा है। इसी के तहत प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट और पहले यातायात पार्क के बाद अब कुंभ नगरी में रेल कोच रेस्टोरेंट की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। जंक्शन रेलवे स्टेशन के बाहर बने रेल कोच रेस्टोरेंट को मंगलवार से शुरू कर दिया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के जन संपर्क अधिकारी अमित सिंह बताते हैं कि लखनऊ, बरेली, वाराणसी, झांसी और आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के बाद अब प्रयागराज यूपी का छठवां रेलवे स्टेशन है, जहां रेल कोच रेस्टोरेंट शुरू हो गया है।




### मिलेगा कई राज्यों के खाने का जायका

**प्रयागराज।** पर्यटक मील्स ऑन व्हील की थीम पर ट्रेन की पटरियों पर कोच में जायके का लुत्फ उठा सकेंगे। इसमें रेलवे के पुराने एसी टू कोच को रेस्टोरेंट का लुक दिया गया है। रेल कोच रेस्टोरेंट के अंदर एक बार में 56 लोग बैठ सकते हैं, जिसके लिए यहां कुल 14 टेबल की व्यवस्था की गई है। हर एक टेबल के साथ दो-दो सोफे लगाए गए हैं । इसमें चार लोग आसानी से बैठ सकते हैं। महाकुंभ को देखते हुए रेल कोच रेस्टोरेंट में यात्रियों को सौ फीसदी शाकाहारी भोजन ही परोसा जाएगा। रेल कोच रेस्टोरेंट 24 घंटे ओपन रहेगा। वहीं रेल कोच रेस्टोरेंट में दो सेल्फी प्वाइंट और फुहारे भी लगाए गए हैं। इसके अलावा बच्चों के खेलने के लिए अलग से स्पेस बनाया गया है, जिसमें फैमिली के साथ आने वाले बच्चे खुली हवा में खेल सकें। जन संपर्क अधिकारी के मुताबिक जंक्शन के अलावा छिवकी व सूबेदारगंज में भी रेल कोच रेस्टोरेंट का निर्माण हो रहा है, जो महाकुंभ से पहले बनकर तैयार हो जायेंगे।

# विपक्ष के अंदर मची खलबली बौखलाहट, उनकी हार को स्पष्ट प्रर्दर्शित करता है: योगी

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी सदर लोकसभा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव निरहुआ के लिए सगडी विधानसभा में नवोदय विद्यालय के पास मेहनाजपुर जीयनपुर में मुख्यमंत्री सीएम योगी आदित्यनाथ की जनसभा सम्पन्न हुई। जनसभा में उमड़ा जनसैलाब। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्षियों खास कर समाजवादी पार्टी को जमकर ललकारते हुए कहा कि पांच चरण के चुनव संपन्न हो गया है छठे चरण में आजमगढ़ की जनता जर्नादन को भी अपना प्रतिनिधि चुनना है । पांच चरणो के चुनाव के बाद रूझान इस बात को बताते है कि विपक्ष के अंदर मची खलबली बौखलाहट, उनकी हार को स्पष्ट प्रर्दर्शित करता है। पूरे देश के अंदर एक ही आवाज आ रही है एक ही भाव सर्वत्र दिखाई दे रहा है वह है फिर एक बार मोदी सरकार। अबकी बार चार सौ पार। चार सौ पार की बात होती है तो कांग्रेस, सपा और बसपा की हालत खराब हो जाती है। उनके चेहरे की हवा उड़ जाती है। फिर वह पूछते है चार सौ पार कैसे होगा। तो जनता की ओर से आवाज आती है जो राम को लाए है हम उनको लाएंगे। जिन लोगों ने आपके सामने पहचान का संकट खड़ा किया था, जिन्होने राष्ट्र की सुरक्षा में सेंध लगाई, जिन्होने हमारे आराध्य देवों को अपवित्र करने का कुत्सीक प्रयास किया था। जिन लोगों ने विकास को बाधित किया था।



## Format C-7

**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and upto two days before the date of poll**

Format C-2

(For political party to publish in website, newspapers, TV)

Declaration about criminal antecedents of candidates set up by the party

"(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No.536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)"

**Name of Political Party :** Bharatiya Janata Party

***Name of Election :** Loksabha General Election - 2024

**Name of State/UT :** Uttar Pradesh

| 1 | 2 | 3 | 4 | | 5 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Sl. No.** | **Name of constituency** | **Name of candidate** | **(A) Pending criminal cases** | | **(B) Details about cases of conviction for criminal offences** | | |
| | | | Name of Court, case No. & status of the case(s) | Sections of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | **Maximum Punishment Imposed.** |
| 1 | 68-Lalganj (SC) | **Neelam Sonkar** | Court No.-10, Azamgarh, Case No.-278/2009 & Pending | 188 IPC & 126 RP Act, Disobedience of public servent, violation of model code of conduct. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |
| 2 | 68-Lalganj (SC) | **Neelam Sonkar** | Court No.-10, Azamgarh, Case No.-53/2014 & Pending | 188 IPC & 126 RP Act, Disobedience of public servent, violation of model code of conduct. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Counsil by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में रौनक, बिटकॉइन 71 हजार डॉलर के पार पहुंचा

**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को रौनक छाई हुई है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ दो आज मामूली गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार कर रही हैं, जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 8 क्रिप्टो करेंसी मजबूती के साथ ग्रीन जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। आज के कारोबार में बिटकॉइन एक बार फिर 71 हजार डॉलर के स्तर को पार कर गया है। वहीं, एथेरियम ने आज 20 प्रतिशत से अधिक की मजबूती दर्ज की है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 5.65 प्रतिशत की मजबूती के साथ 71,088.85 डॉलर यानी 59.23 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

# फिक्की एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत में महिला उद्यमियों को सशक्त करने के लिए सिलीगुड़ी चैप्टर लांच किया

*अवधनामा संवाददाता*

**नई दिल्ली/सिलीगुड़ी।** भारत के शीर्ष कारोबारी चैंबर फिक्की की महिला शाखा फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइजेशन (एफएलओ) ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में अपना 20वां चैप्टर लांच किया। सिलीगुड़ी चैप्टर की लांचिंग से पूरे भारत में महिला उद्यमियों और पेशेवरों को सशक्त करने के एफएलओ के मिशन को मजबूती मिलेगी और पूर्वोत्तर क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि एवं विकास को गति मिलेगी।

एफएलओ ने पूर्वोत्तर भारत के एक द्वार के तौर पर सिलीगुड़ी के रणनीतिक स्थान और इसकी तेज आर्थिक वृद्धि की वजह से इसे चुना है। सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल में एफएलओ का दूसरा चैप्टर है। इस शहर का गतिशील कारोबारी वातावरण और यहां की महिला उद्यमियों की ओर से मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया ने इसे विस्तार के लिए




एक स्वभाविक पसंद बनाया।

सिलीगुड़ी में कोर्टयार्ड मैरियट में शनिवार 18 मई, 2024 को एक शानदार लांचिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव मुख्य अतिथि रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथियों में सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त सुश्री शेरिंग वाई भूटिया और अंतरराष्ट्रीय साड़ी ड्रेप आर्टिस्ट सुश्री डॉली जैन शामिल रहीं। अन्य प्रमुख हस्तियों में एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री जॉयश्री दास वर्मा, एफएलओ सिलीगुड़ी की नामित चेयरपर्सन सुश्री निहारिका मित्रुका और एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष सुश्री विनिता बिमभेट, सुश्री जयंती डालमिया और एफएलओ के राष्ट्रीय संचालन निकाय के अन्य सदस्य शामिल रहे।

राज्यसभा सांसद और तृणमूल कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुश्री सुष्मिता देव ने कहा, महिलाओं का सशक्तिकरण संख्या से परे है। बिना अधिकार और निर्णय क्षमताओं के उनकी भूमिका महज सजावटी रहती है। सही मायने में समानता का अर्थ है समान अधिकारों तक पहुंच। नेटवर्किंग इस सशक्तिकरण प्रक्रिया में एक अहम भूमिका निभाती है। फिक्की और एफएलओ जैसे संगठन इन महत्वपूर्ण नेटवर्कों के निर्माण और सुगम बनाने में महत्वपूर्ण हैं जो जुड़ने, गठबंधन करने और एक दूसरे के विकास में सहयोग के लिए मंच उपलब्ध कराते हैं।

सिलीगुड़ी नगर निगम की आयुक्त सुश्री शेरिंग वाई भूटिया ने कहा, श्रम बाजार और नौकरी के बाजार का उद्भव इस प्रकार से होना चाहिए जिससे समावेशी एवं विविध अवसर विशेषकर महिलाओं के लिए पैदा हों। घर और कार्यस्थल पर महिलाओं की भूमिका के बीच एक संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है और इसके लिए काम और जीवन में

# वीवो ने नए Y200 प्रो 5G के साथ किया अपनी प्रीमियम Y सीरीज़ का विस्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**नई दिल्ली।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, वीवो ने आज अपने प्रीमियम Y सीरीज पोर्टफोलियो में अपना लेटेस्ट स्मार्टफोन वीवो Y200 प्रो 5G पेश किया। सेगमेंट के सबसे पतले 3डी-कर्व्ड डिस्प्ले के साथ - वीवो वाई सीरीज़ में पहली बार एक एक्साम्प्लारी कैमरा सेटअप और एफिशिएंट परफॉरमेंस कैपेबिलिटी के साथ, यह स्मार्टफोन यूजर्स को एक शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। Y200 Pro 5G का एक आकर्षक डिज़ाइन है और यह दो शानदार रंगों - सिल्क ग्रीन और सिल्क ब्लैक में उपलब्ध होगा। 24,999 रूपये की कीमत वाला, Y200 Pro 5G में केवल एक 8GB+128GB स्टोरेज वेरिएंट होगा और यह आज से फ्लिपकार्ट, वीवो इंडिया ई-स्टोर और सभी पार्टनर रिटेल स्टोर्स पर खरीदने के लिए उपलब्ध होगा। एसबीआई कार्ड, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, इंडसइंड बैंक और फेडरल बैंक आदि का उपयोग करके स्मार्टफोन खरीदने




वाले उपभोक्ताओं को 2500 रूपये का इंस्टेंट कैशबैक मिल सकता है, या प्रति दिन 45 रुपये पर बिल्कुल नया Y200 प्रो 5G खरीदने के विकल्प का लाभ उठा सकते हैं, इसी के साथ वी-शील्ड प्रोटेक्शन जैसे अतिरिक्त लाभ भी पा सकते हैं।

नए प्रोडक्ट के लॉन्च पर वीवो इंडिया की कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी हेड गीताज चनाना ने कहा, ÷वीवो की प्रीमियम Y सीरीज शानदार डिजाइन और किफायती दाम में बेहतरीन कैमरा परफॉर्मेंस देने के लिए जानी जाती है। Y200 Pro 5G के साथ, हम अपने युवा, टेक्नोलॉजी पसंद करने वाले यूज़र्स को ऐसे स्मार्टफोन से लैस करना चाहते हैं जो उनकी स्टाइल से मेल खाए और उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी से और सशक्त बनाए। सेगमेंट के सबसे स्लिम 3D कर्व्ड डिस्प्ले, आकर्षक और सॉफिस्टिकेटेड सिल्क ग्लास डिज़ाइन और बेहतर कैमरा परफॉर्मेंस के साथ, हमारा मानना है कि Y200 Pro 5G हमारे यूज़र्स की मूलभूत जरूरतों को पूरा करेगा और सेगमेंट में खुद को सबसे अलग मुकाम पर ले जाएगा।

**वाइब्रेंट और ट्रेंडी डिजाइन**

वीवो Y200 Pro 5G एक शानदार बॉडी डिज़ाइन के साथ एक आरामदायक ग्रिप करता है, जिसमें सिल्क क्लाउड फेदर टेक्सचर डिज़ाइन है जिसमें 2.3 मिमी का संकीर्ण फ्रेम और एक अल्ट्रा-स्लिम बॉडी है।

## एयर इंडिया का विमान ए350 मुंबई से दुबई के लिए एक जून से भरेगा उड़ान




*अवधनामा संवाददाता*

**नई दिल्ली (हि.स.)।** टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया 01 जून से मुंबई से दुबई के लिए अपने अत्याधुनिक एयरबस ए350 से उड़ान भरेगी। एयरलाइन के एयरबस ए350 का ये दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है।

एयर इंडिया ने मंगलवार को एक्स पोस्ट में बताया कि अब इंतजार खत्म हुआ। मुंबई से दुबई के लिए उड़ानें एक जून, 2024 से शुरू होंगी। बुकिंग अब खुली हैं। मुंबई और दुबई के बीच अपनी अगली यात्रा पर अत्याधुनिक एयरबस ए350 का अनुभव लें।

कंपनी ने बताया कि एयर इंडिया मुंबई-दुबई मार्ग पर अपना बिल्कुल नया एयरबस ए350-900एक्सडब्ल्यूबी विमान लॉन्च कर रही है, जो नए एयरबस विमानों के लिए दूसरा अंतरराष्ट्रीय मार्ग है। उल्लेखनीय है कि कंपनी को नया विमान दिसंबर 2023 में एयर इंडिया को मिले 20 विमानों में से पहला है। ये मार्ग यात्रियों को तीन श्रेणी के केबिनों- बिजनेस, प्रीमियम इकोनॉमी या इकोनॉमी क्लास से से चुनने का विकल्प प्रदान करेगा। इसकी क्षमता 316 यात्रियों की है।

# फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी ने दर्ज की 1.6 गुना की सालाना वृद्धि

*अवधनामा संवाददाता*

**लखनऊ।** भारत के स्वदेशी ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने अपने किराना कारोबार में साल-दर-साल आधार पर 1.6 गुना वृद्धि दर्ज की। यह महत्वपूर्ण उपलब्धि, देश भर के ग्राहकों को उचित कीमतों पर पूरी सुविधा के साथ रोज़ाना ज़रूरत की चीज़ों के व्यापक विकल्पों के साथ ऑनलाइन खरीदारी का सर्वश्रेष्ठ अनुभव उपलब्ध कराने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ग्राहकों की सुविधा पर सबसे ज़्यादा ध्यान देने वाला संगठन होने के नाते, फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी यह पक्का करती है कि लोगों को ताज़ी चीज़ें किफायती कीमतों पर मिलें। ग्राहकों का भरोसा बढ़ाने के लिए, इसके हर प्रोडक्ट पर मैन्यूफैक्चरिंग और एक्सपायरी की तारीखें लिखी होती हैं और इस तरह कंपनी प्रोडक्ट की ताज़गी और पारदर्शिता सुनिश्चित करती है। अपने विस्तार को गति देते हुए फ्लिपकार्ट बेंगलुरू, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई और नई दिल्ली जैसे मेट्रो शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ पूरे



भारत में टियर 2 शहरों में भी अपनी पहुंच का विस्तार कर रही है। इसके अलावा, औरंगाबाद, बांकुड़ा, बोकारो, छतरपुर, गुवाहाटी, जमशेदपुर, कृष्णानगर और विशाखापत्तनम जैसे शहरों में ग्राहकों की वजह से वृद्धि हो रही है जिससे पता चलता है कि अलग-अलग इलाकों और लिंग, उम्र और आय समूह के लोगों के बीच फ्लिपकार्ट कितनी लोकप्रिय है। हरि कुमार जी, वाइस प्रेसिडेंट, हेड ऑफ ग्रॉसरी, फ्लिपकार्ट ने कहा, ग्रॉसरी की कैटेगरी में फ्लिपकार्ट की वृद्धि, इनोवेशन को बढ़ावा देने और उभरती हुई कैटेगरी को ग्राहक केंद्रित बनाने के साथ-साथ ग्राहकों को हर दिन के किराने के सामान की ज़रूरतों को उचित कीमत पर उपलब्ध कराने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का पता चलता है। चूंकि हम अपना विस्तार कर रहे हैं और सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, ऐसे में हम पूरे भारत में लाखों ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रति समर्पित बने रहेंगे। पहुंच और फटाफट सेवा देने के मामले में अग्रणी, फ्लिपकार्ट ग्रॉसरी एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी है जो 200 से ज़्यादा शहरों में अगले दिन डिलिवरी करती है। इन शहरों में बेंगलुरू, चेन्नई, कोलकाता, मुंबई, नई दिल्ली जैसे मेट्रो शहरों के साथ-साथ अनंतपुर, बहरामपुर, गोरखपुर, मुरादाबाद, नौगांव, सहरसा, शिमोगा, वेल्लोर जैसे टियर 2 शहर शामिल हैं। कंपनी के पास ढेरों प्रोडक्ट है जिनकी कीमत 5 रुपये से शुरू होती है, इन शहरों के ग्राहकों ने किफायत की ओर अपना रुझान दिखाया जिससे ई-ग्रॉसरी खरीदने वाले लोगों के लिए उपयोगी जगह के तौर पर फ्लिपकार्ट की ग्रॉसरी और भी मजबूत होती जा रही है। अच्छा प्रदर्शन करने वाली श्रेणियों के मामले में फ्लिपकार्ट को तेल, घी, आटा और जैसी चीज़ें और चाय, कॉफी, डिटर्जेंट और पर्सनलकेयरजैसे उत्पादों पर 1.6 फीसदी वृद्धि देखने को मिली है।

## लैमन ने जीरो-कमीशन म्यूचुअल फंड किया लॉन्च

**लखनऊ।** पीपलको की लैमन ने नए निवेशकों को अपने निवेशों में विविधता लाने में मदद करने के लिए ऐप पर म्यूचुअल फंड निवेश सेवा लॉन्च की है। यूजर्स लैमन पर म्यूचुअल फंड में सीधे और बिना कमीशन के निवेश और न्यूनतम 100 रुपये से शुरुआत कर सकते हैं। वे पोर्टफोलियो इंपोर्ट फीचर का उपयोग करके थर्ड पार्टी ऐप्स पर किए गए अपने निवेशों को भी ट्रैक कर सकते हैं। ऐप 40 से अधिक फंड हाउस की स्कीम पेश करता है, जिनमें एचडीएफसी, एसबीआई, एक्सिस जैसे प्रमुख एएमसी शामिल हैं।देवम सरदाना, बिजनेस हेड, लैमन ने लॉन्च पर बोलते हुए कहा, ÷हमारा लक्ष्य पहली बार निवेशकों को निवेश परिदृश्य की गहरी समझ हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। इस प्रकार, लैमन पर म्यूचुअल फंड पेश करना हमारे लिए एक स्वाभाविक कदम है। भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग की तेजी से वृद्धि, जो अमेरिका, जापान और चीन जैसे देशों से भी आगे है और एक स्पष्ट बढ़ती मांग को दर्शाती है। इस मांग को सरल, पारदर्शी और सस्ते उत्पादों की पेशकश करके और अधिक बढ़ाया जा सकता है।

# बायजूस ने भारत में 240 सेंटर्स पर नये बैचेस शुरू किये

**नई दिल्ली।** बायजूस ट्यूशन सेंटर्स (बीटीसी), भारत में पढ़ाई के केन्द्रों का सबसे बड़ा और मजबूत नेटवर्क, ने अपने 240 लोकेशन पर 2024-25 के शैक्षणिक सत्र के लिये जोर-शोर से बैचेस शुरू कर दिये हैं। बीटीसी के-12 स्टूडेंट्स के लिये कक्षा पर आधारित प्रोग्राम लाते हैं। और इसमें बायजूस की डिजिटल पढ़ाई वाली पूरी दुनिया तक पहुँच भी मिलती है।

मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिये बायजूस ने बीटीसी का वार्षिक शुल्क केवल 36,000 रूपये रखा है। यह नजदीकी ट्यूशन क्लासेस की तुलना में भी ज्यादा किफायती है। जबकि इसमें पाठ्यक्रम, अध्यापन और सिखाने की गुणवत्ता काफी बेहतर है। बायजूस के साथ टीचर बनने के लिये भी स्थानीय आधार पर कई लोग रुचि दिखा रहे हैं। पिछले दो महीनों से कंपनी को हर दिन ऐसे लगभग 1200 आवेदन मिल रहे हैं।

बायजूस के संस्थापक एवं सीईओ बायजू रवीन्द्रन ने 19 मई को अपने सारे बीटीसी सेंटर्स के प्रमुखों को सम्बोधित किया था और इंट्राप्रेन्योरशिप पर आधारित बिजनेस का एक अभिनव मॉडल बताया था। उन्होंने कहा था, ''मैं चाहता हूँ कि आप सभी खुद को इन सेंटर्स का आंशिक रूप से मालिक समझें, सिर्फ मैनेजर नहीं।'' इस मॉडल के तहत बीटीसी सेंटर्स के प्रमुख को अपने सेंटर के परिचालन से होने वाले फायदे का एक हिस्सा मिलेगा, अगर वो क साल की अवधि के लिये वे तय एडमिशन कर पाते हैं और गुणवत्ता बनाये रख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, ''हमने हर सेंटर में करोड़ों रूपयों का निवेश किया है। और आप आंशिक तौर पर उसके मालिक बन सकते हैं, वह भी मुफ्त में! हमने आपके लिये जमीन तैयार कर दी है। लेकिन वहाँ कोई छत नहीं है। आप कितनी ऊँचाई पर जाते हैं, यह आप पर निर्भर करता है।'' बीटीसी के प्रमुख अपनी टीमें खुद नियुक्त कर सकते हैं और बायजूस के पुराने कर्मचारियों को भी ले सकते हैं।

बायजू रवीन्द्रन ने कहा, ''बीटीसी भारत के लाखों बच्चों के लिये पूरक शिक्षा के अनुभव को बदलने की बड़ी क्षमता रखते हैं। सही प्रोग्राम्स, समर्पित शिक्षकों, सक्षम बनाने वाली टेक्नोलॉजी और स्थायी वित्तीय मॉडल के साथ, मेरा मानना है कि हम बीटीसी को पैमाने और प्रभाव के मामले में शानदार ऊँचाइयों पर पहुँचा सकते हैं।'' आकाश के 300 से ज्यादा सेंटर्स के साथ बीटीसी के 240 हाइब्रिड लर्निंग सेंटर्स बायजूस ग्रुप को भारत में पढ़ाई के केन्द्रों के सबसे बड़े नेटवर्कों में से एक बनाते हैं। इस नेटवर्क की विभिन्न जगहों पर मौजूदगी है, जैसे कि बिलासपुर, खरार, डिब्रूगढ़, वापी, लातूर, आसनसोल, धुले और तिरुपति। यह अच्छी गुणवत्ता की शिक्षा को भारत में सुदूरतम जगहों पर पहुँचा रहा है।

# कैंटाबिल रिटेल ने उत्तर प्रदेश में अपना नया स्टोर खोलकर अपनी रिटेल मौजूदगी का किया विस्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** भारत के अग्रणी परिधान निर्माता और रिटेल विक्रेताओं में से एक, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने गोरखपुर में अपना नया रिटेल स्टोर खोलने की घोषणा की है। 1200 वर्ग फुट में फैला, ब्रांड का यह स्टोर रुद्र होटल, यूजीएफ फ्लोर, मेडिकल रोड, एच.एन सिंह चौक के पास, बशारतपुर गोरखपुर, उत्तर प्रदेश 273004 में स्थित है, जो ब्रांड की विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। स्टोर के लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक, श्री दीपक बंसल ने कहा, हम गोरखपुर में अपना नया स्टोर शुरू करके बेहद रोमांचित हैं। कैंटाबिल रिटेल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में अपने तमाम ग्राहकों के बीच काफी सराहना हासिल की है। हमारा नया स्टोर पुरुषों के लिए फैशन-फॉरवर्ड परिधान, एक्टिववियर और फुटवियर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित




करेगा। अपने तमाम कस्टमर्स के लिए ट्रेंडी लेकिन प्रतिस्पर्धी फैशन परिधान की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए, हमने उत्तर प्रदेश में अपना 85वां स्टोर खोला है। पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ, हमारा लक्ष्य अगले कुछ वर्षों में अपनी रिटेल उपस्थिति को और अधिक आक्रामक रूप से विस्तारित करना है। एक्टिववियर और फुटवियर के साथ-साथ पुरुषों के लिए फॉर्मल-वियर और कैजुअल कपड़ों के व्यापक चयन की पेशकश करने के लिए समर्पित, कैंटाबिल रिटेल स्टोर, रिटेल एक्सपीरियंस को पूरी तरह से परिभाषित करता है। इस लेटेस्ट जुड़ाव के साथ ही, कैंटाबिल देश भर में 536 स्टोर्स तक पहुंच गया है, साथ ही ब्रांड की फैशन इंडस्ट्री में लीडर के रूप में स्थिति और अधिक मजबूत हुई है। कैंटाबिल रिटेल हमेशा से ही अत्याधुनिक शैली में प्रीमियम कपड़े पेश करने में सबसे आगे रहा है। ब्रांड हर साल एक आरामदायक, क्लासिक और स्टाइलिश कलेक्शन तैयार करता है, जो ब्रांड को तेजी से बदलते समय के हिसाब से एक नई पहचान प्रदान करता है।

# बालू फोर्ज इण्डस्ट्रीज लिमिटेड ने सालाना 72,000 टन की उन्नत फोर्जिंग क्षमता स्थापित करके बड़ा विस्तार किया है

*अवधनामा संवाददाता*

**मुम्बई।** क्रैंकशाफ्ट और फोर्ज्ड कम्पोनेन्ट्स के निर्माण में जुटी एक प्रमुख प्रिसिजन इंजीनियरिंग कंपनी, बालू फोर्ज इण्डस्ट्रीज लिमिटेड (बीएफआईएल) 72,000 टन प्रतिवर्ष हैवी फोर्ज्ड प्रोडेक्ट्स का.उत्पादन में सक्षम हैमर्स और प्रेस के संयोजन में तीन फोर्जिंग लाइनों के सफल अधिग्रहण की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। ये नई अधिग्रहीत फोर्जिंग लाइनें बेलगावी, कर्नाटक में कम्पनी के आगामी विनिर्माण परिसर में होने वाले इंजीनियरिंग विस्तार के साथ सहजता से एकीकृत होंगी, जिससे बीएफआईएल महत्वपूर्ण उद्योगों रेलवे, रक्षा, तेल और गैस, खनन, एयरोस्पेस, रक्षा, एल्यूमीनियम और विश्व स्तर पर अन्य महत्वपूर्ण सटीक उद्योग के लिए उन्नत मशीनिंग सॉल्यूशन्स के लिए एक एकीकृत वन स्टॉप समाधान प्रदाता बन जाएगा।




बीएफआईएल को 72,000 टन फोर्ज्ड प्रोडेक्ट्स के उत्पादन की क्षमता वाली तीन अत्याधुनिक फोर्जिंग उत्पादन लाइनों के हालिया अधिग्रहण की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस व्यापक सेटअप में 16-टन क्लोज्ड डाई फोर्जिंग हैमर 10-टन क्लोज्ड डाई फोर्जिंग हैमर 8,000 टन क्षमता का मैकेनिकल प्रेस शामिल है। यह सेटअप नवीनतम तकनीक जैसे रोबोटिक हैंडलिंग के साथ एंटीवाइब्रेशन सिस्टम प्रेस लाइन के साथ पूरी तरह से स्वचालित होगा, जो उद्योग 4.0 मॉडल के अनुरूप होगा। इन्हें बेलगावी, कर्नाटक में हमारी आगामी ग्रीनफील्ड परियोजना में स्थापित किया जाएगा।

नई फोर्जिंग इकाई को मर्सिडीज बेंज की हाल ही में अधिग्रहीत प्रिसिजन मशीनिंग इकाई के साथ सहजता से एकीकृत किया जाएगा। यह हमारी उत्पाद इंजीनियरिंग को और मजबूत करेगा और एक ही छत के नीचे संपूर्ण समाधान के साथ महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग और सुरक्षा घटक उद्योग में काम करने वाली वैश्विक प्रमुख कंपनियों के लिए हमारे सटीक उत्पाद की पेशकश को बढ़ाएगा।

## उतार-चढ़ाव के बीच मिले-जुले परिणामों के साथ बंद हुआ बाजार

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पूरे दिन के उतार-चढ़ाव के बाद घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। दिन के पहले सत्र में बाजार पर मंदड़ियों का दबाव बना रहा, लेकिन दूसरे सत्र में तेजड़ियों ने जोर लगाया। इस वजह से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गया। आखिरी वक्त में हुई मुनाफावसूली के कारण शेयर बाजार ने अपनी बढ़त गंवा दी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.07 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने 0.12 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। दिन भर हुई खरीद बिक्री के दौरान कमोडिटी, मेटल, पावर और यूटिलिटी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। एफएमसीजी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में गिरावट का रख रहा।

# CLEAN & CLEAR ने नई डिजिटल फिल्म लॉन्च की: 'पिंपल ही तो है' अभियान के साथ पिंपल्स की फिक्र को संबोधित किया

**गोरखपुर।** हम क्लियर स्किन की इम्पोर्टेंस को समझते है। जब आपकी स्किन सुंदर होती है, तब आपको आत्मविश्वास महसूस होता है। लेकिन पिंपल होते ही टीनेज का सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है, जो खुशी में बाधा डालकर उनकी सभी योजनाओं को रद्द करा देता है।

भारत का अग्रणी टीन स्किनकेयर ब्रैंड, CLEAN & CLEAR® अपने 'पिंपल ही तो है' अभियान के अंतर्गत अपनी लेटेस्ट डिजिटल फिल्म पेश कर रहा है। ब्रैंड के वादे पर बल देते हुए यह नई डिजिटल फिल्म टीनेज में पिंपल्स के प्रति एक नया दृष्टिकोण लेकर आई है, जो टीनेज युवाओं को पिंपल्स को स्वीकार करने और जीवन की महत्वपूर्ण चीजों पर फोकस करने के लिए प्रेरित करता है। इस अभियान की प्रेरणा के बारे में मनोज गाडगिल, वाईस प्रेसिडेंट, मार्केटिंग एवं बिज़नेस यूनिट हेड, एसेंशियल हैल्थ एंड स्किन हैल्थ, Kenvue ने कहा, ''पिंपल टीनेज युवाओं के जीवन में उथल-पुथल मचा देते हैं। इनका न केवल उनके सामाजिक




जीवन पर, बल्कि आत्मविश्वास पर भी गहरा असर होता है। लाखों लड़कियों के भरोसेमंद, एक अग्रणी टीन स्किनकेयर ब्रैंड के रूप में CLEAN & CLEAR® टीनेज युवाओं के जीवन और उनकी स्किन की इन छोटी-छोटी समस्याओं को दूर करने में यकीन रखता है, ताकि वो अपने जीवन की महत्वपूर्ण चीजों पर ध्यान केंद्रित कर सकें। हमारा नया व बेहतर CLEAN & CLEAR® Foaming Facewash® उनकी स्किन को नमी प्रदान करके पिंपल्स से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का एक प्रभावी समाधान पेश कर रहा है। अब टीनेज युवा अचानक प्रकट होने वाले पिंपल्स को स्वीकार करके अपने जीवन का आनंद ले सकते हैं। डीडीबी मुद्रा ग्रुप की ग्रुप क्रिएटिव डायरेक्टर, हर्षदा मेनन ने कहा, ''हमारा पिछला कैम्पेन पिंपल को लेकर टीनेज युवाओं की सामाजिक चिंता को संबोधित करता था। इस बार हमने इस विचार को और आगे बढ़ाया है और पिंपल्स से जुड़ी संपूर्ण कहानी को चुनौती दी है। हम टीनेज युवाओं को उनका आत्मविश्वास वापस प्रदान करना चाहते हैं, और उन्हें बताना चाहते हैं कि पिंपल से सबकुछ खत्म नहीं हो जाता है।''

# सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने अकादमिक उत्कृष्टता के लिए अपनाया समग्र दृष्टिकोण

**लखनऊ।** शिक्षा के क्षेत्र में जाना-माना नाम सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स अकादमिक उत्कृष्टता हासिल करने के लिए समग्र रणनीतियों को अपनाते हुए नए बेंचमार्क स्थापित करना जारी रखे हुए है और इनोवेशन के साथ-साथ छात्रों के कल्याण को बढ़ावा दे रहा है। हाल ही में सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने आईएससी बोर्ड परीक्षा में 86 फीसदी औसत अंक और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 88.73 फीसदी औसत अंकों के साथ नई अकादमिक उपलब्धियां हासिल की हैं। इसी तरह सीबीएसई बोर्ड में भी जयपुरिया स्कूल्स के छात्रों ने इतिहास रचा है, 10 वीं कक्षा के परिणामों में 76 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक अंक, 359 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक अंक तथा 977 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं। इसी तरह 12वीं कक्षा के परिणामों की बात करें तो 18 छात्रों ने 95 फीसदी और अधिक, 125 छात्रों ने 90 फीसदी और अधिक तथा 399 छात्रों ने 80 फीसदी और अधिक अंक हासिल किए हैं।

श्री कनक गुप्ता, ग्रुप डायरेक्टर, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स ने कहा, 'आईसीएसई, आईएससी और सीबीएसई परीक्षाओं में हमारे छात्रों की यह जीत, सामरिक मूल्यांकन, हर समय सपोर्ट, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं एवं सक्षम अध्यापकों के साथ छात्रों की मजबूत नींव बनाने की हमारी प्रतिबता को दर्शाती है। इन शानदार परिणाम रातां-रात नहीं मिले हैं, बल्कि छात्रों की शिक्षा एवं व्यक्तिगत विकास में सुधार लाने के हमारे सतत प्रयासों का प्ररिणाम हैं।

छात्रों के भविष्य को आयाम देने में अध्यापकों की भूमिका को ध्यान में रखते हुए सेठ एम.आर. जयुपरिया ग्रुप ने पढ़ाने के आधुनिक तरीकों, तकनीकी प्रगति एवं अध्यापन तकनीकों पर गहन प्रशिक्षण प्रदान कर अध्यापकों को सशक्त बनाया है। 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के अनुसार हर स्कूल के अध्यापकों को हर अकादमिक वर्ष में कम से कम 50 घण्टे का प्रशिक्षण देना चाहिए। इसी दिशा में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए एम.आर. जयपुरिया स्कूल्स में हमने साल भर में अध्यापकों को कम से कम 75-80 घण्टे का प्रशिक्षण दिया है ताकि हमारे छात्रों के लिए लर्निंग के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा दिया जा सके। श्री गुप्ता ने कहा।

इसके अलावा ग्रुप ने अपने शैक्षणिक ढांचे में आधुनिक टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। अडवान्स्ड लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम और इंटेलीजेन्ट क्लासरूम्स के साथ छात्रों को रचनात्मक विचार कौशल, समस्या निवारण एवं डिजिटल साक्षरत कौशल में सशक्त बनाया है।

एक और उल्लेखनीय विकास के तहत सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल ने अन्तर्राष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन के लिए ओईसीडी के प्रोग्राम पीआईएसए के साथ साझेदारी की है। इसके तहत रीडिंग, गणित एवं विज्ञान में 15 वर्षीय छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन किया जाता है, साथ ही वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के समाधान में उनकी क्षमता की जांच भी की जाती है। इस साझेदारी के चलते छात्रों के समग्र अकादमिक परफोर्मेन्स में 8-11 फीसदी सुधार हुआ है।

स्कूल छात्र-उन्मुख दृष्टिकोण के साथ छात्रों को अपनी पूर्ण क्षमता के सदुपयोग के लिए प्रेरणा एवं सहयोग प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाता है। अकादमिक सफलता के लिए प्रतिबद्धता के साथ ग्रुप छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व देता है, इसके लिए हर महीने साइकैट्रिक सत्र, काउन्सलिंग सेवाएं एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देकर ग्रुप ऐसे सहयोगपूर्ण माहौल के निर्माण के लिए तत्पर है, जहां हर छात्र को आगे बढ़ने का मौका मिले, फिर चाहे वे किसी भी वर्ग के साथ ताल्लुक रखता हो।

# रोटरी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिया सेमी ऑटोमेटेड बेड



अवधनामा संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संगठन रोटरी क्लब कुशीनगर ने स्वर्गीय भगवती देवी की स्मृति में कसया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की सुविधा के लिए एक सेमी ऑटोमेटेड बेड प्रदान किया। रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली ने बताया कि रोटरी के सदस्य पवन अग्रवाल की माता श्रीमती भगवती देवी के स्मृति में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों की सुविधा हेतु सेमी ऑटोमेटेड बेड दिया गया है। जिससे इमरजेंसी वार्ड में आए मरीजों के इलाज में सुविधा हो सके। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने रोटरी के इस सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक संगठनों का समाज में होना बहुत ही अनमोल बात है। इस अवसर पर रोटरी के अध्यक्ष वाहिद अली, सचिव अजय सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश कुमार यादव, कोषाध्यक्ष दुर्गेश चतुर्वेदी, पूर्व अध्यक्ष अनिल जायसवाल, निदेशक अमित श्रीवास्तव, रक्तदान संयोजक विजय कृष्ण द्विवेदी, विशाल शर्मा, डॉ. मुकेश यादव, राजीव तिवारी, विनोद वर्मा, डॉ. आशुतोष पाण्डेय, डॉ. रितेश कुमार, पवन अग्रवाल एवं आदिल खान उपस्थित रहे।

## सड़कें उगल रही आग राह चलना हुआ दुश्वार

**अमेठी।** जिले में तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच सड़के आग उगल रही हैं। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक राह चलना दुश्वार हो गया है। तेज लू के थपेड़े राहगीरों को मई माह के तीसरे सप्ताह में झुलसा रहे हैं। गर्मी दिन-ब-दिन अपने कड़े तेवर अपनाती जा रही है।आने वाले समय में गर्मी के एहसास से लोग चिंतित नजर आ रहे हैं। तेज गर्मी शुरू होने के साथ ही आवारा पशुओं के सामने भी छाए की समस्या दिखाई देने लगी झुंड के झुंड मवेशी पेड़ों की छांव तले एकत्र दिखाई देते हैं। उनके सामने पेयजल का भी संकट गहराने लगा है। गांव के अधिकांश तालाब सूखे पड़े हैं जिसमें पानी भरने की कवायद अभी तक शुरू नहीं हुई है। वहीं इन दिनों तेज पछुआ हवा चल रही है जो लू के थपेड़े का काम कर रही है।मंगलवार को दोपहरी में राहगीर छाया की तलाश करते नजर आए। लोगों को पानी की तलाश भी करते देखा गया। नगरों में अभी तक किसी भी स्वैच्छिक संगठन या सामाजिक कार्यकर्ता की ओर से निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था नहीं कराई गई।

# राजीव गांधी के बलिदान का ऋणी है देश: केएल शर्मा



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की 33 वीं पुण्यतिथि पर केंद्रीय जन सम्पर्क कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज पर श्रद्धांजलि अर्पित कर कांग्रेस जनों ने उन्हे याद किया।कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने बताया 21 मई 1991 को काल के क्रूर हाथों ने राजीव गांधी को हम से छीन लिया था। नियति ने उन्हें बहुत कम समय दिया लेकिन एक जननेता और प्रधानमंत्री के रूप में देश को विकासपथ पर ले जाकर राष्ट्रीय क्षितिज में उन्होंने भारत के साथ साथ अपनी अमेठी को पहचान व ऊंचाई दिलाई। वह इतिहास के पन्नों में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। उन्होंने भारत को आधुनिक खुशहाल और एक मजबूत राष्ट्र बनाने में विशेष भूमिका निभाई। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने बताया बताया कि राजीव गांधी देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने के अधूरे संकल्प को राहुल गांधी प्रियंका गांधी किशोरी लाल शर्मा अब पूरा करने के लिए हम सब के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और अपनी अमेठी के साथ खड़े हैं। 18 वर्ष आयु का मताधिकार पंचायती राज संचार क्रांति के जनक राजीव गांधी ने अमेठी से ही विज्ञान गांव की ओर टेक्नोलॉजी भारत ग्रामीण जीवन का एक अंग बने। कांग्रेसियों ने राजीव गांधी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में दो पालियों में 2580 अभ्यर्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मंगलवार को दो पालियों में जीएनएम, बीएससी ऑनर्स, बायोटेक्नोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी हानर्स एग्रीकल्चर, डी. फार्मा, बी. फार्मा एलोपैथी की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार को दोनों पालियों को मिलाकर 2580 (90 प्रतिशत) अभ्यर्थियों शामिल हुए। प्रश्न पत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्रित भारतीय संस्कृति में जीवन मूल्यों पर आधारित प्रश्नों को सम्मलित कर नवाचार का प्रयोग किया गया। प्रवेश परीक्षा में उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, त्रिपुरा, नागालैंड, असम, दिल्ली, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और केरल के भी अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने दोनों पालियों में परीक्षा केंद्रों समेत सभी जरूरी स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। प्रवेश परीक्षा गुरु श्री गोरक्षनाथ कॉलेज ऑफ नर्सिंग और गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में हुई। नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा की ही तरह आज भी अभ्यर्थियों और उनके अभिभावकों के लिए विश्वविद्यालय की तरफ से परिसर के



- महायोगी गोरखनाथ विवि में जीएनएम व बीएससी ऑनर्स व फार्मा के कोर्सेज में प्रवेश के लिए लिए हुई परीक्षा

कई स्थलों पर गुड़ और शीतल जल की व्यवस्था की गई थी। अभिभावकों के लिए महंत दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय में बैठने की व्यवस्था की गई। साथ ही हेल्थ कैम्प लगाकर उन्हें मुफ्त चिकित्सकीय जांच की सुविधा दी गई। इसके साथ ही विश्वविद्यालय में लोकतंत्र के महापर्व 'चलो वोट करें' सेल्फी पॉइंट पर अभ्यर्थियों और अभिभावकों ने सेल्फी लेकर मतदान का संकल्प लिया। **26 को होगी अन्य पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा:-** 26 मई को एएनएम, डिप्लोमा लैब टेक्नीशियन, इमरजेंसी एंड ट्रामा केयर टेक्नीशियन, ऑप्टोमेट्री, ऑर्थोपेडिक एंड प्लास्टर टेक्नीशियन, डायलीसिस टेक्नीशियन, एनेस्थीसिया एंड क्रिटिकल केयर टेक्नीशियन, और बीबीए ऑनर्स लॉजिस्टिक्स की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# जो दो राजकुमार घूम रहे हैं, हम उनके चच्चा हैं: राजभर

- सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के समर्थन में किया प्रचार
- दो चरणों के चुनाव में साइकिल के टायर से छुंछी निकाल दिया हूं

अवधनामा संवाददाता



**सलेमपुर।** सुभासपा (सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसा है। एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जो दो राजकुमार घूम रहे हैं, ये बच्चा हैं और हम इनके चच्चा हैं। जिस साइकिल में ये हवा भरने जा रहे थे, उसकी छुच्ची (वाल्व) हम लेकर चले आए हैं, अब ये क्या करेंगे।

पूरे पूर्वांचल में भाजपा गठबंधन एकतरफा चुनाव जीत रहा है। ओमप्रकाश राजभर ने बलिया की जनता को मुफ्त बिजली से लेकर, बलिया में ही बिजली उत्पादन करने का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि आचार संहिता के कारण ज्यादा कुछ बोल नहीं सकता, लेकिन सरकार ने मुझे ही इस क्षेत्र के लोगों के पेंशन, रोजगार आदि समस्याओं के लिए बड़ी जिम्मेदारी दी है। पीएम मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे, अभी 3 साल तक प्रदेश की सरकार रहेगी और हम भी मंत्री रहेंगे। ओपी राजभर ने कहा कि यूपी सरकार के पास पैसा कम होगा तो केंद्र सरकार हमारे लिए खजाना खोल देगी। बीते 21 साल से आप लोगों के बीच आपकी समस्याओं को लेकर घूम रहा हूं। उन्होंने ने कहा पीएम मोदी ने आजमगढ़ में महाराजा सुहेलदेव के नाम से विश्वविद्यालय, डाक टिकट, ट्रेन चलाकर राजभर समाज को गौरवान्वित किया है। बहराइच में डेढ़ सौ फीट ऊंची सुहेलदेव महाराज की मूर्ति बनाने का काम मोदी- योगी ने किया है। मोदी ने राजनीति में महिलाओं को आरक्षण दिया, देश में नई शिक्षा नीति लागू किया हैं। रोजगार परक शिक्षा, आयुष्मान कार्ड दिया है। सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि भाजपा सरकार अपने जनकल्याणकारी योजनाओं की बदौलत जनता जनार्दन के आशीर्वाद से हैट्रिक लगाएगी। इस मौके पर राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक केतकी सिंह, विनोद शंकर दुबे, अम्बिकेश पाण्डेय, लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स, सत्यप्रकाश सिंह, अशोक कुशवाहा, रवि कुशवाहा, राजेश शाह, सुनील यादव स्नेही, सुनील सिंह, मंटन वर्मा, प्रतुल ओझा, अभिजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

## मोदी और योगी के नेतृत्व में हो रहा हर समाज का विकास : ओपी राजभर

**देवरिया।** गंगा प्रसाद इंटर कालेज, मझगांवा के प्रांगण में सुभासपा के राष्ट्रीय



अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने इंडिया गठबंधन के नेताओं को जमकर कोसा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही पिछड़ों की सबसे हितैषी पार्टी है, इस लोकसभा चुनाव में एन डी ए प्रदेश की अस्सी की अस्सी सीटें जीतने जा रही है।उन्होंने कहा कि यह दो शहजादे जो घूम रहे हैं वह 17 के चुनाव में भी घूम रहे थे, उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि अगर वो शहजादे हैं तो मैं उनका चाचा हूं मेरे सामने वह लोग अभी बच्चे है योगी सरकार में मुझे मंत्री बनाकर जो सम्मान भाजपा ने पिछड़ों को दिया है वह किसी और दल में नहीं मिला ।उन्होंने कहा कि सपा बसपा कांग्रेस झुट्ठों का ठगबंधन है। इस बार पुनः तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एन डी ए की सरकार बनने जा रही है और सरकार बनते ही गरीबों की बिजली का बिल माफ कराया जायेगा ।ये ठगबंधन के लोग अफवाह फैलाकर हम लोगों को बांटना चाहते हैं हमारा समाज हमेशा एकजुट रहा है ।राजभर ने कहा कि इस बार 4 जून को जब सरकार बनेगी तो मोदी जी के कैबिनेट द्वारा सबसे पहले जो निर्णय होगा वह हमारे बुजुर्गों के लिए वरदान साबित होगा 70 वर्ष से अधिक के लोगों को भारत के किसी भी अस्पताल में इलाज कराने के लिए 5 लाख रुपए तक की व्यवस्था मुफ्त की जाएगी, 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जायेगा और गुंडे और माफियाओं का सफाया तो पहले ही योगी जी ने कर दिया है। प्रदेश और देश की संसद में महिलाओं को 33 परसेंट आरक्षण देकर उनकी भागीदारी भी निश्चित की जाएगी।

## मकान कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के माधोपुर में गांव के कुछ दबंगो द्वारा मकान कब्जा कर लेने को लेकर ग्रामीणों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और एसडीएम के गैरमौजूदगी में स्टोनो को ज्ञापन सौंपा और कारवाई करने की मांग किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे सतीश सिंह व संतोष सिंह ने आरोप लगाया कि बाबा ने करीब 90 वर्ष पूर्व एक दलित परिवार को अपनी निजी भूमि में बसाया था। जिसमे वह परिवार मकान बना कर रहता है। वर्तमान समय में गांव के कुछ दबंग लोग भूमि पर अवैध कब्जा करते हुए मकान पर भी कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर गाली गलौज और मारपीट पर आमादा हो रहे है। प्रशासन से मांग है की मामले की जांच करा कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाये। प्रदर्शन करने वालो में सितारा देवी, पुष्पा देवी, शोभा, जनक दुलारी, राधिका देवी, पार्वती देवी, सरस्वती देवी, दूधनाथ मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों से लगी आग

**फाजिलनगर, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के



जोगिया सुमालीपट्टी गांव ने अज्ञात कारणों से लगी आग से हीरो की नई बाइक, दो बकरियों के साथ बेटी के शादी के लिए रखा गया जेवर कपड़े तथा नगदी जल गया। उक्त गांव निवासी सोना नंद प्रसाद के कटरैन के घर में सोमवार के भोर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। भोर में लोग अपने बिस्तर से उठे तो उसके घर से धुंआ उठता देखा इसके बाद लोगों ने घर में सो रहे एक मात्र इसके पुत्र को मुकेश प्रसाद को शोर मचा कर उठाया। इस दौरान आग काफी तेज हो गया। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया लेकिन घर और घर में रखा सामान नही बचा सका। मुकेश के बहन की जुलाई में शादी तय है इसके लिए काफी तैयारियां हो चुकी थी। इस आगलगी में दहेज देने के लिए रखा नई हीरो की बाइक, शादी के लिए खरीदे गए कपड़े, गहना, टीवी, दो बकरियों के साथ साठ हजार नगद जल कर खाक हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लेखपाल ने क्षति का आंकलन कर तहसील प्रशासन को रिपोर्ट भेज दिया है।

## सबसे कम अमेठी विधानसभा क्षेत्र का रहा मत प्रतिशत

**अमेठी।** जिस इलाके में राजनीतिक सरगर्मी सबसे ज्यादा तेज रही वहां का मतदान प्रतिशत जिले के अन्य विधानसभा क्षेत्र से काफी कम रहा। जनपद में प्रशासन के तमाम प्रयास के बावजूद भी मतदान 55 फ़ीसदी का भी आंकड़ा पार नहीं कर सका। हालांकि तेज धूप और भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं ने खासा उत्साह दिखाया और जिले में औसत 54.17 फीसदी मतदान हुआ। इसमें विधानसभा क्षेत्र अमेठी का मत प्रतिशत अन्य विधानसभा क्षेत्र के मुकाबले काफी कम रहा। विधानसभा क्षेत्रवार मतदान का प्रतिशत निर्वाचन आयोग की ओर से जो जारी किए गए हैं वह इस प्रकार रहा विधान सभा क्षेत्र गौरीगंज में 55.16 फीसदी अमेठी में 51.43 फीसदी तिलोई में 56.47 फीसदी जगदीशपुर में 53.2 फीसदी सलोन में 54.66 फीसदी कुल 54.17 फीसदी मत लोक सभा क्षेत्र अमेठी में पड़े हैं।

# लक्षण मिलने पर तुरंत कराएं फाइलेरिया और कालाजार की जांच

## मेडिकल कालेज में पाथ संस्था कालाजार और फाइलेरिया से सम्बंधित कार्यशाला का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** फाइलेरिया व कालाजार खतरनाक रोग है। इसका समय पर इलाज न हो तो मरीज की मौत हो जाती है। इससे सम्बंधित महर्षि देवरहवा बाबा मेडिकल कालेज में मंगलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बचाव व लक्षण के बारे में जानकारी दी गई। मेडिकल कालेज के शैक्षणिक भवन में पाथ संस्था ने फाइलेरिया व कालाजार समेत संक्रामक रोगों को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। प्राचार्य डा. राजेश बरनवाल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जलाकर शुभारंभ किया।

पाथ संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर अधिकारी डा. नीरज पाण्डेय ने बताया कि कालाजार जानलेवा है। बालू मक्खी के काटने से फैलता है। ग्रामीण क्षेत्रों में नमी वाली जगह व मकानों की दरारों में पाई जाती है। इससे बचाव सफाई व सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। कालाजार दो प्रकार का होता है। पहला विसलर लिसमेनियासिस (वीएल) है। 15 दिन से अधिक बुखार, भूख न लगना, खून की कमी, वजन घटना, रंग काला होना मुख्य लक्षण होते हैं। दूसरा पोस्ट कालाजार डरमल लिसमेनियासिस (पीकेडीएल) है। इसमें त्वचा पर सफेद धब्बा मुख्य लक्षण होते हैं। यह लक्षण होने पर तुरंत सरकारी अस्पताल में निश्शुल्क जांच व इलाज कराएं। डब्ल्यूएचओ के जोनल कोआर्डीनेटर डॉ नित्यानंद ठाकुर ने कहा कि फाइलेरिया को हाथी पांव भी कहा जाता है। ये रोग मच्छर काटने से होता है। संक्रमित मरीज के काटने के बाद मच्छर जब दूसरे मरीज को काटता है तो लार्वा दूसरे में फैल जाता है। फाइलेरिया क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। यह मच्छर दूषित पानी में पनपते हैं। जब यह मच्छर किसी फाइलेरिया ग्रसित व्यक्ति को काटने के बाद स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो फाइलेरिया के परजीवी खून के जरिए उसके शरीर में प्रवेश कर उसे भी फाइलेरिया से ग्रसित कर देते हैं। उन्होंने कहा कि शरीर के जिस भी अंग में फाइलेरिया है, उसकी नियमित साफ-सफाई बेहद जरूरी है। कार्यशाला में फाइलेरिया नेटवर्क के सदस्य पूनम सिंह ने हाथीपांव के अपने अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि साफ-सफाई और व्यायाम के माध्यम से फाइलेरिया प्रभावित अंग का नियमित साफ-सफाई करती हैं।

इस मौके पर डीएमओ सीपी मिश्रा, पाथ संस्था से राहुल कांबले, डॉ कोमल मोरे, डॉ इक़बाल, डा. आरके श्रीवास्तव, डॉ विजय गुप्ता, डॉ एनके पाण्डेय, डॉ शाश्वत, डॉ आनंद प्रकाश, डॉ ललन कुमार, सहायक मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि, फाइलेरिया नेटवर्क सदस्य पूनम सिंह सहित पाथ और सीफार संस्था के प्रतिनिधि मौजूद।

## देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का है अभाव




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह आज देवरिया विधानसभा के दर्जनों गांवों में भ्रमण, जनसंपर्क करने के पश्चात गौरीबाजार उपनगर में पैदल यात्रा कर आमजन से जनसंवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि सत्तासीन सरकार पूरे देश को सांप्रदायिकता की आग में झोककर अपनी रोटी सेंकती है जिसके कारण आज देश में समस्याओं का अंबार लगा है सत्ता के जिम्मेदार लोग वर्षो से अपनी जनसभाओं में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने का कई बार वादा कर खूब तालियां बटोरी परन्तु परिणाम आज भी ढाक के तीन पात है श्री सिंह ने आगे कहा कि देवरिया लोकसभा में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है यहां के जनप्रतिनिधियों को अपने विकास की सुधि है ना कि क्षेत्र के विकास की ,जिसके कारण देवरिया लगातार पिछड़ता जा रहा है हमारी प्राथमिकता देवरिया में सम्पूर्ण विकास का है और मुझे अगर जनता मौका देती है तो कर के दिखाऊंगा। पूर्व सदस्य विधान परिषद जे पी जायसवाल ने कहा कि भाजपा सरकार और इनके मंत्री आमजनमानस को सपने दिखाकर छलती है धरातल पर कुछ भी नहीं होता देवरिया लोकसभा की जनता इस बार इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह को जिताएगी। इस दौरान मुकुंदभाषकर मणि, शाकिर हुसैन, जयदीप त्रिपाठी, मनोज मणि, आफताब आलम, तेजप्रताप जायसवाल, रामाशीष साहनी, व्यास सिंह, दिलीप सिंह, शिवशंकर सिंह आदि लोग रहे।

# बिजली विभाग की लापरवाही से संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** बिजली विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार की मनमानी से आए दिन कहीं ग्रामीणों का जान जोखिम में पड़ रहा है तो कहीं संविदा कर्मी लाईनमैनों की दर्दनाक मौत हो रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी हो रही घटनाओं पर पर्दा डालते नजर आते हैं। मामला जनपद के रामकोला क्षेत्र के रामकोला नगर पंचायत वार्ड नंबर 17 शास्त्री नगर का है। जहां संविदा कर्मी विशाल कुशवाहा एक वर्ष से विद्युत विभाग में लाइनमैन के पद पर संविदा पर कार्यरत था विभाग में ठेका लेने वाली कंपनी एसएसएम इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के अंतर्गत कार्य कर रहा था। मंगलवार की शाम आई आंधी के बाद क्षेत्र में सपहा ग्राम पंचायत के टोला हुड़वा में तार ठीक करने गया था। जहां पर करंट के चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई आनन फानन में



सहकर्मी व ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत्य घोषित कर दिया। वहीं परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग से कोई सेफ्टी किट नहीं दिया गया जिसके वजह से करंट के चपेट में आने से मौत हो गई वहीं परिजनों का कहना है की कोई सुविधा नही दिया जा रहा हैं जिसके चलते आए दिन संविदा कर्मी दुर्घटना के शिकार हो रहें हैं। जिस वजह से आज मेरा लड़का विद्युत तार की चपेट में आ गया और दर्दनाक मौत हो गई आए दिन ठेकेदार की लापरवाही और विद्युत विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते संविदा पर कार्यरत लाईनमैन दुर्घटना के शिकार हो रहें वही जिम्मेदार विभाग के अधिकारी उस पर पर्दा डाल अपनी जिम्मेदारियां से मुंह मोड़ लेते है।

## मालिक ने ठेकेदार को किया भुगतान दुकानदार जबरन मांग रहा धन

**गोरखपुर।** गीडा स्थित एक मकान मालिक द्वारा ठेकेदार को सामान का भुगतान कर देने के बाद दुकानदार जबरन सामान का भुगतान करने का दबाव बना रहा है। और दुकानदार और ठेकेदार दोनो मिलकर धमकी दे रहे है। पीड़ित ने सीओ गीडा से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाया है। मिली जानकारी सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा निवासी आलोक कुमार सिंह ने आरोप लगाया कि पत्नी सरोज सिंह के नाम से गीडा सेक्टर 22 में मकान है। जिसमे पलंबर, टाइल्स सहित अन्य कार्यो का निर्माण कार्य ठेकेदार से करा रही थी और सामान का भुगतान समय समय पर भुगतान किया करती थी। लेकिन वर्तमान समय में गोमती टाइल्स, सुमेर, सागर द्वारा जबरन सामान का भुगतान करने की मांग किया जा रहा है। जब की पीड़ित द्वारा दुकान से किसी तरह क्रय नही किया गया है। विरोध करने पर दुकानदार और ठेकेदार साजिश कर धमकी दे रहे है।

# मुख्यमंत्री आगमन स्थल का कृषि मंत्री ने खुद ही किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता



**तरकुलवा देवरिया।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री महाराज योगी आदित्यनाथ के आगमन पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने जैसे ही जाना की लोकसभा के लिए सभा संबोधित कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा होना है तो भारतीय जनता पार्टी की पूरी महकमा गढरामपुर फील्ड पर उतर आई। जहां पर मुख्यमंत्री का कार्यक्रम होना है कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का संपूर्ण निर्देशन अपने हाथों में लेते हुए व कार्यक्रम किस स्थल पर होगा इसका निर्धारण की जिम्मेदारी कृषि मंत्री ने पूर्व क्षेत्रीय मंत्री जितेंद्र प्रताप राव के हाथ में सौंप दिए। जबकि कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अनेकों कार्यकर्ता ग्राम प्रधानों के साथ डॉ जितेंद्र प्रताप राव व कृषि मंत्री के साथ खुद ही खुद कार्यक्रम स्थल का चुनाव किया।

जिस समय चुनाव हो रहा था जहा कार्यक्रम होना है वहां पर ग्राम प्रधान शैलेश सिंह, सतेंद्र गुप्ता ओमकार राव, रणजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुजीत प्रताप सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजू भारती, हरिकेश कुशवाहा, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही आदि लोगों उपस्थित थे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने के बाद समस्त कार्यकर्ताओं का एक बैठक भी लिया गया। जो तरकुलवा के ओम मैरिज हॉल में समस्त ग्राम प्रधानों के साथ एक बैठक बुलाई गई। कार्यक्रम को किस प्रकार सफल बनाया जाएगा इसके लिए जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने समस्त कार्यकर्ताओं संबोधन किया। उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष जीवन पति तिवारी, जिला महामंत्री श्रीनिवासन, दुर्गेश तिवारी, मनोज यादव, दुष्यंत राव दिवाकर राव, जयंत राव, गणेश राव, राजेश सिंह सेंगर, के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में आधा दर्जन छात्राओं का चयन

**गोरखपुर।** सहजनवा ब्लाक के ग्राम पंचायत बुदहट टोला विशुनपुरा में स्थित जी पी इंटरनेशनल के आधा दर्जन छात्राओं का जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सिसवा अनंतपुर में चयन हुआ है। चयनित छात्राओं में सोनाक्षी ने यादव जबरैला विश्खोहर, वंशिका गौतम प्राणपुर, अरिका घोठवा, अनोखी दुबे घोठवा, आर्या मिश्रा परमेश्वरपुर, आराध्या मिश्रा परमेश्वरपुर है। छात्राओं ने इस सफलता श्रेय जीपी इंटर नेशनल स्कूल के गुरुजन व माता पिता को दिया है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरा नाम आधार कार्ड में अंकित पाण्डेय है। जबकि पैन कार्ड में मेरा नाम राजेश पाण्डेय और हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट अंकपत्र में मेरा नाम राजेश उर्फ अंकित कुमार है। अतः मेरा नाम अंकित पाण्डेय कर दिया जाए और मुझे अंकित पाण्डेय के ही नाम से जाना व पहचाना जाए।

**अंकित पाण्डेय**
**पुत्र वेद प्रकाश पाण्डेय**
**ग्राम बहेरिया, पोस्ट कादिराबाद,**
**थाना, तहसील डुमरियागंज**
**जिला सिद्धार्थनगर।**

# भाजपा सरकार ने शुरू कराया मुंडेरवा चीनी मिलः मुख्यमंत्री

- मुख्यमंत्री योगी ने बस्ती के सांसद व भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के लिए की जनसभा
- कांग्रेस व सपा के अनर्थकारी गठबंधन की मंशा अच्छी नहीं: सीएम

अवधनामा ब्यूरो



**बस्ती/लखनऊ।** अबकी बार-400 पार की बात पर सपा के लोगों को चक्कर आने लगता है, क्योंकि सरकार के लिए 273 सांसद चाहिए और सपा 63 सीट पर भी चुनाव नहीं लड़ पा रही है। इन्हें जनता ही जवाब देती है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। इस चुनाव में एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही आतंकवाद, नक्सलवाद समर्थक हैं। यह भारत की सुरक्षा पर सेंध लगाने वाले, विकास को बाधित करने वाले, गरीबों के हकों पर डकैती डालने वाले, समाज को जाति के नाम पर बांटने वाले लोग हैं। इनके मन में आपके प्रति नहीं, बल्कि माफिया के प्रति संवेदना है। वहीं दूसरी तरफ रामभक्त हैं, जिन्होंने मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में रामलला को विराजमान किया। रामभक्त देश को सम्मान दिला रहे हैं।

उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने बस्ती से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के पक्ष में जनता इंटर कॉलेज नगर बाजार महादेवा में मंगलवार को जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने अपील की कि 25 मई को कमल के फूल पर बटन दबाना है और अबकी बार-400 पार कराना है। राम-लक्ष्मण, भरत-शत्रुघ्न के लिए इसी मखौड़ा धाम की धरा पर पुत्रेष्टि यज्ञ हुआ था।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सपा की सरकार में मुंडेरवा चीनी मिली बंद हुई थी, भाजपा सरकार ने इसे शुरू कराया। हम लोग बस्ती नगर के अंदर भी फोरलेन सड़कें बना रहे। बेहतर कनेक्टिविटी कर रहे हैं। बस्ती के इधर गोरखपुर और उधर अयोध्या का एयरपोर्ट है। यहां महर्षि वशिष्ठ और सिद्धार्थनगर में माधव बाबू के नाम पर मेडिकल कॉलेज है। भाजपा सरकार आपको अटल आवासीय विद्यालय भी दे रही है, जिसमें अनाथ व श्रमिकों के बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि हर व्यक्ति पांच-पांच घर जाकर जनसंपर्क करे और मेरा संदेश दे कि फिर से रामभक्तों की सरकार बनानी है। हर व्यक्ति 15 घरों में कमल खिलाने का कार्य करे और चुनाव के दिन उन लोगों को मतदान के लिए लेकर जाए।

जनसभा में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, बस्ती से सांसद व लोकसभा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी, विधायक लोकेंद्र सिंह, पूर्व विधायक रवि सोनकर, राजकिशोर सिंह, अवधेश सिंह, जिला प्रभारी डॉ. समीर सिंह, जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र, नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राणा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रोली सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन कसौधन, सुशील सिंह, यशकांत सिंह आदि मौजूद रहे।

## हजरत इमाम अली रजा की विलादत पर सजीं महफिलें

**लखनऊ।** आठवें इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की विलादत के मौके पर शहर के विभिन्न इमामबाड़ों,कर्बला व रौज़ों में महफिलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर इबादतगाहों सहित घरों में इमाम की विलादत की खुशी में नजरों का आयोजन भी किया गया। देर रात लोगों ने नजरों में शिरकत कर इमाम की विलादत की मुबारकबाद दी। हजरत इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम के रौज़े कर्बला अजीमउल्लाह खा तालकटोरा रोड में जश्ने शाहे खुरासान का आयोजन किया गया। जश्ने महफिल में मौलाना यासूब अब्बास ने हजरत इमाम अली रजा अलैहिस्सलाम की फजीलत को बयान किया। पूरे इस्लामी जगत में इमाम रज़ा अलैहिस्सलाम जैसी महान हस्ती न थी। मौलाना मुमताज अली ने भी इमाम की फजीलत व मंजिलत बयान की। महफिल के बाद शायर एजाज जैदी, मुख्तार हुसैन, शुमूम आरफी,नय्यर मजीदी, फुरकान हुसैन, गुलरेज नकी, खुशनूद मुस्तफा,दानिश जैदी,हैदर रजा, इजहार हुसैन जर्रे,गुलाम अस्करी आदि ने इमाम की शान में अपने कलाम पेश किए। इस मौके पर रौजे को भव्य रूप से सजाया गया था।

## 62.63 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 20 मई, तक कुल 42982.53 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 3440.63 लाख रुपये नकद धनराशि, 5459.13 लाख रुपये कीमत की शराब, 5413.50 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2810.36 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।


आईएएस श्रीमती ऋतु सुहास ने किया मतदान


आईएएस अफ़सर धनंजय शुक्ला ने परिवार संग बटलर पैलेस कॉलोनी क्लब में किया मतदान


सूचना निदेशक शिशिर ने परिवार के साथ किया मतदान


वरिष्ठ आईएएस अफ़सर यूपी के कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने किया मतदान


वरिष्ठ आईएएस अफ़सर नितिन रमेश गोकर्ण ने अपनी धर्मपत्नी संग किया मतदान


सेवानिवृत आईएएस एवं प्रसार भारती के चेयरमैन डा. नवनीत सहगल ने परिवार संग किया मतदान

## स्व. राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने किया याद

# देश की एकता-अखण्डता के लिए राजीव गांधी ने दी शहादत

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस नेताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल, सतीश अजमानी ने स्वर्गीय राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर दिनेश सिंह ने स्वर्गीय राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि देश की एकता-अखण्डता के लिए शहादत देने वाले राजीव गांधी ने अपनी दूरदर्शी सोच और आधुनिक भारत निर्माण के दृढ़ संकल्प के दम पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक मजबूत लोकतांत्रिक देश के रूप में पहचान



दिलाई। सामाजिक न्याय की परिकल्पना को स्थापित करने के लिए पंचायती राज कानून को कड़ाई से अनुपालन में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। औद्योगिक विकास एवं कंप्यूटर क्षेत्र में उनकी लाई क्रांति का ही नतीजा है कि आज वैश्विक स्तर पर भारतीय कंप्यूटर दक्ष युवाओं का डंका बज रहा है। पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ल ने कहा कि 18 वर्ष के युवाओं को मिला मताधिकार और ग्रामीण महिलाओं को मिला सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक सम्मान राजीव गांधी के चलाए क्रांतिकारी कार्यक्रमों से ही फलीभूत हो सका। राजीव गांधी ने भारतीय शिक्षा को नया आयाम देने के लिए देश भर में सात सौ से अधिक जवाहर नवोदय विद्यालयों में आवासीय शिक्षा की व्यवस्था की। इस मौके पर श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक सतीश अजमानी, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, प्रवक्ता प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, ओंकारनाथ सिंह, रमेश मिश्रा, विजय बहादुर, रामबरन गौतम, अय्यूब सिद्दीकी सहित अन्य कांग्रेसी शामिल थे।



लखनऊ VC LDA डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने परिवार संग किया मतदान

## अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 20 मई, 2024 तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 537 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4765 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 27,92,244 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है।

# मां की डांट से क्षुब्ध छात्रा गोमती में कूदी, पढ़ाई के लिए पड़ी थी डांट

- गोमतीनगर के जुगाली में रहने वाली किशोरी आठवीं की छात्रा है

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पढ़ाई के लिए डांटने पर नाराज आठवीं की छात्रा ने गोमती रिवर फ्रंट पर पुल से गोमती में छलांग लगा दी। हालांकि वहां मौजूद मछुआरों ने समय रहते उसे बचा लिया। गोमतीनगर पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत ठीक है।

गोमतीनगर के जुगाली में रहने वाली किशोरी आठवीं की छात्रा है। पुलिस के मुताबिक मंगलवार सुबह किशोरी को पढ़ाई करने के लिए उसकी मां



ने डांट दिया था। इस बात से वह नाराज हो गई थी और परिजनों को बिना बताए घर से भाग गई थी। दोपहर को वह गोमती रिवर फ्रंट पहुंची और काफी देर तक घूमती रही। कुछ देर बाद उसने अचानक गोमती में छलांग लगा दी। यह देख वहां राहगीरों की भीड़ जुट गई।

इस बीच नदी में मछली पकड़ रहे जुगाली निवासी राम शंकर निषाद व उनके भाई छात्रा को डूबते देख वहां पहुंचे और उसे बाहर निकाल कर नदी के किनारे ले गए। राम शंकर की सूचना पर पहुंची गोमतीनगर पुलिस ने छात्रा को सिविल अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक छात्रा की हालात ठीक है। मामले में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।



अग़ाये रईसी और दीगर शोहदा के लिये ताजियती जलसा क़िला-ए-महमूदाबाद से नजफ-ए-अशराफ तक ज़ेरे एहतेमाम प्रो. अली खान महमूदाबाद

## शिया हुसैनी फंड ने ईरान में हुई हेलिकॉप्टर दुर्घटना पर जताया शोक

**लखनऊ।** ऑल इन्डिया शिया हुसैनी फॅन्ड की कार्यकारिणी की एक सभा मोहम्मद जकी चयरमैन की अध्यक्षता में ईरान के राष्ट्रपति श्री रईसी तथा विदेश मंत्री हुसैन आर सभी आठ लोगों की हेलीकाप्टर दुर्घटना में मौत हो जाने पर आयोजित हुई शोक सभा में संस्था के महासचिव हसन मेंहदी (झब्बू) ने गहरे दुख का इजहार करते हुए ईरान की जनता के साथ इस शोकाकुल घड़ी में साथ रहने और इस दुर्घटना की ईरान से स्वयं उच्चस्तरोय जांच कराने की अपोल भी की। सभा में एक शोक संदेश पत्र ईरानी दूतावास नई दिल्ली को भेजने का प्रस्ताव भी पास किया गया।

## प्रवास कार्यक्रम

### मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव बुधवार 22 मई 2024, को महराजगंज, कुशीनगर और जौनपुर के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव दोपहर 12 बजे मुन्नर प्रसाद इंटर कालेज बरगदवा मैदान, नौतनवां, महराजगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे जनता इंटर कॉलेज मैदान, रामकोला, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् सायं 04 बजे बीआरपी इंटर कॉलेज मैदान, जौनपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री राधामोहन दास अग्रवाल बुधवार 22 मई 2024 को प्रयागराज में जनसम्पर्क करेंगें।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार 22 मई को श्रावस्ती और प्रयागराज के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर 12:40 बजे श्रावस्ती एयरपोर्ट के सामने कटरा बाजार, श्रावस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे तथा सायं 04:35 बजे मानस हॉल परिसर हंडिया, प्रयागराज में आयोजित भदोही लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् आरडी गार्डन बेनीगंज, प्रयागराज में आयोजित फूलपुर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा बुधवार 22 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सुबह 11 बजे चौबेपुर ग्राम, अजगरा, वाराणसी तथा दोपहर 02 बजे चन्द्रवाटिका लॉन बसही, वाराणसी में सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 5 बजे सेवपुरी विधानसभा वाराणसी में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल बुधवार 22 मई 2024, को बस्ती तथा देवरिया के प्रवास पर रहेंगी। केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सुबह 10:45 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, बस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बस्ती, संतकबीरनगर व डुमरियागंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा में सम्मिलित होगी। इसके पश्चात दोपहर 02:40 बजे सोहनपुर बाजार, पटेल चौक, देवरिया में आयोजित सलेमपुर लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगी। राज्यसभा सदस्य बाबूराम निषाद भी जनसभाओं सम्मिलित रहेंगे।

### मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही बुधवार 22 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री सूर्य प्रताप शाही सुबह 10 बजे सेक्रेट हॉल स्कूल कस्बा टाउन ऐरिया के पीछे, मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ में आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुधवार 22 मई को श्रावस्ती के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह दोपहर 12:40 बजे श्रावस्ती एयरपोर्ट के सामने कटरा बाजार, श्रावस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा में सम्मिलित रहेंगे

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर बुधवार 22 मई को बस्ती के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 10:45 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, बस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बस्ती, संतकबीरनगर व डुमरियागंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा में सम्मिलित होंगे।

### मंत्री डा. संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद बुधवार 22 मई को बस्ती और आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री डा. संजय निषाद सुबह 10:45 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, बस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बस्ती, संतकबीरनगर व डुमरियागंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:40 बजे सीमा हॉस्पिटल के सामने, अतरौलिया, लालगंज, आजमगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री बेबी रानी मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री बेबी रानी मौर्य बुधवार 22 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगी तथा आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगी।

### मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति बुधवार 22मई को बस्ती व आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति सुबह 10:45 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, बस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बस्ती, संतकबीरनगर व डुमरियागंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 02:40 बजे सीमा हॉस्पिटल के सामने, अतरौलिया, लालगंज, आजमगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री दारा सिंह चौहान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान बुधवार 22 मई को बस्ती और आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री दारा सिंह चौहान सुबह 10:45 बजे राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मैदान, बस्ती में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बस्ती, संतकबीरनगर व डुमरियागंज लोकसभाओं की संयुक्त जनसभा में सम्मिलित होंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:40 बजे सीमा हॉस्पिटल के सामने, अतरौलिया, लालगंज, आजमगढ़ में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह बुधवार 22 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे तथा आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय बुधवार 22 मई को बस्ती के प्रवास पर रहेंगे तथा बस्ती में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री जितिन प्रसाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद बुधवार 22 मई को भदोही के प्रवास पर रहेंगे तथा भदोही में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री राकेश सचान

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री राकेश सचान बुधवार 22 मई को बस्ती के प्रवास पर रहेंगे तथा बस्ती में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री जयवीर सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री जयवीर सिंह बुधवार 22 मई को जौनपुर व आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। जयवीर सिंह सुबह 10 बजे जौनपुर में जनसम्पर्क करेंगे तथा दोपहर 02 बजे आजमगढ़ में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री अनिल राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री अनिल राजभर बुधवार 22 मई को अम्बेडकरनगर के प्रवास पर रहेंगे तथा अम्बेडकरनगर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी बुधवार 22 मई को भदोही के प्रवास पर रहेंगे तथा भदोही में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप बुधवार 22 मई को संतकबीरनगर के प्रवास पर रहेंगे तथा संतकबीरनगर में जनसम्पर्क करेंगे।